■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 36, अंक : 1
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
28 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1970:** आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का औपचारिक तौर पर विभाजन।

**1996:** चेचेन्या को अधिकतम स्वायत्तता देने पर रूस सहमत।

**1998:** पकिस्तान ने पांच भूमिगत परमाणु परिक्षण किये।

**2002:** नेपाल में आपातकाल लगा।

**2008:** नेपाल में 240 सालों से चली आ रही राजशाही का अंत।

**आप दूसरों को तब तक खुश नहीं कर सकते जब तक आप खुद खुश नहीं हो।**

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में धनबाद निवासी व्यक्ति की मौत

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** आरा-बक्सर फोरलेन पर डुमरांव थाना क्षेत्र के प्रतापसागर चट्टी के पास एक पिकअप वाहन ने व्यक्ति को कुचल दिया। हादसे में धनबाद के भूली मोड़ नई मटकुरिया निवासी जगमोहन सिंह की मौत हो गई। बताया जाता है कि जगमोहन सिंह अपने पैतृक गांव बक्सर जिले के चिलहरी से डुमरांव बाजार खरीदारी के लिए जा रहे थे। प्रतापसागर चट्टी के पास फोरलेन पार करते समय बक्सर की ओर से आ रही पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। डुमरांव पुलिस ने घायल को नया भोजपुर के मैथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बिजली मिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के गीधा थाना अंतर्गत खेसरहिया गांव में मंगलवार को आम तोड़ने पर बिजली मिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। परिजन के अनुसार लाठी-डंडे और लात-घुसे से बुरी तरह से मारा गया है। मृतक के चचेरे भाई मो. शाकिर अली ने बताया कि मंगलवार की सुबह मेरा चचेरा भाई मो. कैसर अली बगीचे में आम तोड़ रहे थे तभी अनवर अली अपने बेटों और भाई के साथ लाठी-डंडा लेकर पहुंचा। इसके बाद मो. कैसर अली को इतना पीटा कि मेरा चचेरा भाई अधमरा हो गया। आरा सदर अस्पताल में भाई को भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन टनल तथा पटना संग्रहालय के उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य का किया निरीक्षण

# टनल निर्माण कार्य पूर्ण होने से बढ़ेगी पर्यटकों की संख्या : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार तथा पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के पास टनल निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टनल निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण करें, जिससे



बिहार और पटना संग्रहालय के दर्शक आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर प्रदर्शों का अवलोकन कर सकें। उन्होंने कहा कि टनल का बेहतर ढंग से निर्माण कराएं ताकि इलेक्ट्रिक वाहन के साथ-साथ पैदल पर्यटक आसानी से पटना और बिहार संग्रहालय आवागमन कर सकें। बिहार संग्रहालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है। पटना और बिहार संग्रहालय में बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं। पटना संग्रहालय का विस्तारीकरण और उन्नयन कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। पटना और बिहार संग्रहालय के बीच टनल निर्माण कार्य पूर्ण (शेष पृष्ठ 10 पर)

# लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत मिला पद्म विभूषण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-दो में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किए हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिए जाते हैं। इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। वहीं कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बिबेक देबरॉय को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। वहीं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है। डॉ. शोभना चंद्रकुमार को कला-लोक नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण सम्मान मिला। वहीं साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति से पद्म भूषण सम्मान मिला।

# सासाराम सदर और जयनगर के अंचल अधिकारी हटाये गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोहतास जिले के सासाराम सदर एवं मधुबनी के जयनगर के अंचल अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। सासाराम सदर के अंचल अधिकारी सुधीर कुमार ओंकारा और जयनगर की अंचल अधिकारी कुमारी सुजाता को पटना मुख्यालय में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। दोनों जिलों के जिला समाहर्त्ता को दोनों अधिकारियों की जगह दूसरे अधिकारी की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया गया है। जयनगर के अंचल निरीक्षक की 3 लाख रुपये रिश्वत लेते एवं सासाराम सदर अंचल के डाटा इंट्री ऑपरेटर की 1.10 लाख रुपये घूस लेते हुई गिरफ्तारी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने गंभीरता से लिया है। जमीन के दाखिल-खारिज के मामलों को लेकर मधुबनी-सासाराम में कर्मियों द्वारा की गई सौदेबाजी के बाद हुई गिरफ्तारी के उपरांत दोनों जगह के अंचल अधिकारी पर गाज गिरी है।

# पीएम मोदी का पटना में होगा भव्य रोड शो : भाजपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धुआंधार बिहार दौरा शुरू हो चुका है। पीएम मोदी इस चुनावी साल में पांचवीं बार 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। पीएम मोदी के इस दौरे से पहले ही उनका एक और बिहार दौरा तय हो गया है। प्रधानमंत्री जून में फिर बिहार आयेंगे।। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि पीएम मोदी एकबार फिर 20 जून को बिहार आएंगे। भाजपा कार्यालय



में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे की जानकारी देते हुए दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह लगातार दौरा इस बात का संकेत है कि बिहार भाजपा और प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 29 मई को शाम 5 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां वे नए टर्मिनल का उद्घाटन और बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद मोदी शेखपुरा मोड़ से इनकम टैक्स गोलंबर होते हुए भाजपा कार्यालय तक एक भव्य रोड शो में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि पटना की सड़कों पर 32 स्थानों पर विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों और एनजीओ द्वारा स्वागत मंच बनाए जाएंगे, जहां आम जनता प्रधानमंत्री का अभिनंदन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है और लाखों की संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए तैयार हैं। दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री (शेष पृष्ठ 10 पर)

# नीतीश सरकार ने रेलवे बोर्ड को भेजा छह अहम प्रस्ताव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए नीतीश सरकार ने रेलवे बोर्ड को छह अहम प्रस्ताव भेजे हैं। ये प्रस्ताव शहरों के विकास, यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी और बढ़ती आबादी की मांगों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इन छह प्रस्तावों में बौद्ध सर्किट रेल कॉरिडोर से लेकर नए रेल पुल, दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार उपनगरीय परिवहन नेटवर्क जैसी कई अहम परियोजनाएं शामिल हैं। राज्य के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने इस संबंध में एक पत्र रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को भेजा है। इस विशेष पत्र में उन्होंने बिहार में रेल परिवहन का जिक्र करते हुए लिखा है कि रेल परिवहन न केवल यात्रियों एवं वस्तुओं के परिवहन का एक सुविधाजनक माध्यम है बल्कि यह किसी भी राज्य विशेषकर बिहार जैसे राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बिहार के जनसंख्या घनत्व की भी चर्चा की है और बताया है कि साल 2024 में बिहार का जनसंख्या घनत्व 1388 प्रति वर्ग किलोमीटर है, जो राष्ट्रीय औसत से 289.5 प्रतिशत अधिक है जबकि राज्य में प्रति लाख जनसंख्या पर रेलवे ट्रैक (किमी) की उपलब्धता 5.31 है जबकि राष्ट्रीय औसत 9.81 है। उन्होंने बिहार के विकास को लेकर इन प्रस्तावों पर विचार आवश्यक बताया है ताकि प्रदेश को राष्ट्रीय मानक पर लाया जा सके। मुख्य सचिव मीणा ने बुद्ध सर्किट रेल कॉरिडोर की विशेष चर्चा की है। उन्होंने लिखा है कि पटना-गया-तिलैया-राजगीर- फतुहा (बख्तियारपुर-तिलैया दोहरीकरण की स्वीकृति) रेल मार्ग पर एक सर्कुलर ट्रेन सेवा शुरू की जा सकती है। इससे बोधगया और राजगीर आने-जाने वाले यात्रियों को सहूलियत होगी। इससे पटना, जहानाबाद, गया, नवादा और नालंदा जिलों के निवासियों को लाभ मिलेगा। यह बजट भाषण 2025 (पूर्वोदय) के विजन स्टेटमेंट को आगे बढ़ाएगी। इसके साथ ही उन्होंने दक्षिण बिहार उपनगरीय परिवहन नेटवर्क की मजबूती पर भी जोर दिया है और बक्सर, भोजपुर, रोहतास, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, भागलपुर, जमुई तथा बांका जिलों को राजधानी पटना से बेहतर तरीके से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने मुंबई की तरह लोकल ट्रेन सेवा चलाने के संबंध (शेष पृष्ठ 10 पर)





### मशरख इंस्पेक्टर निलंबित

**छपरा (नबिटा ब्यूरो)।** सारण क्षेत्र के डीआइजी ने एसएसपी की अनुशंसा पर मशरख इंस्पेक्टर अशोक सिंह को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई एक व्यक्ति की शिकायत पर की गई। इंस्पेक्टर पर कर्तव्य में लापरवाही और अनुसंधान को प्रभावित करने के आरोप थे। सारण के एसएसपी कुमार आशीष ने बताया कि अशोक सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। शिकायतकर्ता कृष्णा सिंह ने तरैया थाना कांड संख्या 32/25 और 42/25 में आरोप लगाया था। उनका कहना था कि इंस्पेक्टर ने मामले की जांच को गलत तरीके से प्रभावित किया।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना अंतर्गत जेम्स हॉस्पिटल के समीप सोमवार देर रात भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान औरंगाबाद जिले के रेरिया गांव निवासी मनीष यादव और रोहतास के राजपुर थाना अतर्गत दयालगंज गांव निवासी सुमित यादव के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी। आमने-सामने की जोरदार टक्कर में बाइक सवार दोनों युवक घटनास्थल पर ही दम तोड़ बैठे। बताया जा रहा है कि दोनों मृतक आपस में साढ़ू थे और अपने ससुराल से डिहरी ऑन-सोन लौट रहे थे। सूचना मिलते ही इंद्रपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज घटना की जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा विधायक को दो साल की सजा, एक लाख जुर्माना

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले की सांसद-विधायक कोर्ट ने मंगलवार को भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव को दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उनके ऊपर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह सजा भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (जान से मारने की धमकी) के तहत दी गई है।



# विस चुनाव में जुटा प्रशासन, 8 से 23 जून तक एफएलसी

## डीएम के साथ राजनीतिक पार्टियों की बैठक में दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



भभुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सावन कुमार ने मंगलवार को इवीएम व वीवीपैट के एफएलसी के लिए सभी राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त पार्टी के साथ बैठक की जिसमें सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि एफएलसी के लिए आठ से 23 जून तक समय निर्धारित किया गया है जिसमें बीयू, सीयू व वीवीवैट का एफएलसी कराया जाएगा जिसके लिए इसीआइएल हैदराबाद के नौ अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। एफएलसी का कार्य नौ बजे पूर्वाहन से सात बजे अपराह्न तक चलेगा। एफएलसी का वेबकास्टिंग कराया जाना है जिससे भारत निर्वाचन आयोग तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी मॉनिटरिंग किया जाएगा। पर्यवेक्षक के रूप में मो. उमेर, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी को नामित किया गया है। नोडल पदाधिकारी गौरव सिंह, वरीय उप समाहर्ता व निदेशक डीआरडीए को प्रतिनियुक्त किया गया है। एफएलसी हॉल में प्रवेश के लिए आईडी कार्ड जरूरी है। बैठक में विधानसभा चुनाव संबंधित कई जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी के अलावे जिले के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के दौरे से पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मई को प्रस्तावित जनसभा को लेकर बिक्रमगंज के दुर्गाडीह में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इसी क्रम में सोमवार को बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने हेलीपैड निर्माण, मंच व्यवस्था, जनसभा स्थल, सुरक्षा बैरिकेडिंग तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जेड -प्लस स्तर की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने का निर्देश भी दिया। निरीक्षण के समय राज्य एवं जिला प्रशासन के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ एक संक्षिप्त बैठक कर व्यवस्थाओं की प्रगति पर संतोष जताया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान किसी प्रकार की चूक न हो। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी इस मौके पर करीब 48 हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें अधोसंरचना, ऊर्जा, सड़क, जल प्रबंधन और सामाजिक कल्याण से जुड़ी कई अहम परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर स्थानीय प्रशासन और राजनीतिक दलों में उत्साह का माहौल है। पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जा रहा है, वहीं आमजन में भी प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। बिक्रमगंज की यह ऐतिहासिक सभा न केवल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण होगी, बल्कि इससे जुड़ी परियोजनाओं के माध्यम से आगामी वर्षों में इलाके के समग्र विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

# सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने भभुआ में की सहकारी बैंक की समीक्षा बैठक

## पारदर्शिता और किसान हित को बताया प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को सासाराम-भभुआ सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की भभुआ शाखा में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे सहित जिला सहकारी बैंक के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में बैंक की वर्तमान वित्तीय स्थिति, कृषि ऋण वितरण, ऋण वसूली प्रक्रिया, और किसानों को मिलने वाली सहकारी सेवाओं की व्यापक समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों से ऋण वितरण में सरलीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि सहकारी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और किसान हितैषी बनाया जाए। सहकारिता किसानों की आर्थिक रीढ़ है और इसे मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ऋण वसूली की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के साथ-साथ किसानों को समय पर क्रेडिट सहायता उपलब्ध कराने के लिए बैंकिंग तंत्र को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल माध्यमों से बैंकिंग सेवाओं के विस्तार और किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की योजना पर भी विचार किया गया। सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय स्तर पर किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए और बैंकिंग सेवाओं में समयबद्धता और व्यवहारिकता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सहकारी संस्थाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। इस बैठक के माध्यम से राज्य सरकार की सहकारिता क्षेत्र को सशक्त और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता एक बार फिर स्पष्ट हुई।

# द डिवाइन पब्लिक स्कूल के सचिव अखिलेश कुमार हुए सम्मानित

## अनाथ छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा दिलाना लक्ष्य : अखिलेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** दिल्ली के डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर जनपथ में आयोजित समारोह में वैश्विक मंच पर गूंजा डिवाइन पब्लिक स्कूल का नाम। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में द डिवाइन पब्लिक स्कूल बिक्रमगंज के सचिव अखिलेश कुमार को 'बेस्ट इंटरनेशनल सेक्रेटरी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह समारोह दिल्ली के प्रतिष्ठित डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, जनपथ आयोजित यह समारोह में 72 देशों, 4000 शहरों और 96,499 से अधिक स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस आयोजन में द डिवाइन पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र पंकज केशरी और आदित्य कुमार को भी उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के सचिव अखिलेश कुमार ने अब तक 61 अनाथ छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई है। उनका यह कार्य न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि मानवीय सेवा के रूप में भी अद्वितीय है। अखिलेश कुमार ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि आज का दिन मेरे जीवन का एक अविस्मरणीय क्षण बना। डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में मुझे 'बेस्ट इंटरनेशनल सेक्रेटरी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि डिवाइन पब्लिक स्कूल परिवार और उन सभी संघर्षशील बच्चों का है जो सीमित संसाधनों के बावजूद असीमित सपने देखते हैं। इस समारोह में 72 देशों, 4000 शहरों और 96,000 से अधिक स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा जस्टिस जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी (सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया), जस्टिस विजय कुमार शुक्ला (मध्यप्रदेश हाईकोर्ट), प्रो. बालाजी रामकृष्णन (निदेशक, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशन, इस समारोह में 72 देशों, 4000 शहरों और 96,000 से अधिक स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा जस्टिस जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी (सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया), जस्टिस विजय कुमार शुक्ला (मध्यप्रदेश हाईकोर्ट), प्रो. बालाजी रामकृष्णन (निदेशक, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी), महाबीर सिंह (संस्थापक निदेशक, एसओएफ) और प्रो. सतीश आर्य (वरिष्ठ शिक्षाविद्) जैसे विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति से और भी बढ़ गई। उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत गर्व है कि हमारे दो मेधावी छात्र-पंकज केशरी (इंटरनेशनल रैंक 1) और आदित्य कुमार (इंटरनेशनल रैंक 3) को भी इस वैश्विक मंच पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पंकज की सफलता वास्तव में प्रेरणादायक है। माता-पिता के बिना, छात्रावास में रहकर कठिन परिश्रम करते हुए उन्होंने यह उपलब्धि और पंकज की सफलता वास्तव में प्रेरणादायक है। माता-पिता के बिना, छात्रावास में रहकर कठिन परिश्रम करते हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। वहीं आदित्य की सफलता उनके माता-पिता के लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण रहा। साथ ही मुझे यह भी सौभाग्य प्राप्त हुआ कि मैंने अपनी पुस्तक 'आपकी जिद्द, आपकी जीत' इस आयोजन में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों को भेंट की।

# डिहरीयंश ने प्रधानमंत्री से डिहरी को जिला घोषित करने की मांग की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरीयंश के संस्थापक चन्दन कुमार ने बताया कि डिहरी को जिला बनाने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टीम डिहरीयंस के द्वारा 8 मार्च 2024 को पत्र लिखा था जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सामान्य प्रशासन को अग्रेषित किया गया था। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित सामान्य प्रशासन विभाग के सभी अधिकारियों को डिहरी जिला की मांग से अवगत कराया गया था। आश्वासन भी मिला था कि अगर बिहार में अगर कोई नया जिला बनेगा तब डिहरी का नाम सबसे पहले होगा। डिहरी क्षेत्रफल के दृष्टि से 11वां और जनसंख्या के दृष्टि से 18 वां सबसे बड़ा शहर है। डिहरी आज भी बिहार के 21 जिला मुख्यालयों से बड़ा शहर है एवं एकलौता शहर है जो कि जिला मुख्यालय नहीं है। डिहरी आयोजन क्षेत्र की जनसंख्या 2011 में 3,45179 था। 1972 में पुलिस अधीक्षक का मुख्यालय स्थापित किया गया। आज 53 वर्षों से रोहतास जिला का पुलिस मुख्यालय डिहरी है जबकि डिहरी से छोटे-छोटे जगहों को कई वर्षों पहले ही जिला का दर्जा दिया जा चुका है। डिहरी जिला मुख्यालय बनने के सभी मापदंडों को पूरा करता है जबकि डिहरी में पहले से ही अनेक जिला और प्रमंडल स्तरीय कार्यालय मौजूद है जैसे कि डीआईजी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, बीएमपी-2, श्रम विभाग, सिंचाई विभाग, महिला थाना, हरिजन थाना, सीआईडी कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय, पथ निर्माण विभाग एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय अवस्थित है। डिहरी पहले से ही विकसित शहर रहा है। डिहरी को जिला मुख्यालय बनाने में ज्यादा संसाधन की आवश्यकता भी नहीं है। जिला डिहरी के अंतर्गत 8 प्रखंडों को चयनित किया गया है जो कि एक दूसरे से सामाजिक और व्यापारिक रूप से जुड़े हुए हैं जिसमें नौहट्टा, रोहतास, तिलौथू, डिहरी, अकोढ़ीगोला, राजपुर, नासरीगंज और काराकाट प्रखंडों को शामिल किया गया है।

# नाबालिग लड़की के अपहरण के अलग-अलग मामले में दो धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से दो नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ के बाद मंगलवार को जेल भेज दिया। धराए आरोपियों में लक्ष्मण कुमार पिता संजय चौधरी ग्राम सोहपुर, थाना मुफस्सिल जिला गया व विकास राम पिता शिवशंकर राम ग्राम मुंजिया थाना कुदरा जिला कैमूर शामिल हैं। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामले में परिजनों ने कुदरा थाना में लड़की के अपहरण करने की प्रथामिकी दर्ज कराई है।

# 30 मई को प्रधानमंत्री रोहतास को देंगे बड़ी सौगात : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने मंगलवार को कैनाल रोड स्थित इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब डिहरी में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि आगामी 30 मई को हमारे प्रधानमंत्री रोहतास को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि बंद रोहतास पुंज जिसे रेलवे ने अधिकृत कर लिया है। रेल कारखाना लगाने का आग्रह प्रधानमंत्री से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरा के रमना मैदान में आगामी 8 जून को 9 संकल्प महासभा शाहाबाद की धरती से एक संकल्प यात्रा बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट में रोहतास जिले से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचकर हमारे नेता लोजपा रा के सुप्रीमों चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करेंगे। ताकि महिलाओं, युवाओं को साथ लेकर चलने का विजन मजबूत बने। लोजपा के जिलाध्यक्ष कमलेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री के बिक्रमगंज कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव सोनू सिंह के अलावा प्रदेश महासचिव रणजीत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सोनम सिंह, नगर अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, किरण सिंह आदि उपस्थित थे।

# नारायण वर्ल्ड स्कूल के बोर्ड टॉपर्स को विद्यालय प्रबंधन ने किया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उतकृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्रों को नारायण वर्ल्ड स्कूल प्रबंधन द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया गया। अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य प्राप्ति की दृढ़ता ने इस परिणाम ने परीक्षार्थियों के शैक्षणिक भविष्य की रुपरेखा को उच्च शिक्षा के नए क्षितिज पर स्थापित कर दिया है। गौरतलब है कि नारायण वर्ल्ड स्कूल के मेधार्थियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय तथा अपने माता-पिता को गर्व से भर दिया है। शत प्रतिशत उत्तीर्णता के मानक के साथ विद्यालय के 27 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 81 प्रतिशत विद्यार्थियों ने वैशिष्ट्य सीमा से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। विद्यालय की कामर्स संकाय की टॉपर, प्रीति कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया वहीं दसवीं कक्षा से साहिल कुमार ने 96 प्रतिशत अंक के साथ जिले में अपना विशेष स्थान दर्ज किया। नारायण वर्ल्ड स्कूल प्रबंधन प्रति वर्ष बोर्ड टॉपर्स को उनके विशेष प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करती है जिसमें दस हजार से लेकर पांच हजार तक की नगद राशि का पुरस्कार भी दिया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के सचिव, गोविंद नारायण सिंह ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें आधुनिक शिक्षा क्षेत्र में उनके दक्षता प्रयोग को अग्रसर करने का सुझाव दिया। विद्यालय की निदेशक मोनिका सिंह ने विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए उनका विद्यालय देश के कर्णधारों के प्रतिभा उन्नयन में कोई प्रयास अछूता नहीं रहने देगा। देवमंगल सभागार में आयोजित इस पुरस्कार सह सम्मान समारोह - 'शैल संजीवनी' में सैकड़ों विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

# काम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर टेन प्लस टू हाई स्कूल बसहीं में आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** शिक्षा विभाग व बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित मशाल कार्यक्रम के तहत सीआरसी स्तर पर आयोजित मशाल प्रतियोगिता में दफल बच्चों को मंगलवार को पुरस्कृत किया गया जिसमें अव्वल स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रखंड के काम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर टेन प्लस टू हाई स्कूल बसही के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में हेडमास्टर सह संचालक विनय कुमार चौबे ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि सभी सफल प्रतिभागियों को प्रखंड स्तरीय मशाल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता अंडर 14 एवं अंडर 16 के बालक व बालिका वर्ग के प्रतिभागियों के बीच कराई गई थी। प्रतियोगिता में फुटबॉल, क्रिकेट बॉल्स थ्रो साइकिलिंग, कबड्डी, लंबी कूद, 60 मीटर, 600 मी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स इत्यादि स्पर्धाएं शामिल थीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सिसवार हाई स्कूल के हेडमास्टर रविंद्र पांडेय थे। संचालन संगीत शिक्षक अंकित कुमार ने किया। मौके पर मिडिल स्कूल बसावन के हेडमास्टर दीनदयाल तिवारी, मिडिल स्कूल सिसवार के हेडमास्टर राजेश कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिंह, मान अहमद, संजय कुमार सिंह, रविशंकर सिंह, रुखसाना बानो, धर्मेंद्र उपाध्याय, सोनू कुमार, मोहम्मद फैयाज अंसारी, वाशिल अहमद, रंजीत कुमार तिवारी, जितेंद्र कुमार गुप्ता, अशफाक अहमद ,जावेद अख्तर, संदीप कुमार समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

# आगामी कार्यक्रमों को ले अ.क.स ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर रविवार की संध्या एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर 5 जून को वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वही पूर्व नियोजित विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 14 जून को डालमियानगर मॉडल स्कूल के समीप हैप्पी हाउस में रक्तदान शिविर भी आयोजन किया जाएगा जिसमें युवाओं को और रक्त वीरों को रक्तदान शिविर और रक्तदान के महत्व को प्रचारित प्रसार किया जाएगा। जुलाई के महीने में ऑल इंडिया डांस कंपटीशन एवं नाट्य महोत्सव का भी आयोजन कराया जाएगा। बैठक के अंत में दिसंबर में होने वाले अखिल भारतीय ड्रामा कंपटीशन एवं सांस्कृतिक आयोजनों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने व संचालन संस्था के संस्थापक सदस्य जीवन प्रकाश गुप्ता ने किया। बैठक में सभी सदस्यों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा। बैठक में उपस्थित सदस्य एवं पदाधिकारी में संस्थापक सदस्य जीवन प्रकाश गुप्ता, कोलकाता से चलकर आए वरिष्ठ कर्मी एवं संयोजक मृणाल गुप्ता, अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश राज, विजय चौरसिया, प्रेम प्रकाश उर्फ पी पी, सुनील कुमार उर्फ पिंटू, अजय सिन्हा, भोला कुमार, राजेश चंद्रवंशी, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

# ग्यारह हजार शंख नाद के साथ महायज्ञ की हुई पूर्णाहूति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के बसीनी गांव में सोमवार को श्री लक्ष्मी नारायण साप्ताहिक महायज्ञ में भारत देश के कोने-कोने से आए हुए धर्म विशेषज्ञों द्वारा धर्म सम्मेलन में धर्म के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए ग्यारह हजार शंख नाद एक साथ किया गया। धर्म सम्मेलन की अध्यक्षता श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी व संचालन डॉ पुंडरीक शास्त्री व शिवपूजन शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, वृंदावन, प्रयागराज, हरिद्वार एवं रामेश्वरम के विद्वानों द्वारा धर्म के बारे में जानकारी दी गई। विद्वानों द्वारा प्रस्तुत की गई विचारों पर गहराई से विचार करते हुए श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी द्वारा धर्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ है किसी भी व्यक्ति का आचरण, विचार और उसूल जो जीवन के लिए सही माना जाता है। यह नैतिक और आध्यात्मिक सिद्धांतों का एक समूह है जो समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने में मदद करता है, धर्म में, विश्वास, रीति रिवाज, परंपरा पूजा पद्धति और दर्शन शामिल हो सकते हैं।

# डीडीयू जंक्शन पर 'प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो' विषय पर सेमिनार आयोजित

## स्टेशनों पर इको-फ्रेंडली वस्तुओं के प्रयोग को किया गया प्रोत्साहित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल में आने वाले विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के उपलक्ष्य में चल रहे पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत 27 मई को डीडीयू जंक्शन पर प्लास्टिक का प्रयोग न करने को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल के पर्यावरण एवं गृह प्रबंधन विभाग तथा मेडिकल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। सेमिनार के माध्यम से मौजूद रेलकर्मियों एवं यात्रियों को प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले प्रदूषण और स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। 'प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो' के मंत्र के साथ प्लास्टिक उपयोग कम करके पर्यावरणीय संतुलन के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य की रक्षा भी संभव है। यह संगोष्ठी अभियान के दूसरे चरण का हिस्सा रही जिसकी शुरुआत 25 मई को हुई थी और जो आज संपन्न हुआ। पूरा अभियान 22 मई से प्रारंभ होकर 5 जून तक विभिन्न चरणों में जारी रहेगा। इस दौर के अभियान के अंतर्गत मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों और कर्मियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियां चलाई गईं। स्टेशनों पर डस्टबिन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई और गीले और सूखे कचरे के अनुसार इनके सही उपयोग हेतु यात्रियों एवं कर्मियों को जागरूक किया गया। आईआरसीटीसी के साथ मिलकर यात्रियों में इको-फ्रेंडली, बायोडिग्रेडेबल कटलरी के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। खानपान इकाइयों पर प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल कटलरी (कटोरी, चम्मच, प्लेट आदि) के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया।


**जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा**

सूचना संख्या– 299
दिनांक– 21.05.2025

**ऑटो चालकों / मालिकों के लिए आवश्यक सूचना।**

अक्सर देखा जा रहा है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत संचालित ऑटो में दाहिने तरफ रड नहीं लगा रहता है तथा ऑटो चालकों द्वारा सवारी बैठाने के लिए बीच सडक पर यत्र–तत्र ऑटो को रोक दिया जाता है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

अतः गढ़वा जिला अन्तर्गत संचालित सभी प्रकार के ऑटो के चालकों / मालिकों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर अपने ऑटो रिक्सा में दाहिने तरफ अनिवार्य रूप से रड लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा अपने ऑटो को निर्धारित ठहराव (स्थान) पर ही रोककर सवारी बैठायेंगे।

सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के बाद सघन वाहन जॉच अभियान चलाकर ऑटो की जॉच की जाएगी और सूचना में अंकित आदेशों का पालन नही किये जाने की स्थिति में आपके विरूद्व मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओ के तहत कार्रवाई की जाएगी।

ह0 / –
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 353632 (Transport) 25-26 (D)


# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने लिया मोरारी बापू का आशीर्वाद, रामकथा में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। नालंदा में मोरारी बापू द्वारा आयोजित मानस नालंदा रामकथा में सोमवार को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भाग लिया। राजगीर कन्वेंशन सेंटर में चल रही कथा के चतुर्थ संवाद में शामिल होकर उन्होंने बापू से आशीर्वाद लिया और गूढ़ आध्यात्मिक प्रवचनों को श्रवण किया। राज्यपाल के आगमन पर आयोजन समिति और कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

कथा की शुरुआत करते हुए मोरारी बापू ने श्रीरामचरितमानस के दो विशेष चोपाइयों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा का भावपूर्ण विवेचन किया। उन्होंने कहा कि पहली चोपाई में वशिष्ठजी की 'यूनिवर्सिटी' और दूसरी में विश्वामित्रजी की शिक्षा व्यवस्था का संकेत मिलता है।

बापू ने कहा, वशिष्ठजी के गुरुकुल का स्वभाव यह था कि गुरु को देखकर ही सारी विद्याएं शिष्य में समाहित हो जाती थीं। गुरु अपने आपको शिष्य में पूरी तरह उंडेल देता है, बशर्ते शिष्य में चार गुण हों—आर्त भाव, अर्थार्थिता, जिज्ञासा और समर्पण। उन्होंने कहा कि भगवान राम जब वशिष्ठजी




के आश्रम में गए, तब वे आर्त, अर्थार्थी और जिज्ञासु थे। इसीलिए वशिष्ठजी की संपूर्ण विद्या उनमें स्वतः ही समा गई। बापू ने गुरु-शिष्य संबंध को अद्वैत की अनुभूति बताते हुए कहा कि जब जिज्ञासा प्रबल होती है, तो द्वैत मिट जाता है और ज्ञान का अद्वैत प्रकट होता है। उन्होंने श्रीरामचरितमानस और रामायण में प्रयुक्त कांड और सोपान शब्दों का अंतर भी व्याख्यायित किया। बापू ने कहा, वाल्मीकि रामायण में 'कांड' शब्द आता है, जो मनुष्य से जुड़ा होता है, जबकि तुलसीदासजी की मानस में 'सोपान' शब्द का प्रयोग हुआ है, क्योंकि वह ईश्वर तक पहुंचने की सीढ़ी है। यह भाष्य नहीं, गुरु-कृपा है।

उन्होंने शिष्य के तीन नेत्र की संकल्पना भी प्रस्तुत की—नीज (स्वभाव), अज (अजन्मा विश्वास), और सहज (स्वाभाविकता)—जो शिव से जुड़े हैं और जिससे आध्यात्मिक दृष्टि प्राप्त होती है।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कथा सुनने के उपरांत मोरारी बापू से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कथा के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और धर्म के समन्वय को अद्भुत बताया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और जागरूक करने का कार्य करते हैं।

मानस नालंदा कथा का यह आयोजन भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और शिक्षा के समन्वय का प्रतीक बनकर उभरा है, जहां देशभर से श्रद्धालु आकर मोरारी बापू के प्रवचनों से लाभान्वित हो रहे हैं।

# कुलपति ने किया प्रथम विवरणिका का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर में मंगलवार को कुलपति शिशिर सिन्हा द्वारा विश्वविद्यालय की प्रथम विवरणिका 2025-26 का लोकार्पण किया गया। इस विवरणिका के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं एवं छात्र सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है। विदित हो कि जुलाई 2025 से प्रारम्भ होने वाले अकादमिक सत्र के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा दो पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना है। खेल प्रशिक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा -20 सीट (एथलेटिक्स), खेल प्रशिक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा -20 सीट (क्रिकेट) बिहार सरकार के नियमानुसार नामांकन में आरक्षण देय होगा। प्रवेश के लिए मेरिट सूची अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंक और खेल उपलब्धियों के आधार पर तैयार की जाएगी।जिसका अनुपात विश्वविद्यालय की नामांकन कमेटी द्वारा तय किया जाएगा।




पंजीकरण प्रारंभ एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना 28 मई, ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून, शारीरिक फिटनेस परीक्षण के लिए इंटीमेशन स्लिप जारी करना-03 जुलाई शारीरिक फिटनेस और खेल दक्षता परीक्षण-10-11 जुलाई, परिणाम घोषणा और प्रथम चयन सूची का प्रकाशन-17 जुलाई, बीएसयूआर में दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल फिटनेस टेस्ट के लिए उपस्थित होने की तिथि-24 जुलाई नामांकन और शुल्क भुगतान की तिथि-26-27 जुलाई, बिहार खेल विश्वविद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम-28 जुलाई, नियमित कक्षाओं का प्रारंभरू-28 जुलाई, द्वितीय चयन सूची का प्रकाशन-29 जुलाई निर्धारित की गई। इस अवसर पर रजनी कंात कुलसचिवय निशिकांत तिवारी परीक्षा नियंत्रक-सह-डीनय मुकेश सम्राट वित्त पदाधिकारी डॉ. रवि कुमार सिंहय चंदन कुमार, रौशन कुमार एवं अजीत कुमार, परामर्शीय ब्रजेश कुमार पाण्डेयय यशराज, प्रशाखा पदाधिकारी तथा विश्वविद्यालय के कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने महिला को पीट-पीट कर मार डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भागनबिगहा ओपी क्षेत्र के पतासंग गांव में रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद ने रूप ले लिया। जहां पड़ोसियों के बीच रुपए लेन देन के विवाद को महिला सुलझाने गई थी। जहां पिछले 23 मई को गांव के ही कुछ दबंगों ने मन्नू राम की पत्नी ज्ञानती देवी के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 112 की पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया। चार दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद आखिरकार ज्ञानती देवी ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मंगलवार को सुबह 11 बजे शव गांव लाए जाने के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। सूचना मिलते ही सदर डीएसपी 2 संजय जायसवाल, सर्कल इंस्पेक्टर रामाशंकर मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा। डीएसपी संजय जायसवाल ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने पड़ोसियों के बीच विवाद की बात कही है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के सोयवा पुल पर मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान अस्थावां बाजार निवासी राजेश पासवान के पुत्र बंटी कुमार के रूप में की गई है। हादसे के बाद युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक किसी काम से बिहारशरीफ गया था और वापस लौटते समय सोयवा पुल के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए बिहार शरीफ अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से गंभीर हालत में रेफर किया गया था। थानाध्यक्ष लालमुनि ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। जल्द ही दोषी वाहन चालक को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# होटल में गैस सिलेंडर फटने से लगी आग, बड़ी दुर्घटना टली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के साईं बाजार स्थित एक होटल में मंगलवार की दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई जब खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में दुकान धुएं और लपटों से भर गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, होटल में उस वक्त मटन और मछली पकाई जा रही थी। इसी दौरान गैस सिलेंडर में लीकेज होने लगी और अचानक आग की लपटें उठने लगीं। सिलेंडर में आग लगते ही दुकानदार और आसपास के लोग जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए। हालांकि, स्थानीय लोगों और दुकानदारों की सतर्कता से बड़ी दुर्घटना टल गई। समय रहते सभी लोग बाहर निकल आए, जिससे कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई।

# रोजगार कैम्प का आयोजन 31 मई को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया है कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 31 मई 2025 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.) नवादा के प्रांगण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार कैम्प में रिशव ऑटोमोबाइल प्रा. लि., नवादा द्वारा फील्ड सेल्स के 15 पदों पर पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण होनी चाहिए। साथ ही




बाइक एवं ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को 11,500 प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त इंसेंटिव की भी सुविधा उपलब्ध होगी। पात्रता के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। कार्यस्थल नवादा रहेगा। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों, पहचान पत्र (आईडी कार्ड) की छायाप्रति, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु उक्त तिथि को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई.), नवादा के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।रोजगार कैम्प का समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित है। केवल वही आवेदक इस रोजगार कैम्प में भाग ले सकेंगे जो एन.सी.एस. पोर्टल पर पंजीकृत हैं। जो आवेदक पंजीकृत नहीं हैं, वे स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में पंजीकरण कराकर भाग ले सकते हैं।

# बिहारशरीफ में आज से उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ में आज से आध्यात्मिक माहौल अपने चरम पर रहेगा, जहां श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिलेगा। वृन्दावन धाम से पधारे पूज्य श्याम शुभम जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के शुभारंभ से पूर्व आज सुबह एक विशाल कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपने धर्म और संस्कृति के प्रति अटूट आस्था का परिचय दिया। यह कलश यात्रा धनेश्वरघाट तालाब से आरंभ होकर



नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई कथा स्थल तक पहुंची। इस शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लिए पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित हुईं। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े। पूरे मार्ग को धार्मिक झांकियों और बैनरों से सजाया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूज्य श्याम शुभम जी महाराज ने सनातन धर्म की महिमा का गुणगान किया और कहा कि सनातन धर्म सिर्फ एक धर्म नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है। हमें एकजुट रहकर, एकाग्रता, समता और पारिवारिक भाव से जीवन जीना चाहिए। जब हम धर्म और समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे, तभी सच्चे अर्थों में भगवत भक्ति का अनुभव कर सकेंगे। कथावाचक ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानवता को दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है। इस अवसर पर समाजसेवी अविनाश मुखिया और अरविन्द कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर उपस्थित होकर पूज्य श्याम शुभम जी महाराज के प्रवचनों को सुनें और जीवन में आत्मसात करें। इस मौके पर सिंटू सिंह, सुरेंद्र सिंह, पप्पू कुमार, उदय प्रसाद, विशेष चैधरी, श्रवण जी, साकेत रंजन, धनंजय उर्फ बुखार हो उमेश सिंह सनातनी लोग मौजूद रहे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा केवाली में पाक विज्ञान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के केवाली पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली में मंगलवार को समर कैंप के तहत पाक विज्ञान का आयोजन किया गया। पाक विज्ञान में बच्चों ने धमाल मचाते हुए विभिन्न तरह के व्यंजनों को बनाया तथा चखा। विद्यालय के वरीय शिक्षक सह पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। समर कैंप शारीरिक और मानसिक विकास के साथ आत्म विश्वास एवं रचनात्मकता का संचार करते हैं। पाक विज्ञान में बच्चों ने लिट्टी



चोखा,चाउमिन, गुजिया आदि व्यंजन बनाएं। मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा के प्रभारी प्रधानाध्यापक मीना कुमारी,उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली के सत्येन्द्र कुमार समेत विद्यालय के अन्य सहायक शिक्षक सुमन शेखर, सुमन पंड्या, खुशबू रानी, कुमारी सुषमालता, राकेश कुमार रौशन आदि मौजूद थे।

# सीएचसी नारदीगंज में इसीजी मशीन से जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में इसीजी मशीन की व्यवस्था मंगलवार से शुरु हो गया। यह मशीन लगने से हृदय रोग से ग्रसित मरीजों को इलाज में सुविधा उपलब्ध होगी। मरीजों को निःशुल्क जांच किया जाएगा। इस रोग के मरीजों को अब दूसरे जगहों पर जांच कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस केंद्र में ईसीजी मशीन नहीं रहने से चिकित्सक को भी इस रोग से ग्रसित मरीजों को स्वास्थ्य जांच व इलाज करने में परेशानी होती थी।अब उन्हें भी सहूलियत होगी। लोग कहते हैं कि जांच विशेषज्ञों के माध्यम से ह्रदय रोग के मरीजों का जांच के बाद 10 मिनट में



रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही गई है। कहा गया 40 वर्ष के बाद लोगों को हृदय का जांच अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार, नागेन्द्र कुमार, मुकुंद कुमार, सोना देवी अन्य लोगों को ईसीजी मशीन से जांच कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया।

# राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** संघ के आहवान पर कौआकोल अंचल कार्यालय में पदस्थापित सभी राजस्व कर्मचारी अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर सात मई से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी




हो रही है। मालूम हो कि राजस्व कर्मचारी के हड़ताल पर जाने से आमजनों को जाति प्रमाण पत्र, निवास सहित दाखिल खारिज आदि कामों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार, मिथुन कुमार मिठू, आदित्य कुमार नितेश कुमार मिश्र, दीपक कुमार, प्रकाश कुमार ने बताया कि सरकार जब तक हमलोगों के 17 सूत्री मांगों को मान नहीं लेती, तब तक हम कर्मचारियों का हड़ताल जारी रहेगी।

# 24 घंटे के अंदर 72 नामजद अभियुक्त गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 25 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में गिरफ्तारी/रिकॉल तीन, रंगदारी अपराध में एक, साइबर अपराध में दो, एनडीपीएस एक्ट में तीन, आर्म्स एक्ट में एक, मद्य निषेध में 13 एवं अन्य गिरफ्तारी 49 कुल 72 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 463.75 लीटर महुआ शराब एवं 5.25 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 231 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 89 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत कार तीन ट्रैक्टर, चार मोटरसाइकिल, एक कट्टा एवं तीन मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# बाल संसद के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के महुडर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुलियाटांड़ में मंगलवार को नये शैक्षणिक सत्र में बाल संसद के निर्वाचित हुए मंत्रिमंडल सदस्यों को समारोह आयोजित कर शपथ ग्रहण कराया गया। बाल संसद के मंत्रिमंडल के नये सदस्यों को प्रभारी प्रधानाध्यापक सतीश कुमार की देखरेख में बाल संसद के शिक्षक संयोजक हेमंत कुमार ने शपथ दिलाया। मौके पर बाल संसद के शिक्षक संयोजक हेमंत कुमार ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह बच्चों के भीतर लोकतांत्रिक सोच,सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व की भावना को जागृत करने वाली एक प्रेरणादायक पहल है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने कहा कि बच्चों को अपने जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए जिम्मेदार नागरिक



बनने का प्रयास करना चाहिए। बाल संसद जैसी गतिविधियां छात्रों में नेतृत्व कौशल, नैतिकता और दायित्वबोध को मजबूती देती हैं। वोटिंग के माध्यम से बाल संसद के प्रधानमंत्री के पद पर निर्वाचित आयुष कुमार, उप प्रधानमंत्री बनें विकास कुमार, शिक्षा मंत्री सुबोध कुमार, उप शिक्षा मंत्री प्रिया भारती, विज्ञान एवं पुस्तकालय मंत्री आर्यन कुमार, उप विज्ञान एवं पुस्तकालय मंत्री सोनम कुमारी, जल एवं कृषि मंत्री सूरज कुमार,उप जल एवं कृषि मंत्री प्रतिज्ञा भारती, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री सुमन कुमारी, उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री अर्पिता कुमारी, आपदा सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार, उप आपदा सुरक्षा मंत्री अंशु कुमारी, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री अर्जित कुमार, उप सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री के पद पर चयनित राधा कुमारी को शपथ दिलाया गया। मौके पर विद्यालय के सहायक शिक्षक रामवृक्ष दास, विभा कुमारी, चांदनी कुमारी, सरोज बाला, जेबा प्रवीण आदि मौजूद थे।

# वार्ड स्तर पर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड, शिविर अब 30 मई तक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** सरकार की महत्त्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर कौआकोल प्रखंड के सभी पंचायतों में वार्ड स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। सरकार के आदेशानुसार शिविर का आज अंतिम तिथि है। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखण्ड के सभी पंचायतों के जनवितरण दुकानों, वसुधा केंद्रों आदि स्थानों पर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है ताकि उन्हें निःशुल्क इलाज की सुविधा से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्ड की पात्रता रखने वाले लोग आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड और




मोबाइल नंबर के साथ शिविर में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। शिविर की सफलता को लेकर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल, मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री, एमओ राजीव कुमार, बीइओ सुशील कुमार समेत अन्य पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी भी जोर-शोर से लगे हैं।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए पंडित नेहरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 27 मई को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह की अध्यक्षता मे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वंत्रतता सेनानी भारत के विकासशील प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गयी। उनके चित्र पर माला अर्पित की गयी। जवाहर लाल नेहरू क़ो चाचा नेहरू जी के नाम से पुकारा जाता हैं क्योंकि उन्हें बच्चों से काफ़ी लगाव था। एक दिन बच्चे ने पंडित जवाहर लाल नेहरू जी से सफ़ेद हाथी देखने का इच्छा जाहिर किये तो फ़ौरन कुछ ही दिनों के बाद सफ़ेद हाथी मैसूर से आया था और बच्चे हाथी क़ो देखकर बहुत ख़ुश हुए थे। नेहरू जी भारत के विकास के लिए अनेको कार्य किये। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध,




काजू, नारियल, चाय, अदरक, हल्दी और काली मिर्च का उत्पादन की भारत मे अनेको फैक्ट्री लागए गए जिसमे सुई बनाने का फैक्ट्री भी शामिल हैं। इस अवसर पर जागेश्वर पासवान, रजनीकांत दीक्षित, मो एजाज अली मुन्ना कांग्रेस प्रवक्ता, मनीष कुमार अध्यक्ष इंटक सेल, मो गुड्डू अध्यक्ष अल्पसंख्यक सेल, अरुण कुमार महामंत्री, मो फकरू उद्दीन अली अहमद, गायत्री देवी पूर्व प्रत्याशी राजौली विधान सभा, अरविन्द कुमार वारसी, राकेश कुमार, अजित कुमार, मो फैयाज़ खान, मो अमीर रजा, गौतम कुमार अध्यक्ष मीडिया सेल, मनोज कुमार यादव मीडिया सेल, प्रवीण कुमार फुटुस, मनोज यादव, अमित कुमार इत्यादि लोग शामिल थे

### नगर आयुक्त ने की शहर के नाला-नाली की सफाई की समीक्षा

# कार्य के प्रति लापरवाही में 14 वार्डों के जमादारों का वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** नगर आयुक्त द्वारा शहर में नगर निगम द्वारा की जा रही नालों की सफाई की समीक्षा की गई। समीक्षा में स्वच्छता पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही वैसे वार्डों के जमादारों को बैठक में बुलाया गया था जिनकी नाला सफाई में प्रगति सबसे खराब है। एजेंसी के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे जिनको मानव बल उपलब्ध कराने हेतु चयन किया गया है।

स्वच्छता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कल दो घंटे के अवधि में काफी तेज वर्षा हुई। इसके बावजूद सभी मुख्य पथों एवं स्थानों से जल जमाव दो घंटे के अंदर हट गया। नगर आयुक्त द्वारा कहा गया कि तेज वर्षा के कारण ये स्वाभाविक है कि जल जमाव हो सकता है, परन्तु ये नगर निगम का दायित्व है कि कहीं भी बारिश के बाद जल जमाव की स्थिति बनी नहीं रहे एवं एक घंटे के अंदर सीवर एवं नालों से होते हुए पानी को निकासी हो जाए। इसको सुनिश्चित करने के लिए ये महत्वपूर्ण है कि नालों की सफाई अच्छे तरह से हो और जो क्रिटिकल पॉइंट्स है वहां पर अभियंताओं एवं स्वच्छता पदाधिकारी का दायित्व है कि स्वयं ध्यान दिया जाए कि क्या उपाय किए जा सकते हैं जिससे की जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। शहर के प्रमुख स्थान जहां वर्षों से जल जमाव होता आया है जैसे कि निगम कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर, वहां के लिए चार सदस्य कमेटी का गठन किया गया जो भौगोलिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे के अंदर प्रतिवेदन समर्पित करेंगी सुझाव को लेकर जिस से की इन सब स्थानों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ में ही क्यूआरटी क्विक रिस्पांश टीम का गठन किया गया है जो दोनों पालियों में निरंतर अपना कार्य करेगी और शहर के वैसे स्थानों जहां पे जल निकासी को लेकर समस्या आ रही है वहां पर मशीन एवं मानव बल के माध्यम से जल निकासी हेतु कार्य करेगी। समीक्षा में पाया गया है कि कुल 14 वार्डों में नालों की सफाई की स्थिति अच्छी नहीं है। सभी वार्ड जमादारों से उपरोक्त की समीक्षा की गई एवं पाया गया कि जमादारों का प्रवेक्षण संतोषजनक नहीं है। सभी सफाई प्रवेक्षकों को अगले चार दिनों में प्रगति प्रतिवेदन के साथ पुनः समीक्षा के लिए बुलाया गया है। साथ ही वार्ड 37 के सफाई जमादार पर कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाने का निर्देश दिया है। समीक्षा में पाया गया कि न ही वह कार्यों में रुचि ले रहे हैं और न ही बैठक में आते हैं। कार्य में उनकी प्रगति नगण्य है। नगर आयुक्त ने सभी सफाई जमादारों से कहा कि पूरे वार्ड की सफाई की मूल जिम्मेदारी आपकी है एवं अगर आपके द्वारा कार्य में कोताही बरती जाती है तो पूरे वार्ड में गंदगी की स्थिति बनी रहती है। कार्यों को लेकर सजग बने और निरंतर कार्यों का प्रवेक्षण करें। अगर यही स्थिति बनी रही तो वैसे जमादारों को पद से मुक्त कर उन वार्डों के सफाई के प्रवेक्षण का कार्य अन्य को दिया जायेगा। साथ में ही एजेंसी जिसको मानव बल हेतु निगम के द्वारा रखा गया था, के इकरारनामा के शर्तों के हिसाब से 50,000 रुपए का पेनल्टी लगाया गया।

# हत्या मामले में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** एडीजे दशम अरुण कुमार तिवारी कैमूर भभुआ की अदालत ने हत्या के एक मामले में अभियुक्त दिनेश जायसवाल उर्फ पप्पू जायसवाल पिता राम जी शाह और अभियुक्त कृष्ण जयसवाल पिता दिनेश जयसवाल उर्फ पप्पू जायसवाल दोनों साकिन नुआंव थाना नुआंव जिला कैमूर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक को 25-25 हजार रुपया फाइन और नहीं देने पर दोनों को दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। आईपीसी धारा 307 भादवि जानलेवा हमले के प्रयास में दोनों को 10-10 बरस का कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक को पांच-पांच हजार का फाइन नहीं देने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। सभी सजा साथ चलेंगी। अपर लोक अभियोजक रामनारायण राम ने बताया कि इस केस के सूचक अखिलेश प्रसाद पिता प्रेमचंद प्रसाद शाकिन नुआंव थाना नुआंव जिला कैमूर भभुआ ने अपने प्राथमिकी में कहा है कि दिनांक 11 जुलाई 2020 को समय 1:05 दिन में ट्रामा सेंटर वाराणसी में पुलिस पदाधिकारी के समक्ष बयान देता हूं कि मेरा मकान एवं जमीन मेरे गांव के काली मंदिर के बगल में है दिनांक 10 जुलाई 2020 को रात्रि 9:30 पर मेरे ही गांव के दिनेश जायसवाल उर्फ पप्पू जायसवाल पिता राम जी शाह, कृष्णा जायसवाल पिता दिनेश जयसवाल उर्फ पप्पू जायसवाल दोनों लोग मेरे रोड वाली जमीन के पास मेरे खेत में कब्जा देखने गए थे जो मेरी खेत रोड वाली जमीन थी जब मेरे पिता प्रेमचंद प्रसाद को जानकारी हुआ तो अपने साथ अपने खेत पर साथ में मेरे चाचा रविशंकर जायसवाल एवं अन्य लोगों के साथ खेत पर पहुंचे तो वहां पर दोनों अभियुक्त अपने पास लिए चाकू से मेरे पिताजी के पेट में चाकू से वार कर दिए एवं चाचा एवं अन्य लोगों को चाकू से मारकर घायल कर दिया तभी गांव के लोग बचाने के लिए पहुंच गए तो अभियुक्त गण वहां से भाग गए मेरे पिता प्रेमचंद जायसवाल को अस्पताल लेकर अपना घायल लोगों को बनारस सेंटर रेफर कर दिया गया। मेरे पिता की मृत्यु रास्ते में ही हो गई। इसी मामले को लेकर मैंने प्राथमिकी दर्ज कराया था । हत्या एवं जानलेवा हमले में पिता पुत्र दोनों अभियुक्तों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाया।बचाव पक्ष के अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह थे। इस मामले में कुल 13 गवाहों की गवाही हुई है। नुआंव थाना कांड संख्या 149/ 2020 है। फैसला सुनाते समय न्यायालय में बहुत काफी भीड़ थी।

# पंडित नेहरू की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि राजेन्द्र आश्रम गया जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में मनाई गई। सर्वप्रथम चलचित्र पर पुष्पांजलि किया गया जिसकी अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष शाहाबउद्दीन रहमानी ने किया। अपने भाषण में रहमानी जी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को पंडित की उपाधि उनके विद्वता से मिली थी। पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और प्रकोष्ठों के कांग्रेस जनों ने नेहरू जी के कृत्यों पर प्रकाश डाला और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। पुण्यतिथि समारोह में उपस्थित होने वालों में कार्यालय प्रभारी कमलेश चंद्रवंशी, अधिवक्ता अब्दुल रकिब, शंभू शरण सिंह, केशर यादव, राजीव कुमार उर्फ लबी सिंह, असैसुद्दीन, धर्मेंद्र कुमार निराला, अशोक प्रसाद भारती, मो. रिजवान आलम, मो. शाहा उद्दीन आलम, अधिवक्ता रंजीत कश्यप, कुमार ओंकार शक्ति, मो. मन्नान खान, संजय कुमार उर्फ नंदु चन्द्रवंशी, राहुल रंजन, डॉ पिंकी कुमारी, लालसा देवी, संजय कुमार, रणजीत कुमार सिंह, राजकपूर गुप्ता, शिवनाथ पासवान, दीपक कुमार, डॉ गगन कुमार मिश्र, डॉ देविका सरयार, शांति देवी, शिवकुमार चौरसिया, शौकत निशांत उर्फ नबाब अलि, अर्जुन गुप्ता आदि मौजूद थे।

# आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड बनाने की अवधि 30 मई तक : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड बनाने के लिए चल रहे विशेष अभियान की अवधि अब 30 मई 2025 तक बढ़ा दी गई है। यह विशेष अभियान पहले 26 से 28 मई तक निर्धारित था जिसे अब जनहित में विस्तारित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक आयुष्मान योजना की सुविधाएं पहुंचाई जा सके। पंचायत स्तर तक चल रहे इस अभियान के तहत नागरिक अब 30 मई तक अपना आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह सपना है कि देश का हर गरीब नागरिक उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इसी सोच के तहत आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत 2018 में की गई थी। बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह योजना प्रभावी रूप से लागू की गई है जिससे प्रदेश के लाखों लोगों को राहत मिली है। योजना के तहत अब तक राज्य के 1173 अस्पताल सूचीबद्ध हो चुके हैं जिनमें 587 निजी एवं 586 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। वर्ष 2018 से अब तक 20.5 लाख से अधिक मरीजों को निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा चुकी है जिस पर 2670 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया है। अकेले वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च कर गरीबों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया कराया गया है। श्री पांडेय ने यह भी बताया कि बिहार में अब तक 3.75 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिनमें से 2.8 करोड़ कार्ड पिछले 14 महीनों में ही बनाए गए हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ बिहार देशभर में आयुष्मान कार्ड निर्माण में तीसरे स्थान पर है।स्वास्थ्य मंत्री ने आम जनता से अपील की कि वे इस विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने निकटतम केंद्र पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं, ताकि उन्हें आवश्यक समय पर समुचित उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके।

# एसएसपी ने किया पुलिस कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा देर रात पुलिस कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोलिंग टीमों, डायल-112, वायरलेस नेटवर्क की कार्यक्षमता और सूचना संप्रेषण की प्रभावशीलता की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता का मूल्यांकन किया। उन्होंने उनके समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में और अधिक सतर्क एवं प्रभावी बनने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त होने पर उसे शीघ्रता से संबंधित थानों और उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाए जिससे संभावित खतरों को समय रहते रोका जा सके और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके।

# थाना में जनता दरबार के कारण ग्राम कचहरियों में मुकदमों का आना बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थाना में अंचल अधिकारी और थानाध्यक्ष द्वारा भूमि विवादों को निपटारे के लिए प्रति शनिवार को लगाया जा रहा जनता दरबार में विवादों का निपटारा तो पूर्णतः हो नहीं पाता। अलबत्ता ग्राम कचहरियों में मुकदमों का आना काफी कम जरूर हो चुका है। इस संबंध में कई सरपंचों एवं सचिवों ने बताया कि इन पदाधिकारियों द्वारा ग्राम कचहरी के अधिकारों का अतिक्रमण जरूर कर लिया गया है। लोग ग्राम कचहरी में आवेदन नहीं देकर सीधे जनता दरबार में जाते हैं, परन्तु पदाधिकारियों द्वारा उन्हें समय नहीं दिया जाता है और न ही उचित रूप में लिखित बयान बगैरह लेकर सुनवाई ही किया जाता है। पुलिस के दबाव में लोग समझौता को हामी तो भर देते हैं, परन्तु बाद में उसे स्वीकार नहीं करते हैं और विवाद ज्यों का त्यों बना रहता है। इन पदाधिकारियों द्वारा ग्राम कचहरी में सुनवाई के लायक मुकदमों को ग्राम कचहरी नहीं भेज कर स्वयं निजी स्वार्थ से वशीभूत होकर सुनवाई करते हैं और परिणाम वही ढाक के तीन पात। जनता दरबार एक कार्यपालक कार्यवाही है। इसका कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। इनके आदेश को नहीं मानने पर दण्ड, जुर्माना, अपील का कोई प्रावधान नहीं है जबकि ग्राम कचहरी के कार्यवाही में अपील से लेकर जुर्माने का कानूनी प्रावधान है। ग्राम कचहरियों में विवादों का निपटारा कानूनी प्रावधान के तहत पक्ष, विपक्ष एवं इनके गवाहों के गवाही के अनुसार होता है जबकि जनता दरबार में मुंह के जोर पर। इस संबंध में कोंची गांव के रामजीवन सिंह ने बताया कि चार साल पहले भूमि विवाद का मामला मेरे द्वारा जनता दरबार में लाया गया था। विरोध पक्ष इन पदाधिकारियों के आदेश को मानने से इंकार किया और परिणामतः दोनों पक्षों में जम कर लाठी डंडा चला और भूमि विवाद फौजदारी में तब्दील हो गया और मैं मुकदमा लड़ रहा हूं। आज तक जनता दरबार के आदेश का नकल तक नहीं दिया गया है जो मैं कहीं प्रस्तुत भी कर सकूं। आज ग्राम कचहरी को अधिक सशक्त करने की आवश्यकता है। किसी भी साधारण विवाद को सर्वप्रथम ग्राम कचहरी से गुजरने के बाद हीं आगे की कार्रवाई करने की आवश्यकता है। ग्राम कचहरी में सरकार द्वारा कानून के विद्वानों अधिवक्ताओं को न्याय मित्र के रूप में नियुक्त किया गया है जबकि जनता दरबार में कानून के जानकारों का घोर अभाव है।

# महुआ व अंग्रेजी शराब का हो रहा खुलेआम कारोबार, पुलिस नतमस्तक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** थाना क्षेत्र में इस समय शराबी का बोल बाला है। पर गुरुआ पुलिस उनके तरफ देखने की तो दूर की बात है। सुध तक बड़े शराब माफिया को लेना नहीं समझते हैं जबकि बिहार में शराब पूरी तरह से सरकार के द्वारा बैन किया गया है, लेकिन ऐसा गुरुआ में कही भी शराब बंदी नहीं दिख रही है। इस संबंध में हम पार्टी के नेता पिंटू कुमार दांगी ने बताया कि शराब बंदी कानून लागू होने के बाद इसका असर गुरुआ में नहीं दिखाई पड़ रहा है। महुआ से लेकर इंग्लिश शराब का बिक्री खुलेआम देखा जा सकता है। पर पुलिस पदाधिकारियों के शिथिलता के कारण महुआ इंग्लिश व शराब, की बिक्री धड़के से हो रही है जिसका असर गुरुआ में शराबी बेफिक्र होकर प्रशासन के आंख व नाक के सामने महज 100 मीटर के दूरी पर ही दिन के उजाले में ही शराब का कारोबार फल-फूल रहा हैं। पर गुरुआ प्रशासन सब जानकार भी अनजान बनी हुई है। हम पार्टी के नेता ने कहा कि अगर व्यक्ति थोड़ी बहुत शराब घर में पीने के लिए ले जा रहा है तो उन्हें पकड़ लिया जा रहा है, लेकिन जहां बड़े शराब माफिया शराब की काफी मात्रा में दिन के उजाले में ही शराब कारोबार का धंधा चल रहा है पर उससे पुलिस पकड़ने में आना कानी क्यों कर रही है।

# भाजपा नेताओं ने सेना के शौर्य एवं तिरंगा यात्रा सहित अन्य कार्यों पर चर्चा की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के कार्यालय, नूतन नगर में बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उपस्थित नेताओं के द्वारा देश के सेना का शौर्य एवं तिरंगा यात्रा सहित भाजपा के अन्य कार्यों पर चर्चा किया गया। भाजपा नेताओं के द्वारा अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के एक समर्पित, कुशल और जनसेवा को समर्पित वरिष्ठ नेता हैं, जिनके कार्य समाज और संगठन दोनों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। वे न केवल पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं, बल्कि समाजसेवा में भी उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। डॉ. मिश्रा ने अपने जीवन को जनकल्याण और राष्ट्रसेवा को समर्पित कर दिया है। 'मेरी माटी मेरा देश' जैसे राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को डॉ. मिश्रा ने अत्यंत श्रद्धा और समर्पण भाव से कार्यान्वित किया। उन्होंने जीवित स्वतंत्रता सेनानियों के घर जाकर उन्हें सम्मानित किया, उनके आशीर्वाद लिए और उनके घरों की मिट्टी को एकत्र कर राष्ट्र की माटी को एकता का प्रतीक बनाया। यही नहीं, जो स्वतंत्रता सेनानी हमारे बीच नहीं रहे, उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सम्मानित किया और उनके घर की पवित्र मिट्टी को इस अभियान में जोड़ा। यह कार्य न केवल देशभक्ति का परिचायक है, बल्कि सामाजिक समरसता और संस्कारों की रक्षा की दिशा में भी एक मिसाल है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने विकलांगों, गरीबों, अतिथि सत्कार, सहयोग और सेवा जैसे अनेक सामाजिक क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। वे 'अतिथि देवो भवः' की भावना को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करते हैं। चाहे जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने की बात हो या आपदा के समय राहत सामग्री का वितरण, डॉ. मिश्रा सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर समाज का मार्गदर्शन करते हैं। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने पार्टी स्तर पर कई ऐसे कार्य किए हैं जो एक वरिष्ठ अधिकारी के समान महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक हैं।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने राजकीयकृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिए दो कंप्यूटर सेट्स

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने बीइंग हेल्पर के साथ मिलकर अपनी सामाजिक दायित्वों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शेखपुरा स्थित राजकीयकृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो कंप्यूटर सेट्स प्रदान किए। यह पहल विद्यार्थियों की डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा कि आज के युग में कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य हो चुकी है। हमारा प्रयास है कि सरकारी स्कूलों के बच्चे भी तकनीकी रूप से सक्षम बनें और भविष्य की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। स्कूल के प्रधानाचार्य ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कंप्यूटर सेट्स विद्यालय में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस पहल के माध्यम से रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं क्लब की सदस्य वीना मित्तल, सारिका लोहिया, एषिका जैन, क्षितिज मित्तल, अथर्व मित्तल सहित क्लब मेंबर्स के बच्चे भी उपस्थित रहे।

# साहिल पौने अट्ठारह फीट छलांग लगा बना टॉपर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय सरबहदा में वृहत पैमाने पर मशाल 2024 का आयोजन किया गया। मशाल 2024 में संकुल संसाधन केंद्र अंतर्गत अंडर फोर्टीन के तहत मध्य विद्यालय सिमरौका मध्य विद्यालय सरबहदाडीह मध्य विद्यालय मिल्की आदर्श मध्य विद्यालय सरबहदा के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपना-अपना परचम लहराया जिन्हें संकुल संसाधन केंद्र के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन मेडल मोमेंटो प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साहिल कुमार मध्य विद्यालय सरबहदा के छात्र ने सत्रह फीट नौ इंच लंबी छलांग लगाकर पूरे सीआरसी के छात्र-छात्राओं को स्तब्ध कर दिया जिन्हें पूरजोर तरीके से सम्मानित किया गया। साइकिलिंग में अक्षय कुमार सिमरौका प्रथम अमरजीत कुमार मिल्की द्वितीय अमित कुमार मिल्की तृतीय साठ मीटर की दौड़ में निशु कुमारी सरबहदा प्रथम प्रियंका कुमारी सिमरौका द्वितीय रितु कुमारी मिल्की तृतीय छात्राओं की लांग जम्प में जुली कुमारी सिमरौका प्रथम रहीश कुमार को लंबी कूद के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर संचालक सुखलाल चौधरी समन्वयक मो.परबेज आलम पूर्व समन्वयक मो.नेजाम उद्दीन शिक्षक अविनाश कुमार सतीश कुमार शंकर कुमार इम्तियाज आलम अमरेश कुमार मो.इरफान आलम आलोक कुमार आदि गणमान्य शिक्षाविद उपस्थित थे।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, मामला दर्ज, 9 आरोपित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के टनकुप्पा गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट का मामला दर्ज मंगलवार को किया गया है जिसमें 9 लोगों को आरोपी बनाया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि टनकुप्पा गांव में भूमि विवाद के चलते दो पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें कुछ लोगों को घायल होने की बात कही गई है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने प्रथम पक्ष के शशि रंजन पिता अजय सिंह के आवेदन पर 6 और दूसरे पक्ष के अशोक कुमार पिता स्व.रामबिलास शर्मा के आवेदन पर 3 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस कांड संख्या 291/25 एवं 292/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/35, दिनांक: 26.05.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: ● **(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 11251178;** नॉन-एस्बेस्टस आधारित 'के' टाइप हाई फ्रिक्शन कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक आदि का क्रय; रु.9,01,420/-, **(2) 19251668;** फिल्टर एलिमेंट, स्पिन-ऑन फ्यूल फिल्टर आदि; रु.1,05,940/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 12.06.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु), **(3) 10241102;** स्पेयर्स का आईओएच किट; रु.1,76,060/-, **(4) 10241151;** आईओएच किट; रु.1,42,730/- **(5) 10241154;** सिंगल बॉटल वीसीबी के लिए पीओएच किट; रु.1,28,280/-, **(6) 11241519ए;** ग्लास यूनिट; रु.1,29,890/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 16.06.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 3 से 6 हेतु), **(7) 04255001;** 3/2 डायरेक्शन कंट्रोल वाल्व, आदि, प्रस्तुतकारक-एवेन्टिक्स; रु.1,04,120/-, **(8) 04255007;** माउंटिंग सीएम1-एमएस1-080-एम2-ए, आदि, प्रस्तुतकारक-एवेन्टिक्स; रु. 1,87,500/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 19.06.2025 at 13.30 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 7 एवं 8 हेतु), **(9) 15245099ए;** एलएचबी व्हील के परीक्षण के लिए एडी करंट एरे इक्विपमेंट्स; रु. 1,93,520/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 20.06.2025 को 13.30 बजे, (10) 15245079ए;** ईओटी क्रेन, क्षमता: 25 टन का क्रय ; रु. 1,40,000/-, **(11) 15255004ए;** ईओटी क्रेन 20 टन; रु.1,20,800/-, **(12) 15255005;** स्पेसिफिकेशन नं. अनेक्सर/ईओटीसी/5टी/केपीए के अनुसार ईओटी क्रेन क्षमता 5 टन; रु. 1,41,400/-, **(13) 19251671;** मास्टर कंट्रोलर आदि; रु.1,75,310/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 23.06.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 10 से 13 हेतु), **(14) 10242545;** कम्प्यूटेटिंग पोल असेंबली का सेट; रु.1,64,460/- **निविदा खुलने की तिथि और समय : 24.06.2025 को 13.30 बजे, (15) 10255022;** डब्ल्यूएपी-7 लोकोमोटिव के लिए डैम्परों का सेट; रु. 1,82,630/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 25.06.2025 को 13.30 बजे, (16) 11241358ए;** आईसीएफ ड्रॉ. नं. आईसीएफ/एसटीडी6-3-008, ऑल्ट-पी आदि के तहत मिरर असेंबली का क्रय; रु.2,01,640/- **निविदा खुलने की तिथि और समय : 27.06.2025 को 13.30 बजे, (17) 10252220;** रिले क्यूई; रु. 1,16,830/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 04.07.2025 को 13.30 बजे, (18) 10251467;** बॉण्डेड सैंडविच माउंटिंग पैड आदि की खरीद; रु. 1,06,800/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 08.07.2025 को 13.30 बजे , निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 18 प्रत्येक हेतु)। ● **(ख) क्रम सं.; निविदा सं.; संक्षिप्त विवरण; अनुमानित निविदा मूल्य और निविदा की अंतिम तिथि** निम्नानुसार हैं: **(1) 12254001;** 1 इन 8.5 डायमंड क्रॉसिंग टी-6493 एवं टी-6494 की आरजीसी; रु. 16,23,57,660.00 एवं **02.06.2025, (2) 12254003ए;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-5919 के तहत इलास्टिक रेल क्लिप एमके-V; रु. 150,98,52,541.84 एवं **20.06.2025, टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

Stores-13/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# तेजस्वी के पुत्र होने की खुशी में बांटी मिठाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** राजद कार्यकर्ताओं ने डालमियानगर एकता चौक पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पुत्र रत्न की प्राप्ति होने पर मिठाई बांट खुशी व्यक्त किया व नवजात शिशु के सुखद भविष्य की कामना किया। राजद नगर अध्यक्ष धनंजय यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मौके पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ ओ. पी. आनंद ने कहा कि तेजस्वी यादव के पुत्र प्राप्ति की खबर से राजद परिवार में एक खुशी और उमंग देखी जा रही है। प्रेमचंद सिंह, धनजी यादव ने सभी उपस्थित लोगों को मिठाई बांटा। मौके पर वरिष्ठ समजवादी नेता डॉ रामनाथ सिंह, राजद विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता भागीरथी सिंह, रामविलास सिंह, केशनाथ सिंह, अम्बुज सिंह, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

# 150 लीटर देसी शराब समेत ऑटो जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पिपरा पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी कर 150 लीटर अवैध देसी शराब बरामद करते हुए ऑटो जप्त किया गया। थानाध्यक्ष राम पाल ने बताया कि पिपरा थाना क्षेत्र के मझौली टेंपो स्टैंड के पास सूचना मिली कि एक टेंपो से देसी शराब ढोया जा रहा है जहां पर छापेमारी करने के दौरान अवैध देसी के साथ टेंपो को जप्त किया गया। हालांकि टेंपो पर सवार शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे। टेंपो जप्त कर कारवाई की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां डिलीवरी करने के लिए ले जा रहा था और यह टेंपो किसका है पूरे मामले की छानबीन चल रही है।

# 23 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 23आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, एससीएसटी एक्ट, आईटी एक्ट, लूट, वारंटी व शराब तस्कर है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: एमसी-60-0-डीआरएमएलएस-एचएबीडी-25, दिनांक 23.05.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (एफआरटी. एवं ईएनएचएम), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल/पूर्व रेलवे में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्शन (एचएबीडी) सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना। **निविदा मूल्य :** रु. 91,57,409.02, **बयाना राशि जमा की जाएगी :** रु. 1,83,200/-, **अनुबंध की अवधि :** कार्य आरंभ होने की तिथि से 03 माह। **बोली की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

HWH-103/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# गया कॉलेज में एबीवीपी ने किया मासिक धर्म जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** महिला स्वास्थ्य और जागरूकता को केंद्र में रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) गया महानगर द्वारा गया कॉलेज, गया के सी. वी. रमन भवन में मासिक धर्म जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन ने छात्राओं के बीच स्वास्थ्य संबंधी संवेदनशील विषयों पर खुलकर संवाद करने की एक प्रेरणादायक पहल की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ जिसमें कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। दीप प्रज्ज्वलन में शामिल रहे मुख्य वक्ता-प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. रिचा भारद्वाज, गया कॉलेज के शिक्षकेतर संघ की अध्यक्ष डॉ. प्रो. विभा सिंह, एबीवीपी प्रदेश छात्रा सह प्रमुख प्रिया सिंह, मानपुर नगर सह मंत्री दिव्या साहनी, गया कॉलेज उपाध्यक्ष मुस्कान सिन्हा, जगजीवन कॉलेज मंत्री नंदनी गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. रिचा भारद्वाज ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं बल्कि एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है। इसके प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को तोड़ने की आवश्यकता है जब तक महिलाएं खुद जागरूक नहीं होंगी, तब तक समाज भी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेगा। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, मानसिक संतुलन और उचित पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सैनिटरी नैपकिन के सही उपयोग, संक्रमण से बचाव और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। एबीवीपी की प्रदेश छात्रा सह प्रमुख प्रिया सिंह ने कहा महिलाओं को मासिक धर्म जैसे विषयों पर खुलकर बात करने की जरूरत है। ऐसे शिविरों से लड़कियां आत्मनिर्भर बनती हैं और आत्मविश्वास के साथ अपने स्वास्थ्य के विषय में निर्णय ले पाती हैं। यह शिविर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम है।

संपादकीय

# देश में फिर कोरोना की दस्तक

दुनिया के साथ-साथ देश में भी खतरनाक कोविड 19 वायरस फिर दस्तक देने लगा है। बीते 24 घंटों में भारत में कोरोना के कारण दो लोगों की मौत हो गई है और 27 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि अधिकृत जानकारी के अनुसार इलाज के बाद कोरोना एक्टिव मरीज 363 भी हुए हैं। इस बीच राजधानी नई दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिल्ली में बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। देश में कोरोना के ज्यादातर नए मामले केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों से सामने आ रहे हैं। कर्नाटक और महाराष्ट्र में एक एक व्यक्ति की मौत की खबर है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने समीक्षा बैठक में में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर), डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज (डीजीएचएस) और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एसीडीसी) के अधिकारी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भारतीय ठ्र्रू-ष्टश्ठ्ठ-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट ह्क्क1.8.1 का एक और स्न्न.7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'चिंताजनक' नहीं माना है, लेकिन निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। हालांकि ह्क्क1.8.1 के 435स्, ड्ड445ढ्ढ, और ञ्ज478ढ्ढ जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वेरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्युनिटी का भी असर नहीं होता। भारत में छ्व्ह.1 वैरिएंट सबसे आम है। टेस्टिंग में आधे से ज्यादा सैंपल में यह वैरिएंट मिलता है। इसके बाद क्क2 (26 प्रतिशत) और ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) वैरिएंट के मामले भी मिलते हैं। छ्व्ह.1 वैरिएंट इम्यूनिटी कमजोर करता है छ्व्ह.1, ओमिक्रॉन के क्क2.86 का एक स्ट्रेन है। अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार छ्व्ह.1 अन्य वैरिएंट्स की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। बेशक वैज्ञानिक इसे बहुत गंभीर नहीं मान रहे हैं, फिर भी कोरोना को लेकर सावधानी बरतना और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन जरूरी है। महाराष्ट्र में किए गए एक सर्वे में सुझाव दिया गया है कि कोमोरबिडिटी वाले लोगों को टेस्ट कराना चाहिए, क्योंकि वे कोविड के जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का नया वेरिएंट आने तक हम सुरक्षित हैं। फिलहाल सिंगापुर, चीन, हांगकांग आदि देशों में इसके मामले ज्यादा पाए गए हैं। लेकिन हमे भी सतर्कता बरतने की जरूरत है। क्योंकि यह पूरे देश को चपेट में ले सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से मास्क पहनने, भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने और नियमित रूप से हाथ धोने की सलाह दी है। सरकार ने लोगों से कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज लेने और लक्षण दिखने पर तुरंत टेस्ट कराने की अपील की है। साथ ही, स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों में कोविड प्रोटोकॉल को फिर से लागू करने पर विचार किया जा सकता है। ये देश चार साल पहले आई कोरोना की दूसरी लहर को कभी नहीं भूल सकता, जब कोरोना के अत्यंत घातक डेल्टा वेरिएंट ने लाखों लोगों को मौत की नींद सुला दिया था। लोग अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने में भी डर रहे थे। हालांकि तब भी आइसोलेशन, दवाओ और वैक्सीन ने उस कोरोना को मात दी थी। दिक्कत यह है कि कोरोना का वायरस कभी पूरी तरह मरता नहीं है। वह भेस बदलकर फिर लौट आता है। इस बार भी वही हो रहा है। अच्छी बात यहहै कि कोरोना की पहली लहर की तुलना में कोरोना से हमारा सुरक्षा चक्र ज्यादा मजबूत है। कोरोना के व्यवहार और घातकता के बारे में हमारे पास अधिक जानकारी है और हम मानसिक रूप से भी इसके लिए तैयार हैं।

# होटल प्रबंधन संस्थान में करियर निर्माण - परिवर्तन की नयी राह

**ज्ञान भूषण / डॉ प्रतीक घोष**

नयी ऊर्जा से भरपूर वैश्विक आतिथ्य उद्योग के विस्तार के साथ भारत आतिथ्य के क्षेत्र में कुशल पेशेवर कर्मियों का शक्ति केंद्र बनने के लिए तैयार हो रहा है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) इस सिलसिले को आगे बढ़ाने में सबसे आगे हैं। इन संस्थानों को बहुत लंबे समय से उत्कृष्टता, व्यावहारिक प्रशिक्षण और विश्व स्तरीय पेशेवरों को तैयार करने की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इन संस्थानों में अब आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। ऐसे में इच्छुक छात्रों के लिए आतिथ्य के क्षेत्र में संतोषजनक करियर बनाने पर विचार करने का इससे बेहतर कोई और समय नहीं हो सकता।

होटल प्रबंधन संस्थान की विरासत पद्म श्री संजीव कपूर, शेफ मंजीत गिल, पुनीत चटवाल, रंजू एलेक्स, पद्म श्री शेफ दामू जैसी शख्सियतों से समृद्ध है। वास्तव में, अनुभवी और अपने क्षेत्र के दक्ष लोगों की यह सूची बहुत लंबी है। इसे और भी बढ़ाया जा सकता है और इसमें कई विख्यात मिशेलिन-सितारों और हस्तियों को शामिल किया जा सकता है। यह शानदार सूची आतिथ्य के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में होटल प्रबंधन संस्थान की गहरी पहुंच और व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

देश भर के होटल प्रबंधन संस्थान परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं ताकि वे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत की मांगों की पूर्ति के अधिक करीब हो सकें। सरकारी दिशा-निर्देशों और उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के आधार पर तेजी से लाए जा रहे परिवर्तनों के साथ इन संस्थानों में बेहतरीन रूप से प्रभावशाली शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है जिसमें न केवल छात्रों को शिक्षित किया जा सके बल्कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सक्षम होने हेतु प्रेरित भी किया जा सके।

**उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करना** - होटल प्रबंधन संस्थान आतिथ्य उद्योग के साथ संबंधों को मजबूत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां जो पढ़ाया और सिखाया जा रहा है उसमें उद्योग की अपेक्षाएं प्रदर्शित हों। इस तरह की साझेदारी से पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता बढ़ती है, छात्रों को उद्योग जगत का मूल्यवान अनुभव प्राप्त होता है और रोजगार के लिए उनका आसानी से प्लेसमेंट सुनिश्चित होता है। इस प्रयास में ताज, मैरियट, ओबेरॉय, आईटीसी जैसे होटल ब्रांड और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सक्रियता से सहयोग कर रहे हैं। वे इंटर्नशिप, भर्ती सहायता और मेंटरशिप के अवसर प्रदान कर रहे हैं। केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और प्रमुख होटल श्रृंखलाओं के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर इस सहयोग को और मजबूत करता है जिससे छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से संकाय-उद्योग संपर्क, संयुक्त रूप से अनुसंधान और सीखने के व्यावहारिक अनुभव के लाभ मिल पाते हैं।

**पाठ्यक्रम अद्यतन करने के लिए कार्य बल**- एक समर्पित कार्य बल ने नए-नए विषयों को शामिल करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों के पाठ्यक्रम को संशोधित किया है ताकि उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने योग्य बनाया जा सके। इसमें आतिथ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग, सतत पर्यटन से लेकर सांस्कृतिक विविधता प्रबंधन तक विभिन्न विषय शामिल किए गए हैं। इस तरह यह पाठ्यक्रम अब यह दर्शाता है कि 21वीं सदी में कार्य करने वाले कर्मियों की आवश्यकताएं क्या होंगी। छात्रों को न केवल मुख्य तौर पर होटल संचालन में बल्कि व्यवहार कुशलता, उद्यमिता और उभरती हुई तकनीकों में भी प्रशिक्षित किया जाता है। ये ऐसे कौशल हैं जो उन्हें बहुमुखी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के योग्य बनाते हैं।

**प्रवेश में वृद्धि के लिए उठाए गए कदम**- होटल प्रबंधन संस्थानों ने इस क्षेत्र में काम करने की अधिक सामर्थ्य और संभावना वाले छात्रों को आकर्षित करने की आवश्यकता की पहचान करते हुए प्रवेश में वृद्धि के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें शामिल हैं-

ज़ विद्यालयों और कैरियर मेलों में जागरूकता अभियान।

ज़ आतिथ्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच।

ज़ डिजिटल मंचों पर उपस्थिति में वृद्धि, जिससे छात्रों और अभिभावकों को प्रवेश संबंधी विवरण की जानकारी आसानी से मिल जाती है।

इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान प्रवेश की प्रक्रिया (एनसीएचएम-जेईई) को सुव्यवस्थित करने, इसमें पारदर्शिता, कुशलता बढ़ाने और छात्रों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**प्लेसमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां**- प्लेसमेंट में निरंतरता के प्रदर्शन के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों की व्यापक रूप से प्रतिष्ठा है। इनके अंतिम वर्ष के छात्रों को शीर्ष आतिथ्य श्रृंखलाओं, एयरलाइनों, क्रूज लाइनों और बहुराष्ट्रीय निगमों में नियुक्त किया जाता है। होटल प्रबंधन संस्थानों में बने प्लेसमेंट सेल उद्योग जगत के साथ सक्रियता से जुड़े रहते हैं ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि उनके स्नातकों के लिए शानदार नौकरियों के प्रस्ताव सुरक्षित हों। उदाहरण के लिए, इस वर्ष डॉ. अंबेडकर होटल प्रबंधन संस्थान (एआईएचएम) चंडीगढ़ ने एक छात्र एक प्लेसमेंट का शानदार शत-प्रतिशत रिकॉर्ड हासिल किया। इस क्षेत्र में क्रूज लाइनरों की रुचि एक बढ़ती हुई प्रवृत्ति है, जो अब नियमित रूप से कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेते हैं और छात्रों को दुनिया भर के लग्जरी जहाजों पर रोमांचक अंतरराष्ट्रीय करियर के अवसर प्रदान करते हैं।

**वैश्विक संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग**- होटल प्रबंधन संस्थानों ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस क्रम में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के साथ उल्लेखनीय साझेदारी से अकादमिक आदान-प्रदान, शोध सहयोग और वैश्विक नेटवर्किंग संभव हो सका है। वहीं, छात्रों को यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बर्मिंघम और मॉरीशस के मैरियट होटलों में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप कार्यक्रमों से भी लाभ मिलता है, जहां उन्हें आतिथ्य के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है और जानकारी मिलती है। ये सहयोग छात्रों के जीवन और कार्यों के विवरण में बहुत अधिक महत्वपूर्ण बिन्दु जोड़ते हैं और उनके करियर के क्षितिज का विस्तार करते हैं।

**संकाय विकास और नवाचार संस्कृति**- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शुरुआत उत्कृष्ट शिक्षकों से होती है। शिक्षक और संकाय सदस्य उद्योग जगत की दृष्टि से प्रासंगिक बने रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि होटल प्रबंधन संस्थानों ने शीर्ष होटल ब्रांडों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर संकाय विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस दौरान संकाय सदस्यों को नवीनतम उपकरणों, शैक्षणिक तकनीकों और आतिथ्य संबंधी रुझानों से परिचित कराया जाता है जिनके संबंध में वे पुनः कक्षाओं में इस्तेमाल करते हैं। इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान छात्रों को स्टार्ट-अप परियोजनाओं, शोध और उद्यमिता में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करके नवाचार और उन्हें इस क्षेत्र के लिए विकसित करने की संस्कृति का पोषण कर रहे हैं। संस्थानों में समर्पित इन्क्यूबेशन केंद्र छात्रों को खाद्य प्रौद्योगिकी, सतत पर्यटन और सेवा-क्षेत्र में नवाचार में आशाजनक उद्यमों के लिए मार्गदर्शन और प्रारंभिक वित्तपोषण प्रदान करते हैं।

**विशेष सहयोग और रणनीतिक गठबंधन**- होटल प्रबंधन संस्थान पारंपरिक आतिथ्य क्षेत्र के बाहर भी अनूठी साझेदारी की खोज कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, रक्षा बलों के साथ सहयोग, जिसके अंतर्गत रक्षा कर्मियों के लिए कौशल और उन्हें पुनः कुशल बनाने संबंधित कार्यक्रमों को चलाने के उद्देश्य से पुनर्वास महानिदेशालय के साथ मिलकर काम, प्रशिक्षण के लिए नए क्षेत्रों की शुरूआत और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को सुविधाजनक बनाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, भारतीय पाककला संस्थानों (आईसीआई) में की गई पहल पाककला शिक्षा को एक विशेष क्षेत्र के रूप में सुदृढ़ कर रही है, जिससे छात्रों के लिए उपलब्ध पेशेवर कार्यों के रास्तों की विविधता बढ़ रही है।


**होटल प्रबंधन संस्थान क्यों चुनें?**- होटल प्रबंधन संस्थान से डिग्री हासिल करना केवल एक योग्यता नहीं है - यह एक प्रतिष्ठित, लोगों पर केंद्रित और वैश्विक रूप से प्रासंगिक पेशे का प्रवेश द्वार है। इसमें छात्र आतिथ्य, विमानन, स्वास्थ्य सेवा, खुदरा और पर्यटन सहित कई उद्योगों में लागू होने वाले कौशल विकसित करते हुए वास्तविक दुनिया के वातावरण में फलना-फूलना सीखते हैं। होटल प्रबंधन संस्थान रोजगार, प्रौद्योगिकी और वैश्विक तत्परता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के साथ परिवर्तनकारी शिक्षा का अनुभव प्रदान कर रहे हैं जो छात्रों को नेतृत्व की भूमिकाओं और उद्यमशीलता की सफलता के लिए तैयार करता है।

आतिथ्य उद्योग आज करियर के कुछ बेहद रोमांचक, तेज़-तर्रार और प्रतिष्ठित अवसर प्रदान करता है। उनके लिए असीमित संभावनाएं हैं- चाहे वह लग्जरी होटल का प्रबंधन करना हो, विश्व स्तरीय अतिथि अनुभव डिजाइन करना हो, अंतर्राष्ट्रीय क्रूज लाइनरों पर काम करना हो, या अपना खुद का पाक उद्यम या इवेंट मैनेजमेंट फर्म चलाना हो। होटल प्रबंधन संस्थान रणनीतिक तौर पर अद्यतन होने के साथ ही, उद्योग जगत के साथ मजबूत भागीदारी और छात्र-प्रथम दृष्टिकोण के साथ आतिथ्य के क्षेत्र में शानदार करियर के लिए आदर्श लॉन्चपैड हैं। इस प्रकार, होटल प्रबंधन संस्थान के माध्यम से विश्व स्तरीय करियर निर्माण की गारंटी के लिए समय पर कदम उठाना सार्थक होगा। इसे इस प्रकार अच्छी तरह से व्यक्त किया गया है कि, ÷जो कुछ करना है वह एक मिनट देर से करने से बेहतर है कि तीन घंटे पहले कर लें।

(लेखक ज्ञान भूषण (आईईएस), वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, पर्यटन मंत्रालय और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी), भारत सरकार और डॉ प्रतीक घोष, विभागाध्यक्ष, डॉ अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, चंडीगढ़ हैं)

अध्यात्म

## क्रोध मे हम, चिल्लाते क्यों हैं?



एक बार एक संत ने अपने शिष्यों से पूछा- हम गुस्से में चिल्लाते क्यो हैं? जब हम खिन्न होते हैं, तो एक दूसरे पर चिल्लाते क्यों हैं? शिष्यों ने कुछ समय विचार किया और उनमें से एक शिष्य ने कहा- हम अपनी शांति खो देते हैं इसलिए चिल्लाते हैं। संत ने पूछा: पर जब दूसरा व्यक्ति आपके पास ही खड़ा हों तो इतना चिल्लाना क्यों? क्या यह संभव नहीं कि हम उस व्यक्ति से नरम आवाज़ में बात करें? हम एक दूसरे पर क्यों चिल्लाते हैं जब हम क्रोधित होते हैं? शिष्यों ने कई जवाब दिए पर किसी भी जवाब से संत संतुष्ट ना दिखाई दिये। अंत में उसने कहा, जब दो व्यक्ति एक दूसरे पर क्रोधित हों तो उनका ह्रदय बहुत दूर हों जाते हैं। इस दूरी को तय करने हेतु उन्हें चिल्लाना होता है ताकि वे एक दूसरे को सुन सके। वो जितना अधिक क्रोधित होते हैं उन्हें अपने ह्रदय की दूरी तय करने के लिये उतना ही चिल्लाना पड़ता हैं फिर संत ने पूछा, क्या होता है जब दो लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं? वे एक दूसरे पर चिल्लाते नहीं बल्कि सौम्यता से बात करते हैं, क्योकि उनका ह्रदय बहुत करीब होता है। उनके बीच की दूरी बहुत कम होती हैं। संत ने आगे कहा- जब वे लोग एक दुसरे से और ज्यादा प्रेम करते तब क्या होता हैं? वे कुछ बोलते नहीं बस फुसफुसाते हैं और एक दुसरे के प्रेम में और करीब आते जाते हैं। अंत में उन्हें फुसफुसाने की भी जरूरत नहीं होती, बस एक दुसरे को देखते हैं। इस तरह लोग करीब होते हैं जब वे एक दूसरे से प्रेम करते हैं। जब आप किसी से बहस करें तो इसका ध्यान रखें कि आपका ह्रदय उनसे दूर न हो जाए, ऐसे शब्द ना कहें जिससे दूरी और बढ़ जाए, वर्ना कभी ऐसा दिन आ जायेगा कि दूरी इतनी बढ़ जायेगी कि आपको आने का रास्ता नहीं मिलेगा। क्रोध से, हमारे साथ साथ हमारे आस पास के लोगों के शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक स्वास्थ्य को खतरा हो जाता है। क्रोध पर विजय पाने का केवल एक रास्ता है और वो है कि हम अपनी नियंत्रण करने की प्रवृत्ति का त्याग करें और श्रीकृष्ण ही सबसे बड़े नियंत्रक हैं, ये स्वीकार करें। हम प्रार्थना करें कि हम क्रोध का ग्रास ना बनें, तथा सभी जीवों से मित्रवत सम्बन्ध रखते हुए उन्हे परमात्मा के अंश के रूप में देख सके।

# सेवा, सुरक्षा और सुशासन के पीएम मोदी के 11 साल

लोकतंत्र में श्रेष्ठ नेतृत्व की पहचान नीति, नीयत और निष्ठा की कसौटी पर खरा उतरने से होती है, यह एक सुखद पक्ष है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस मापदंड पर सर्वथा खरे उतरे हैं। देश की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी और उन्होंने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की प्रथम बार शपथ ली। बतौर प्रधानमंत्री अपने 11 वर्ष के लगातार कार्यकाल में उन्होंने राजपथ को कर्तव्य पथ के रूप में स्वीकारा तथा देशवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहे। श्री नरेन्द्र मोदी ऐसे कर्मयोगी हैं, जो सर्वे भवन्तु सुखिनः के राष्ट्र-भाव को चरितार्थ करते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं।

**सुरेश पचौरी**

मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म, प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए अपनी प्राथमिकता में GYAN को रखा है। G का तात्पर्य गरीब, Y का तात्पर्य युवा, A का तात्पर्य अन्नदाता किसान और N का तात्पर्य नारी, वर्तमान में केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में इन पर अधिक फोकस किया है।

**गरीब कल्याण कार्यक्रम**-केन्द्र सरकार ने समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिये हैं। श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। पिछले 11 वर्षों में यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बन चुके हैं। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ गैस कनेक्शन निःशुल्क दिये गये हैं। पिछले 5 सालों में जल जीवन मिशन के तहत 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल से जल देने का काम पूरा हुआ है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को 4 करोड़ घर मिल चुके हैं। देश के 80 करोड़ जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत मार्च 2025 तक कुल 55.02 करोड़ जन-धन खाते देश में खोले जा चुके हैं। इन्हीं सब प्रयासों की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गये हैं।

**युवा शक्ति की बेहतरी**-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं में युवाओं के लिए अच्छा स्वास्थ्य, फिटनेस और उन्हें उचित हुनर से लैस करना शामिल है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा कोष योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाया है। मार्च 2025 तक समर्थ पोर्टल पर लगभग 5 लाख उपयोगकर्ता पंजीकृत हुये, जिनमें से 77 प्रतिशत युवाओं को प्लेसमेंट मिल चुका है। स्टार्टअप इंडिया के तहत 16 लाख लोगों को प्रत्यक्ष नौकरियां मिली हैं और नौजवान इन योजनाओं से प्रभावित होकर स्वरोजगार स्थापित कर रहे हैं।

**किसान कल्याण**-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन बहुत साफ़ है कि किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम मिले। इस बाबत फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को उनके बैंक खातों में हर चार महीनों में दो हजार रुपये पहुचाये जाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि से करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये सीधे किसान के खातों में पहुंचे हैं। पीएम फसल बीमा योजना के तहत दो लाख करोड़ रुपये किसानों को मिले हैं। किसानों को सस्ते दामों में खाद मिले, इस दिशा में पिछले दस सालों में बारह लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। दलहन, तिलहन और नारियल की खरीद के लिए सरकारी गारंटी बढ़ाकर 45,000 करोड़ रुपये कर दी गई है। राष्ट्रीय कृषि



विकास योजना (पीएमआरकेवाई) और कृषोन्नति योजना (केवाई) का बजट 1,01,321.61 करोड़ रुपये कर दिया है। आज भारत दूध और मसालों के उत्पादन में विश्व में नम्बर 1 पर है। भारत सरकार ने 2817 करोड़ रुपए डिजिटल कृषि मिशन के लिए स्वीकृत किये हैं।

**महिला सशक्तिकरण**-महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार के विकास एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है। मातृवंदन योजना, नारी शक्ति वंदन और 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद जगी है। स्टैंडअप इंडिया से 81 प्रतिशत महिलाएं उद्यमी बनीं। मुद्रा योजना से 68 प्रति. महिलाएं लाभार्थी हुई। केन्द्र सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है, जिनमें से लगभग 1 करोड़ 10 लाख लखपति दीदी अपना गरिमामय जीवन जी रही हैं। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान से बेटियों का आत्मसम्मान बढ़ा है। तीन तलाक कानून की समाप्ति से मुस्लिम महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

**स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि** -प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने देश में लगभग 1लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले हैं। मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के हर वर्ग खासकर सामान्य लोगों तक सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस दिशा में जारी प्रयास के परिणाम स्वरूप अस्पताल,इलाज और दवाओं पर होने वाला खर्च निरन्तर कम होता जा रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री जी ने स्वदेशी वैक्सीन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका निभाई।

**सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण**-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना संकल्प विरासत का, संरक्षण भी और विकास भी के परिणाम स्वरूप अयोध्या में रामलला की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, केदारनाथ धाम का नवनिर्माण, बद्रीनाथ क्षेत्र का विकास, करतार साहब कॉरिडोर को खुलवाना, हेमकुण्ड साहब और गिरनार में रोपवे बनाना, नमामि गंगे योजना, तिरुवल्लूर में कल्चरल सेन्टर बनाना आदि उल्लेखनीय कार्यों से भारत आत्मगौरव के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

**धारा- 370 की समाप्ति**-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर दी। धारा- 370 को हटाना एक इतिहास की धारा को मोड़ने वाला निर्णय साबित हुआ है, इससे जम्मू-कश्मीर में खुशहाली की राह खुली है और देश की एकता व अखण्डता का ताना-बाना मजबूत हुआ है। आज स्थिति यह है कि जम्मू-कश्मीर के नागरिक आतंकियों की गतिविधियों के पुरजोर विरोध में खड़े हुये हैं।

**आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति**-प्रधानमंत्री श्री मोदी की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान के हुक्मरानों, पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और उनके द्वारा पोषित आतंकवादी संगठनों ने भारत में समय-समय पर आतंकवादी हमले किये हैं, जिसमें निर्दोष भारतीयों की जानें गई हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सेना को पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई के लिए खुली छूट दी। भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों एवं प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। प्रधानमंत्री जी ने विश्व समुदाय के सामने भारत का पक्ष रखने के निए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल भेजने का फैसला लिया, जो सराहनीय कदम है।

**भारतीय सेना को सम्मान**-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न युद्धों के दौरान शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों की पुण्य स्मृति में दिल्ली में राष्ट्रीय शौर्य स्मारक एवं नेशनल वॉर मेमोरियल निर्मित कराये गये। पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की गई। केंद्र सरकार ने देश के रक्षा बजट में काफी बढ़ोत्तरी की। रक्षा बजट जो वर्ष 2014 में 46,429 करोड़ रुपये था, वह 2024 में 1.27 लाख करोड़ हो चुका है। मेक इन इंडिया, डिफेंस स्टार्टअप की बदौलत रक्षा उत्पादन के मामलों में भारत आत्मनिर्भर होने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कारोबार में गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण परेशानी झेलनी पड़ सकती है। बेवजह के मामलों में उलझ सकते हैं।

**वृषभ**
व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है। आलस्य की वजह से काम में रुकावटें आ सकती हैं। सामाजिक जीवन में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
आपके व्यवहार में गम्भीरता की प्रशंसा होगी। वैवाहिक जीवन में परस्पर सम्मान की भावना में वृद्धि होगी। वरिष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क**
आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। रुके हुये सरकारी कार्य आज पूरे हो सकते हैं। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह**
आज काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं इसीलिये आज नये काम की शुरूआत न करें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आयेगी।

**कन्या**
आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। कारोबारी अनुबन्धों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धि से हर्षित रहेंगे।

**तुला**
सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। यदि आप किसी काम को टालते हैं तो भविष्य में भी उसके टलने की सम्भावना बढ़ जायेगी।

**वृश्चिक**
समझदारी पूर्वक स्थितियों को सम्भालने का प्रयास करें। अधूरे कार्यों को समय पर पूरा करना हितकर होगा। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा अवश्य दें।

**धनु**
आज अनर्गल शब्दों का प्रयोग करने से बचें। लेन-देन में की गयी जल्दबाजी आपको आर्थिक हानि पहुँचा सकती है। व्यर्थ दौड़धूप करनी पड़ सकती है लेकिन उसका परिणाम कुछ खास नहीं मिलेगा।

**मकर**
व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलने की सम्भावना बन रही है। रूपरेखा बनाकर काम करना लाभकारी सिद्ध होगा। नौकरीपेशा लोगों को यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कुंभ**
बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। पुराने रोगों के कारण परेशानी होगी। आवश्यक वस्तुयें गुम हो सकती हैं। लोग आपके सही काम का भी विरोध करेंगे।

**मीन**
व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे। भाई-बन्धुओं के बीच आत्मीयता का भाव बढ़ेगा।

# बाढ़ से तटबंधों की सुरक्षा को लेकर रहें मुस्तैद : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विभागीय सभाकक्ष, पटना में बाढ़ प्रक्षेत्र से संबंधित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में मंत्री श्री चौधरी तथा विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने गोपालगंज के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) संजय कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय 'दृष्टि' एप पर बहुत कम समय में कुल 46 निरीक्षण रिपोर्टें अपलोड की थीं। उनके नेतृत्व और सतत प्रयासों से गोपालगंज क्षेत्र की समस्त बाढ़ नियंत्रण और जल संरचनाएं सुरक्षित और क्रियाशील बनी रहीं। इसके उपरांत वाल्मी शास्त्री पर्षद के परामर्शी अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ठाकुर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। बैठक में राज्य के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए कटाव निरोधी कार्यों की प्रगति, बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रमों की स्थिति, तटबंधों की मरम्मति/ अनुरक्षण, बाढ़ सुरक्षात्मक सामग्री की उपलब्धता तथा संवेदनशील स्थलों की तैयारी पर गहन विचार-विमर्श हुआ। मंत्री श्री चौधरी ने निर्देश दिया कि संभावित आपात स्थितियों से पहले ही सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि आमने-सामने की बैठक संवाद को बेहतर बनाती हैं और ज़मीनी समस्याओं को समझने में सहायक होती हैं। इससे कार्यों की प्रगति में भी तेजी आती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी का कोई विकल्प नहीं है। यदि सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित निरीक्षण करते रहें ताकि लगभग 80 प्रतिशत समस्याओं का



समाधान पहले ही सुनिश्चित हो सके। मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि इस बार मानसून से पूर्व सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय से पहले पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसा कोई भी तटबंध का हिस्सा न छूटे, जहां वरिष्ठ अधिकारी का निरीक्षण न हुआ हो। साथ ही सभी स्थलों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त तटबंधों के आस-पास स्थित जर्जर पुल एवं पुलियों की भी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन संवेदनशील कार्यों में लापरवाही, अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता किया गया है, उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि ऐसी स्थिति में संवेदकों पर दंडात्मक कार्रवाई करें। प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि राज्य के 73 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में से लगभग 58 प्रतिशत क्षेत्र को तटबंधों द्वारा सुरक्षित किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आने वाले पांच महीनों तक यह सुरक्षा बनी रहे। साथ ही सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि अगले एक सप्ताह के अंदर सभी तटबंधों पर सभी झाड़ियों को साफ कराएं। रैट होल्स, फाक्स होल्स आदि को देखकर सुधार सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही सूक्ष्म निरीक्षण के लिए विस्तृत रूटमैप समर्पित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी क्षेत्र में तटबंध के टूटने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो संबंधित कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता के साथ-साथ मुख्य अभियंता की भी जिम्मेदारी तय करते हुए उन पर निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र में संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि राज्य योजना मद अंतर्गत कुल 25 अदद कटाव निरोधक कार्यों में से 24 अदद् कार्य पूर्ण हो चुके है। इसके साथ ही आपदा मद अंतर्गत मुख्य अभियंता मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन कुल 18 अदद कटाव निरोधक कार्यों में से 06 अदद् कार्य पूर्ण हो चुके है। बैठक के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन सलाहकार (नितिगत मामले) रविंद्र कुमार शंकर ने किया। इस अवसर पर विभाग के अपर सचिव नवीन, पवन कुमार सिन्हा, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) शरद कुमार, अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन) अवधेश कुमार, मुख्य अभियंता (योजना एवं मॉनिटरिंग) ब्रजेश मोहन सहित सभी प्रक्षेत्रों के मुख्य अभियंता एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की अद्यतन प्रगति की जानकारी मंत्री को दी और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में अपने विचार साझा किए।

# विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

## धन या बाहुबल के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने पर होगी पैनी नजर : एसडीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी(बेगूसराय)।** विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू बखरी एसडीएम सह निर्वाचन अधिकारी सन्नी कुमार सौरव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की शुरु हो गई। यह बैठक बखरी अनुमंडल सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में सभी सेक्टर अधिकारी एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे। इसमें निर्वाचन से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। एसडीएम ने बताया कि चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र के कुल 295 मतदान केंद्रों को 31 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर की निगरानी के लिए एक-एक सेक्टर अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इन सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप एवं सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का मूल्यांकन करते हुए एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। इस दौरान जहां कहीं आवश्यक सुविधाओं का अभाव पाया जायेगा वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना भी उनका दायित्व होगा। इसके साथ ही, वे अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों व आम जनता के साथ बैठक कर एवं स्थानीय थाना से जानकारी प्राप्त कर यह पता लगाएंगे कि कौन-कौन व्यक्ति धनबल या बाहुबल के माध्यम से चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं तथा इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। एसडीएम ने बताया कि चुनाव की तैयारियों को और प्रभावी बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र में 31 बीएलओ सुपरवाइजर भी नियुक्त किये गये हैं। इन सुपरवाइजरों को अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ समन्वय कर उनके कार्यों की नियमित समीक्षा करनी होगी जो किसी बीएलओ के कार्य में लापरवाही पाये जाने पर, उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए अनुशंसा करना भी बीएलओ सुपरवाइजर का दायित्व होगा। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों के प्रति गंभीरता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में अवर निर्वाचन अधिकारी अमित आनंद, सीओ राकेश कुमार चौधरी, प्रखंड पंचायत राज अधिकारी बखरी कुमार सानू, गढ़पुरा समीक्षा झा सहित अन्य विधानसभा स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दशकों पुराने वकील संघ भवन का हुआ जीर्णोद्धार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** जिला व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित वकील संघ के पुराने भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूरा हो गया है। इस भवन के जीर्णोद्धार के बाद इसका उद्घाटन दरभंगा स्नातक क्षेत्र से एमएलसी सर्वेश कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के संविधान में जो व्यवस्था दी गई है उसे मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संविधान ने स्पष्ट रूप से कार्यपालिका, न्यायपालिका व विधायिका की व्यवस्था की है और न्यायपालिका में विद्वान अधिवक्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमएलसी सर्वेश कुमार ने कहा कि संविधान में दी गई व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। न्यायपालिका को व्यवस्थित करना हम सबका दायित्व है। कार्यक्रम में वकील संघ के अध्यक्ष ध्रुव कुमार महतो, महासचिव विजयकांत झा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार, सचिव अजय कुमार उर्फ मुन्ना जी, शांति स्वामी, लक्ष्मी मिश्रा, बृजनंदन प्रसाद साहू, विनोद कुमार सिंह, सुखदेव यादव, रामकृष्ण सिंह, अवधेश सिंह, बहोर दास, सुनील कुमार, सैयद मोहम्मद मंसूर आलम, सुदर्शन कुमार, प्रिंस कुमार, संतोष कुमार, मनीषा कुमारी संजीत कुमार, संजीव कुमार, ब्रज नंदन कुमार के अलावा भी कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** शहर के विकास विद्यालय के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार बेगूसराय की ओर से विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय बच्चों की देखभाल और सुरक्षा अधिनियम, 2000 और नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ित और नशीली दवाओं के खतरे को मिटाने की योजना, 2015 था। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों के लिए उपलब्ध समर्थन सेवाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक राजकिशोर सिंह कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को अपने कर्तव्य की ओर ज्यादा ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों और नीतियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि शशिभूषण और शैलेश कुमार ने अपने संबोधन में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ लड़ने और बच्चों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम लोगों को जागरूक कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता राघव कुमार ने कहा कि नशीली दवाओं का दुरूपयोग न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा सीबीएससी कक्षा दसवीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले बच्चों आयुषी गौतम, मनमोहन कुमार, मास्टर सूरज, सचिन कुमार, संगीता कुमारी, आस्था कुमारी, खुशी राय, ईशान राय आदि को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करूणानिधि आर्या, संजय कुमार अधिवक्ता, शशिभूषण, अखिलेश कुमार, पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता दीपक कुमार, शैलेश कुमार, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता राघव कुमार उपस्थित थे।

# अपहरण कांड के दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के संदलपुर निवासी राकेश कुमार के अपहरण मामले में पुलिस टीम के द्वारा कांड में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अपहृत की बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने में सहयोग करने वालों के लिए इनाम की राशि घोषित की गयी। मंगलवार को पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि साहेबपुर कमाल थानान्तर्गत ग्राम संदलपुर वार्ड नं-4 में एक व्यक्ति राकेश कुमार को 24 मई की संध्या में अपहरण कर लिया गया था। इस संबंध में परिजन द्वारा दिए गए आवेदन पर साहेबपुर कमाल थाना कांड सं.-149/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनीष के द्वारा घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए तथा निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बलिया के नेतृत्व में साहेबपुर कमाल थाने की पुलिस टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं सूचना-आसूचना संकलन करते हुए घटना में शामिल दो प्राथमिकी नामजद अभियुक्त सीता देवी एवं रानी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घटना में शामिल अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। इस मामले में कुल 9 अभियुक्तों के विरूद्ध न्यायालय से वारंट प्राप्त किया गया जिसे विधिवत तामीला कराते हुए न्यायालय से इश्तेहार भी प्राप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बलिया एवं साहेबपुर कमाल थाने की पुलिस टीम द्वारा अपहृत राकेश कुमार की बरामदगी हेतु लगातार खोजबीन करने एवं कांड में वांछित सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। साथ ही अपहृत राकेश कुमार की बरामदगी कराने हेतु 25 हजार रूपये एवं अन्य सभी वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में सहयोग कराने पर 10-10 हजार रूपये की इनाम की राशि की भी घोषणा की गयी है। मामले में विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी प्रभु वर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी(बेगूसराय)।** क्षेत्र के प्रखर समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी स्मृतिशेष प्रभु नारायण वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। आरएसएस के जिला संचालक मनोरंजन प्रसाद वर्मा ने कहा कि उनके पिताजी प्रभु बाबू के सामाजिक सरोकार के धनी थे। आज उनकी 27 वीं पुण्यतिथि है। बखरी के सामाजिक उत्थान में उनकी बहुमूल्य भूमिका रही है। श्री कृष्ण गौशाला, श्री विश्वबंधु पुस्तकालय, अंबेडकर चौक की स्थापना में उनके योगदान को



बखरी के लोग कभी भूल नहीं सकते। उनका व्यक्तित्व अत्यंत सहज, सरल और सौम्य था। सर्वग्राहय, गम्भीर युक्त विषम परिस्थिति में परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए संकटमोचन के सदृश्य प्रस्तुत करने वाले थे। मुखमंडल से सदैव प्रसन्नता की छटा बिखेरने वाली थी। आरएसएस के तहसील संचालक का दायित्व निर्वहन करते हुए उन्होंने राष्ट्र सेवा, समाज सेवा के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उनके कुशल व्यवहार के कारण अक्सर लोगों की भीड़ उनके दरवाजे पर लगी रहती थी। वे लोगों की यथासंभव मदद में कभी पीछे नहीं हटे। क्षेत्र के लोग उन्हें स्नेहपूर्वक प्रभु बाबू कह कर बुलाया करते थे। उनका पूरा जीवन सामाजिक सरोकार का प्रतिबिंब रहा है। देर रात तक वे सलोना स्टेशन से उतरने वाले राहगीरों की मदद किया करते थे। ट्रेन से उतरकर रास्ते से जाने वाले आखिरी राहगीर के गुजरने के बाद ही वह भोजन किया करते थे। समाज के लिए उन्होंने यही पूंजी कमाई थी जिसका आज हम सभी अनुसरण करते आ रहे हैं। मौके पर रविंद्र वर्मा, विनोद वर्मा, रोहन वर्मा, अमित विशाल, सुमित विशाल, रोहन वर्मा, अभाविप के पूर्व नगर मंत्री अनुभव आनंद, आरएसएस के खंड कार्यवाह मनोज कुमार, व्यवसायी नीरज बजाज, विकास मेहता, स्नेहल आनंद सहित दर्जनों की संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देश में भ्रष्टाचार व मुफ्तखोरी की प्रवृत्ति को दिया जा रहा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लाखो पंचायत शाखा का द्वितीय सम्मेलन कामरेड राम पदारथ शाह लाल नगर के आवासीय परिसर में किया गया। अध्यक्षता कामरेड दशरथ राम ने की। उद्घाटन भाषण में अंचल प्रभारी सह राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अंजान ने कहा कि पूंजीवादी व्यवस्था में आर्थिक समृद्धि वैचारिक दरिद्रता को पैदा करती है। शिक्षा नीति के माध्यम से आजादी के बाद सुविचारित नीति के तहत देश में भ्रष्टाचार एवं मुफ्तखोरी की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में ही का. प्रमोद कुमार यादव के द्वारा दिवंगत पार्टी नेता एवं शहीद सैनिकों के सम्मान में एक शोक प्रस्ताव लाया गया जिस पर 2 मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। कामरेड पवन कुमार के द्वारा प्रस्तुत राजनीतिक एवं सांगठनिक प्रतिवेदन को बहसो प्रांत स्वीकृत किया गया। आगे के लिए सर्वसम्मति से कामरेड सुरेंद्र कुमार को शाखा मंत्री एवं का. राम पदारथ शाह तथा दशरथ राम को सहायक शाखा मंत्री बनाया गया। बैठक में कामरेड रविंद्र कुमार, रोहित कुमार, जितेंद्र कुमार, राम साह, प्रभात कुमार ने भी भाग लिया। पर्यवेक्षक अरूण कुमार यादव के समापन भाषण से सम्मेलन समाप्ति की घोषणा की गई।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** प्रखंड के बगरस राम जानकी ठाकुरवाड़ी में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत आज भव्य कलश शोभा यात्रा से हो गयी। यज्ञ स्थल बगरस चौक से ग्यारह सौ से भी अधिक कुंवारी कन्याओं का विशाल कलश शोभायात्रा राटन, उदनचक, खजुरिया, बभइन, ब्रह्मदेवनगर तक एवं पुनः वापसी गुमतिपार, बगरस, ध्यानचक्की से वापस होकर यज्ञ स्थल राम जानकी ठाकुरवाड़ी तक पहुंचने में लगभग पन्द्रह किलोमीटर की लंबी दूरी तय किया। कलश शोभायात्रा से पूरे इलाके में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का माहौल बन गया है। ग्रामीणों को जगह-जगह कलश यात्रियों के लिये ठंडा पानी, शर्बत, लस्सी के साथ कलश यात्रा में चल रही बालिकाओं के पैर पर पानी का फुहार देकर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए देखा गया। भारी उमस के बाबजूद बच्चियों के हौसला देखने लायक थी। दिन में तीन बजे से भागवत कथा आचार्य रविंद्राचार्य महाराज के द्वारा तथा सन्ध्या में बनारस के पंडितों के द्वारा महाआरती तथा रात्रि में वृंदावन के ख्याति प्राप्त रंग मंडली द्वारा रासलीला कार्यक्रम प्रत्येक दिन चार जून तक चलेगा। वैदिक रीति से हवन कार्य में शामिल होने के लिये युवा वर्ग काफी आकर्षित हो रहे हैं। बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, जिला



पार्षद अमित देव, उप प्रमुख प्रतिनिधि बलराम कुशवाहा, भाजपा नेता मनोज महतो, रामशंकर पासवान, उमेश पासवान, जन सुराज के नेता रामचन्द्र, प्रखण्ड अध्यक्ष नरेश पासवान सहित कई लोगों ने शिरकत किया। ग्रामीण लखन महतो, सहदेव महतो, नागो नोनिया, भिखारी सहनी, महेंद्र गोस्वामी जैसे अन्य बुजुर्गों ने बताया कि पहले यज्ञ में झूला होता था जिसमे भीड़ होती थी लेकिन इस बार तो लगातार नौ दिन तक महायज्ञ चलेगा। साथ ही प्रत्येक दिन संगीतमय भागवत कथा, महाआरती, रासलीला, अखण्ड नवाह के साथ-साथ हवन सरीखे कार्यक्रम ने पिछला रिकार्ड को ब्रेक कर देगा। लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की सफलता में कार्यकर्ता प्रशांत कुमार, विक्रांत कुमार, अजित सरकार, विनय कुमार, अमर गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, सुभाष कुमार, धर्मनारायण महतो, उपेन्द्र शर्मा, भोला कुमार, भूषण महतो, घूरन महतो, रामदुलार महतों, अमरनाथ साहू, शिवम कुमार, सोनू रजक के साथ-साथ स्थानीय जन प्रतिनिधि, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश राम, पंचायत समिति सदस्य रीना देवी, पूर्व मुखिया सरोजनी भारती, पूर्व सरपंच जयकांत यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पंकज पासवान, पंच प्रतिनिधि प्रवीण चक्रवर्ती, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सुनील सहनी सहित बुद्धिजीवी जितेन्द्र जीतू, दिलीप यादव, सिकन्दर यादव, अमरजीत कुमार आदि लोग काफी सक्रिय दिखे। कलश शोभायात्रा के उपरांत सभी बालिकाओं सभी महिला पुरूष कार्यकर्ता एवं उपस्थित बूढ़े-बच्चे सभी को यज्ञ समिति द्वारा प्रसाद ग्रहण कराया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व पीएम की पुण्यतिथि मनी

**बलिया(बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर में साहेबपुर कमाल बिधानसभा क्षेत्र के पिसीसी अध्यक्ष राकेश की अध्यक्षता में देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने देश के लिए पंडित नेहरू द्वारा किए गए विकास कार्यों की चर्चा की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री पूर्व मुखिया इरशाद आलम, मो सोहेल अहमद, नवीन सिन्हा, मंजू सिन्हा, गंगा महतो, सुनील ठाकुर, मो सदालत हुसैन, डा वकील अहमद, नीरज सिंह, बिट्टू शर्मा, नीरज सिंह, मो आमिर, मो मेहराज, कुंदन कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### डूबने से मासूम की मौत

**बलिया(बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के बलिया बाजार के जिला परिषद मार्केट स्थित एक कपड़ा व्यवसायी कपिल पंडित के दो वर्षीय पुत्र की मौत पानी के टब में डूब जाने से हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाथरूम के समीप नहाने को लेकर पानी का टब भर कर रखा हुआ था। बालक खेलते हुए पानी के टब के समीप पहुंचा और अचानक उसमें गिर गया। घरवालों की को इसकी भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद परिजन जब नहाने के लिए बाथरूम की ओर गए तो बालक को पानी के टब में मृत स्थिति में पाया। परिजन के द्वारा इलाज को लेकर बालक को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### किसानों के साथ की बैठक

**बीहट (बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरौनी प्रखंड के प्रशिक्षण कक्ष में मंगलवार को किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि तेघरा विधायक राम रतन सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनू रंजन कुमार, कृषि पदाधिकारी विजय सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके इस समारोह का उद्घाटन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ और रवि दो सीजन में फसल लगाया जाता है। मौके पर प्रखंड प्रमुख अनीता देवी, प्रखंड उप प्रमुख, आत्मा तकनीकी कुंदन कुमार, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह शंभू सिंह, सुरेंद्र सिंह राज किशोर सिंह, प्रेम प्रकाश शर्मा, रणजीत सिंह, नटवर सिंह अजीत कुमार, रवि कुमार उर्फ बम बम, हरिनाथ राय, नीतीश कुमार, ज्ञानेश्वर सिंह, अनुग्रह सिंह, राजू कुमार, राजकुमार, कन्हैया कुमार, आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।

### भाकपा का 24 वां शाखा सम्मेलन संपन्न

**नावकोठी(बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड भाकपा का 24वां शाखा सम्मेलन का. गणेश दास नगर एस आर डी कोचिंग सेंटर नावकोठी में आयोजित किया गया। मो रियाज एवं उत्तम कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में हुए सम्मेलन की शुरुआत झंडोत्तोलन से हुआ। उदघाटन भाषण में सहायक अंचल मंत्री जितेन्द्र कुमार राय ने भाकपा की भूमिका आज के परिप्रेक्ष्य में चिह्नित किया। भाकपा का भूमि आन्दोलन एवं शहादत की चर्चा की। उन्होंने साम्प्रदायिक सौहार्दता को बिगाड़ने वाली शक्ति से परहेज करने की बात कही। देश की सत्ता पर काबिज संघ परिवार के इशारे पर काम करने वाली भाजपा की सरकार आम आवाम को ठग रही है। प्रतिवर्ष दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा कर सत्ता पर काबिज होते ही इसे जुमला करार दिया। पूर्व मुखिया अजय कुमार सहनी ने कहा कि संगठित होकर पार्टी में बने रहना कार्यकर्ताओं का दायित्व है। किसानों को मंहगे दर पर खाद, बीज खरीदने तथा मंहगी सिचाई करने के लिए बाध्य कर रही है। किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा करने के बाद इसे पूरा करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। उलटे इसके लिए मिलने वाला अनुदान समाप्त कर दिया। रोज नये-नये फरमान जारी कर हिंदू, मुस्लिम को आपस में लड़ाकर सामाजिक समरसता को चरमराने के लिए अमादा है। शाखा मंत्री राम विनोद सिंह उर्फ टुन्नी सिंह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसे बहस के उपरांत पारित किया गया। सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय नई शाखा कमिटी गठित की गई जिसके मंत्री राम विनोद सिंह उर्फ टुन्नी सिंह तथा सहायक शाखा मंत्री मो रियाज एवं जय शंकर जायसवाल को बनाया गया। कमेटी में दिलीप महतो, मो महफूज, गौरव कुमार, मनोज चौधरी, राजेंद्र शर्मा, चन्दन कुमार, बबलू कुमार आदि शामिल हैं। मौके पर अंचल प्रभारी संजीव कुमार, अंचल मंत्री चन्द्र भूषण चौधरी, सहायक अंचल मंत्री जितेन्द्र कुमार राय, डा राजेन्द्र शर्मा, पूर्व मुखिया अजय कुमार सहनी, मो महफूज, मो हामिद आदि मौजूद थे।

### जनवरी से अब तक 34 लोकसेवकों पर कार्रवाई

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को सख्ती से अमल में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा भ्रष्ट लोकसेवकों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में निगरानी ब्यूरो ने इस वर्ष जनवरी से अब तक मात्र 150 दिनों में 34 भ्रष्ट लोकसेवकों पर शिकंजा कसा है। इनमें 27 अधिकारियों और कर्मचारियों को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया, जबकि अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और पद के दुरुपयोग के मामले दर्ज किए गए हैं। ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, पकड़े गए 27 पदाधिकारियों के पास से कुल 12 लाख 46 हजार रुपये रिश्वत की राशि बरामद हुई है। इन सभी को निगरानी कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। वहीं 4 पदाधिकारी आय से अधिक संपत्ति के मामले में और 3 अधिकारी पद के दुरुपयोग के आरोप में कार्रवाई की जद में आए हैं। निगरानी ब्यूरो की इस वर्ष की कार्रवाई का औसत पिछले सालों की तुलना में काफी अधिक है। वर्ष 2024 में 15, 2023 में 36, 2022 में 72, 2021 में 58 और 2020 में 37 लोकसेवकों पर कार्रवाई हुई थी।

# बिहार को 50 हजार करोड़ की सौगात देंगे पीएम : संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि पहलगाम के आतंकियों व उसके आकाओं के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बाद पहली बार बिहार आ रहे पीएम मोदी के स्वागत-अभिनन्दन के लिए पूरा बिहार पलक पावड़े बिछाए हुए है। अपने दो दिवसीय दौरे पर 29 मई को पटना पहुंच रहे पीएम बिहार को 50 हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात भी देंगे। केंद्र सरकार के इस सहयोग के लिए बिहार सदैव कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने कहा कि पीएम अक्सर कहा करते हैं कि विकसित भारत का सपना बिहार के विकास के बिना पूरा नहीं होगा। विकसित बिहार बनाने के अपने संकल्प के तहत ही वे पटना में पटना हवाई अड्डे के विश्वस्तरीय, भव्य नवनिर्मित टर्मिनल के उद्घाटन व साथ ही साथ बिहटा हवाई अड्डे का शिलान्यास भी करेंगे। श्री सुमन ने कहा कि प्रधानमंत्री के पटना में रोड शो को भव्य बनाने के लिए एनडीए के सभी घटक दल पूरे जोश के साथ लगे हुए हैं। इस रोड शो के दौरान पटनावासी अपने प्रधानमंत्री का अभिनंदन कर अपने



को गौरवान्वित महसूस करेंगे। रोड शो के दौरान पटना में 32 स्थानों पर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया जाएगा, जिसमें हम के कार्यकर्ता-समर्थक भी शरीक होंगे। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए पीएम मोदी के अभिनंदन का यह अवसर यादगार होगा। इसके दूसरे दिन यानी 30 मई को रोहतास के विक्रमगंज में आयोजित उनकी जनसभा में भी लाखों लोग जुटेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान 29,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नवीनगर पॉवर प्लांट और पटना-सासाराम एक्सप्रेस वे का भी शिलान्यास करेंगे, जो बिहार के विकास का नया आयाम स्थापित करेगा। श्री सुमन ने कहा कि एनडीए का नारा है, 'देश झुकेगा नहीं, बिहार का विकास रुकेगा नहीं', और इसी सपने को साकार करने के लिए पीएम मोदी बिहार आ रहे हैं।'

# बड़ी चोरी : चोरों ने उड़ाए दस लाख के गहने और नकदी, गांव में दहशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** बखरी पंचायत के राजापुर गांव में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने आत्मा राय के घर को निशाना बनाते हुए लगभग दस लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा ली। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोर घर के पीछे से बांस के सहारे छत पर चढ़कर भीतर घुसे। उस वक्त घर की महिला सदस्य एक कमरे में सो रही थी। चोरों ने सबसे पहले उस कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, ताकि कोई आवाज न हो सके। इसके बाद उन्होंने अन्य कमरों में रखे अटैची, बक्सा और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब आठ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने चुरा लिए।

इसके अलावा चोरों ने लगभग दो लाख रुपये के कीमती बर्तन, कपड़े और नकदी पर भी हाथ साफ कर दिया। सुबह जब घर की महिलाएं जागीं तो दरवाजा बाहर से बंद पाया। शोर मचाने पर पड़ोसियों ने दरवाजा खोला और कमरे में बंद महिला बाहर निकली। इसके बाद देखा गया कि घर के अंदर अलमारी, बक्से आदि के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए टेक्निकल सेल की टीम को लगाया जाएगा। ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग प्रशासन से की है।

# पांच किलो गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार, पति फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** पलनवा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के एक मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को करीब 4 किलो 900 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पलनवा थाना अध्यक्ष सीता केवट के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने परसौना तपसी गांव निवासी कृष्णा गिरी की पत्नी निशु देवी के घर पर छापेमारी की। घर की सघन तलाशी के दौरान भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष सीता केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि नेपाल से गांजा लाकर उसे गांव में छिपाकर रखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान निशु देवी के घर से 4.900 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया और मौके पर ही महिला तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और उसे न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेजा जा रहा है। वहीं, उसका पति कृष्णा गिरी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस इस कार्रवाई को तस्करी के नेटवर्क पर बड़ी चोट मान रही है और आगे की जांच जारी है।



# चौकीदार निलंबित, थानाध्यक्ष से मांगा स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** चरित्र सत्यापन के नाम पर पैसे की मांग करने के आरोप में आदापुर थाना के चौकीदार ललन पटेल उर्फ हरिशंकर प्रसाद को पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने निलंबित कर दिया है। साथ ही इस मामले में आदापुर थानाध्यक्ष से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

एसपी ने कहा कि थानाध्यक्ष की चौकीदार पर कमजोर निगरानी के कारण यह मामला सामने आया है, जो बेहद गंभीर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन या अन्य किसी भी पुलिस सेवा के लिए जनता से पैसे की मांग पूरी तरह अवैध है। सभी पुलिस सेवाएं निःशुल्क हैं। एसपी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा पैसे की मांग की जाती है, तो इसकी शिकायत स्वयं पुलिस अधीक्षक को व्हाट्सएप या कॉल (मो. 9431822988) के माध्यम से की जा सकती है। इसके साथ ही, जिले के 17 ऐसे थानों की पहचान की गई है, जहां चरित्र सत्यापन जानबूझकर लंबित रखा गया था। एसपी ने इन थानों के संबंधित पुलिस पदाधिकारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकते हुए 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित मामलों का सत्यापन टाइमलाइन के भीतर (अर्थात 14 दिनों के अंदर) पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी चेताया कि आगे यदि चरित्र सत्यापन या किसी अन्य कार्य में अनावश्यक विलंब पाया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस सख्त कदम को जिले में पुलिस तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में अधिवक्ता आशीष कुमार सिन्हा की दूसरी जीत, लहराया बिहारी अस्मिता का परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में पूर्वी चंपारण निवासी अधिवक्ता आशीष कुमार सिन्हा ने एक बार फिर कार्यकारिणी सदस्य (Member Executive) पद पर शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने 469 मतों के साथ भारी बहुमत से यह पद अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित पद पर यह उनकी लगातार दूसरी जीत है, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि बार मेंबर्स का भरोसा उनके प्रति लगातार बना हुआ है। चुनाव में कुल 54 अधिवक्ताओं ने दावेदारी की थी और 2588 वोट डाले गए। जीत की घोषणा होते ही अधिवक्ता आशीष सिन्हा ने सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं को नमन कर अपनी सफलता को उनके आदर्शों को समर्पित किया। आशीष सिन्हा मूल रूप से मोतिहारी, पूर्वी चंपारण के रहने वाले हैं। एक मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले आशीष ने बेहद कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए सफलता की इस ऊंचाई को छुआ है। वर्ष 2000 में पिता स्व. सुधीर कुमार सिन्हा की हत्या के बाद जब वे बहुत कम उम्र के थे, तभी परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। उन्होंने न केवल उस दौर का डटकर सामना किया, बल्कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से वर्ष 2014 में एलएल.बी. (ऑनर्स) प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर अपनी विधि यात्रा की शुरुआत की। उनके छोटे भाई डॉ. नितेश कुमार, बिहार विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर हैं, जबकि उनकी पत्नी अधिवक्ता बिनीता जायसवाल, उनकी बैचमेट रह चुकी हैं और आज उनकी सफलता में एक मजबूत सहयात्री हैं।

## सुगौली में श्री रामचरितमानस परायण महायज्ञ शुरू

**सुगौली (पूर्वी चंपारण)/नबिटा सं।** सुगौली प्रखंड के रघुनाथपुर बाजार स्थित राजा हरिश्चंद्र आश्रम में मंगलवार से 10 दिवसीय श्री रामचरितमानस परायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। यह महायज्ञ 27 मई से 5 जून 2025 तक चलेगा और इसमें विभिन्न संतों द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। यज्ञकर्ता संत रामू दास ने बताया कि महायज्ञ का आयोजन 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें वाराणसी से पधारे आचार्य अशोक झा उर्फ जगदीश बाबा मुख्य आचार्य की भूमिका निभाएंगे। समिति के अध्यक्ष बलिराम पटेल ने कहा कि यह आयोजन भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम होगा। उपाध्यक्ष नीतीश कुमार गिरि ने जानकारी दी कि रात्रि में भक्तों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल-तमाशे का आयोजन किया गया है। कोषाध्यक्ष अवधेश पटेल ने बताया कि महायज्ञ में संतों के प्रवचन और कथा वाचन भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। भूपेंद्र बाबा उर्फ भोला बाबा ने कहा कि इस आयोजन को स्थानीय जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# प्राण प्रतिष्ठा को ले निकली कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड अन्तर्गत महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परिसर स्थित नवनिर्मित मां सरस्वती मंदिर में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। कलश यात्रा महादेव साह विद्यालय के खेल मैदान से शुरू होकर बेलवा घाट संगम नदी स्थित बागमती नदी के तट पर जल भरा गया। इसके बाद कलश को लेकर मंदिर प्रांगण तक पहुंचा गया। कलश यात्रा के दौरान घंटा व शंख की ध्वनि और जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। कलश यात्रा में मुख्य यज्ञी शिक्षक रवि कुमार रवि सपत्नीक व यज्ञाचार्य अनिल शास्त्री, सहायक उपाचार्य विशाल शास्त्री एवं विवेक शास्त्री आगे - आगे चल रहे थे। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ की विस्तृत जानकारी देते हुए यज्ञाचार्य अनिल शास्त्री ने बताया कि दूसरे दिन बुधवार को नगर भ्रमण व सामूहिक पूजन होगी। इसके उपरांत पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वही तीसरे दिन गुरुवार को हवन पूर्णाहुति की जाएगी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, दयाशंकर पंडित, कामेश्वर प्रसाद सिंह, राघवेंद्र कुमार, राजेश्वर प्रसाद, आदित्य राज, हरि प्रकाश तिवारी, चंद्रिका कुमार, नीलेश कुमार, लिपिक विनोद कुमार, स्थानीय निवासी दिनेश कुमार, चित्तरंजन कुमार, अमोद कुमार सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।



# किसानों को कृषि गुर सिखाने का महाअभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** अब कृषि का गुर सिखाने, केंद्र व राज्य सरकारों की कृषि योजनाओं की जानकारी देने वैज्ञानिकों और सरकार के पदाधिकारियों की टीम किसानों के गांवों तक पहुंचेंगे। टीम से किसान कृषि संबंधी किसी प्रकार की समस्या और योजनाओं की जानकारी सहजता से प्राप्त कर सकेंगे। यह महाअभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगी। केविके हेड डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि कृषि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए, कृषि में ऊत्पादकता को बढ़ाने के लिए तथा किसानों की आय को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा एक महत्वाकांक्षी अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसका नाम है विकसित कृषि संकल्प अभियान। यह अभियान पूरे देश में 29 मई से 12 जून तक चलेगा। इस अभियान के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र परसौनी और पीपराकोठी के द्वारा चार टीमों का गठन किया गया है। जिसमे आईसीएआर के वैज्ञानिक, पंडित दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र के साथ-साथ जिला कृषि पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, उपपरियोजना निदेशक आत्मा, सहायक निदेशक उद्यान व इफको के पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी सम्मिलित होगें। इस तरह से कृषि विज्ञान केन्द्र पीपराकोठी और परसौनी के द्वारा चार टीम अगले 15 दिनों तक किसानों के बीच में रहकर तकनीकी जानकारियों को साझा करेंगे। एक टीम एक दिन मे तीन गांवों के किसानों से रू-ब-रू होगी। तथा नई तकनीकों के बारे में किसानों को बतायेगें। इस कार्यक्रम मे पंचायत या ब्लॉक में किसानों के प्रशिक्षण के लिए जगह का चयन किया गया जायेगा। वहां पर किसान अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम का लाभ उठाएंगे। इस कार्यक्रम में ब्लॉक व पंचायत स्तर पर पदस्थापित प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड उधान पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, एटीएम, बीटीएम, सहायक तकनीकी और किसान सलाहकार का समन्वय रहेगा। और ये सभी पदाधिकारी किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। अभियान के दौरान सभी वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी किसानों को खेती के गुर तथा नई-नई जानकारियों के साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराएंगे।

# स्वास्थ्य जांच कैम्प आयोजित कर टीबी मरीजों की गई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखण्ड के स्वास्थ्य उपकेंद्र टिकुलिया अंतर्गत झीटकहिया गांव में मंगलवार को यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निक्षय शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत यह कैम्प लगाया गया है जहां फ्री स्वास्थ्य जांच किया गया जिसमें अल्ट्रा पोर्टेबल ऐक्स रे यूनिट मशीन से यक्ष्मा रोगी की पहचान की गई एवं टीबी रोगियों के परिवार के सदस्यों को भी जांच के लिए कहा गया एवं इस दौरान पंचायत के अधिक से अधिक लोगों को जांच कराने की अपील की गई वहीं कैम्प में चिन्हित चार मरीजों का बलगम एकत्रित किया गया एवं जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीबी का दवा वितरण कर इलाज शुरु की जाएगी साथ ही कैंप में बीपी जांच, ब्लड शुगर, एचआइवी, हीमोग्लोबिन, हाइट, वजन का परीक्षण की गई एवं आवश्यक सभी दवा का वितरण किया गया। कैम्प में 103 महिला एवं पुरुष का चेस्ट का एक्स रे कर टीबी का स्क्रीनिंग किया गया। इस दौरान वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय, एएनएम पिंकी कुमारी, एसटीएलएस मनोज राम, एलटी सुनील महतो,वर्ल्ड विजन से मिथलेश कुमार, एक्स-रे टेक्निशियन मोहम्मद सैफ, आशा फैसिलिटेटर मंजू देवी, आशा कार्यकर्ता आरती कुमारी, सरिता कुमारी, रौशन खातून, पूनम कुमारी, चम्पा देवी समेत अन्य महिला एवं पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

# खरीफ महाभियान सह प्रशिक्षण, उत्पादन वितरण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकडीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड ई किसान भवन के सभागार में मंगलवार को खरीफ महाभियान 2025 का शुभारंभ किया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बजरंग कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामबाबू प्रसाद, भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह, बच्चा प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रखंड स्तरीय खरीफ महाभियान 2025 सह प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण, उत्पादन वितरण कार्यक्रम का आयोजन ई किसान भवन के सभागार में किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र से आए हुए किसानों को संबोधित करते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बजरंग कुमार सिंह ने बताया कि सरकार किसानों के हित में अनेक प्रकार की लाभकारी योजनाएं चला रही है। जिसमें किसान के आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से अन्य प्रकार कि योजना चला रही है।किसानों तक सभी प्रकार कि योजना का लाभ पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।वर्तमान समय में खरीफ सीजन में धान का बीज वितरण किया जा रहा है। जिसमें हाइब्रिड एवं देसी धान का बीज उपलब्ध है। जो भी किसान इच्छुक है ऑनलाइन अप्लाई कर बिज उठा सकते हैं। सरकार हर सिजन में अलग-अलग फसल का बीज किसानों को उपलब्ध कराती है। जिसे किसान के खेती करने में कम लागत लगे। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में बच्चा प्रसाद यादव, वीरेंद्र कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह,बिईवो रामबाबू प्रसाद, कमल कुमार शामिल थे। मौके पर सत्येंद्र कुमार सिंह, सरपंच मुकेश कुशवाहा, मदन चौधरी, नंदकिशोर सिंह, जितेन्द्र पासवान,अमरेश सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे ।

# बीपीएल परिवारों की लड़कियों की शादी के लिए वित्तीय सहायता देगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीबी रेखा से नीचे परिवारों की लड़कियों की शादी के लिए वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जाती है, इसके लिए पूर्वी चम्पारण जिले के प्रत्येक प्रखंड बीपीएल परिवारों से आवेदन लेना है, इसके लिए पोस्टर, बैनर एवं फ्लैक्स लगाकर वैसे वंचित लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई के निदेशक अक्षय कुमार ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन के कर्मियों द्वारा मुखिया, वार्ड सहित विभिन्न प्रकार के जनप्रतिनिधियों के यहां पहुँच उनके माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगेद्य उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत, बीपीएल परिवारों को उनकी बेटी की शादी के समय वित्तीय सहायता के रूप में राशि दी जाती है, ताकि उन्हें शादी के खर्चों को पूरा करने में मदद मिल सके। योजना के मुख्य उद्देश्य हैं कि गरीब परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, बाल विवाह को रोकना, बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना हैं साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त लाभ बीपीएल परिवारों या 60 हजार से कम आय वाले लोगों को ही उनकी बेटी की शादी के समय वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। लड़कियों को अपनी पढ़ाई पूरी करने और सही उम्र में शादी करने का अवसर मिलता है।उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दहेज जैसी प्रथाओं को रोकने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि इसके लिए इस वित्तीय वर्ष में कम से कम प्रत्येक प्रखंड से 200 आवेदन यानि जिले से कुल 5400 आवेदन लेना हैं, इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों आवेदन भरा लिया जाएगाद्य उन्होंने बताया कि ज़ब से यह योजना लागू हुआ तब से लेकर पूर्वी चम्पारण जिले में अबतक 74631 लोगों ने आवेदन दिया हैं जिसके विरुद्ध 71571 लाभुकों को इसका लाभ मिल सका हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर: कोटवा में सेना के शौर्य के सम्मान में भव्य तिरंगा पदयात्रा

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नबिटा संवाददाता।** भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के सम्मान में कोटवा नागरिक मंच के तत्वावधान में मंगलवार को एक भव्य तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा नवगोल चौक से शुरू होकर कोटवा बाजार और कोटवा चौक होते हुए सेंट्रल बैंक के समीप समाप्त हुई। पदयात्रा के दौरान सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और भारतीय सेना के सम्मान में जोशीले नारे लगाए। पदयात्रा में प्रकाश अस्थाना, सुधांशु रंजन, बसंत मिश्रा, अमित कुमार, शशि रंजन सहनी, राजन पांडे, रविंद्र सिंह, राजेश्वर यादव, विनोद तिवारी, हिमांशु सिंह उर्फ गोपू सिंह, राजदेव यादव, नंदू यादव, राजन दुबे, भूषण ठाकुर, राजू यादव, रंजन सिंह, संजय सिंह, मिंटू देवी, चंदा देवी, रंभा कुंवर, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# मशाल- टू खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** मशाल- टू खेलकूद प्रतियोगिता में सीआरसी स्तर पर विभिन्न खेलों में राजकीय मध्य विद्यालय, पनटोका के विजेता छात्र- छात्राओं को विद्यालय परिवार द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया। इस मौके पर ऊंची कूद, लम्बी खुद, 600 मीटर के दौड़, बॉल थ्रो, कबड्डी (बालक) में प्रथम स्थान तथा कबड्डी आदि द्वितीय स्थान प्राप्त किये छात्र-छात्राओं को बीआरसी स्तर पर भी बेहतरीन परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुनेश राम ने छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उत्साहित बच्चों से बीआरसी स्तर के साथ ही जिला स्तर पर भी आयोजित होनेवाले खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिताब हासिल करने की अपेक्षा जताई तथा कहा कि की पढाई के साथ खेलाई भी जरूरी है। जैसे बच्चों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है, उम्मीद है पढाई-लिखाई में भी मौका आने पर बेहतर परिणाम देंगे।वही, वरीय शिक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए इस जीत का असली हकदार बताया, जबकि कवि दुष्यंत की पंक्ति -कौन कहता है आसमां में सुराख नही हो सकता, एक पत्थर तो जरा तबीयत से उच्छालो यारों..उद्धरित करते हुए शिक्षक मो.सैफुल्लाह ने कहा कि कोई कार्य मुश्किल नही, जिसे बच्चे पूरा नही कर सकते। खेल प्रभारी सुभाष प्रसाद यादव ने बच्चों से पढाई और खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करके रोजी रोजगार की गारंटी सरकार से लेने का आह्वान किया। बच्चों को बारी- बारी शिक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सुभाष प्रसाद यादव, मो. सैफुल्लाह, शिक्षिका बबिता कुमारी, दीक्षा कुमारी, शिक्षा सेवक रुमन कुमारी ने भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उन्हें इस विद्यालय का उगता हुआ सूरज करार दिया। सम्मानित छात्र-छात्राओं में राज पटेल, खुशी कुमारी,निर्मला कुमारी, राजकुमार, विशाल कुमार, सुभाष कुमार, रामप्रवेश कुमार, सोनी कुमारी, संगीता कुमारी, नेहा कुमारी सहित




# मतदाता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए करें मतदान : डॉ मंतोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता अपने बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए सोच समझ कर मतदान करें। जब तक हम सभी जाति, धर्म, पांच किलो अनाज के लिए मतदान करते रहेंगे तबतक हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल नहीं होगा। उक्त बातें बिहार बदलाव संवाद सभा कार्यक्रम में जन सुरज के के नेता सह कल्याणपुर विधानसभा के संभावित उम्मीदवार डॉक्टर मंतोष साहनी ने मंगलवार को बड़हरवा कला पश्चिमी पंचायत के अमापर गांव में कही। इससे पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद चौधरी ने किया। मौके पर जन सुराज प्रखंड प्रभारी डॉ फिरोज आलम, प्रखंड अध्यक्ष डॉ के बी सिंह, यूथ क्लब संयोजक दिनेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी विनय कुमार साहनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।



# समकालीन अभियान में आठ लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)। स्थानीय थाना प्रभारी ने समकालीन अभियान के तहत एक अपराधीक छवि के एक युवक सहित अन्य आठ लोग गिरफ्तार किए गए। विगत दिनों से लखौरा बहुअरी निवासी रविंद्र सहनी के पुत्र निरज कुमार सहनी का फोटो हथियार सहित वायरल हुआ था हालांकि आठ लोगों में चैनपुर गांव निवासी पुन्य देव पटेल के पुत्र नागेंद्र पटेल को 330 पीस नेपाली कस्तुरी शराब व 50 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक एंड्रायड स्मार्टफोन, एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। श्यामपुर नौलखा पुल निवासी अजय मिली बीस पीस नेपाली शराब, बहुअरी लखौरा निवासी रूदल मियां के पुत्र फिरोज आलम, रविन्द्र सहनी के पुत्र नीरज कुमार, गम्हरिया खुर्द निवासी सुकित राम के पुत्र रमेश राम, काशी सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह,बैरिया रामगढवा निवासी छट्ठू पासवान के पुत्र राजेश पासवान, शराब सेवन के आरोप में गिरफ्तार किया गया और एनबीडब्ल्यू के वारंटी कलवारी मंझरिया निवासी जगदेव महतो के पुत्र मदन महतो को गिरफ्तार किया है।

# छूटे हुए ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को जोड़ा जा रहा जीविका समूहों से, अब तक 19202 परिवारों की भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले में जीविका परियोजना द्वारा स्वंय सहायता समूह के गठन हेतु 21 मई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में जीविका स्वंय सहायता समूह गठन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में छुटे हुए गरीब ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को जीविका समूह से जोड़ा जा रहा है जो अब तक जीविका समूह से नहीं जुड़ पाए थे। छुटे हुए गरीब ग्रामीण परिवारों की पहचान हेतु जिले में राशन कार्ड लाभार्थियों की सूची से सहयोग लिया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन मोतिहारी से भी सहयोग लिया जा रहा है। जिले के सभी 27 प्रखंडों में जीविका समूह के गठन हेतु 16 प्रखंडों में 150 सामुदायिक सेवी दल का भी सहयोग लिया जा रहा है जो गांव - गांव में घूम - घूम के महिलाओं को जीविका समूह से जोड़ रहीं है। जिले अब तक इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 1710 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है जिसमे कुल 19202 परिवार के महिलाओं को जोड़ा गया है। इन गठित समूहों में से कुल 328 समूह महादलित वर्ग समूह से हैं जिसमे 3868 महादलित परिवारों को जोड़ा गया है। इसके अलावा नगर निकाय के क्षेत्र में 79 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चूका है जिसमे 811 गरीब परिवारों को इन समूहों से जोड़ा गया हैं।



# भोजपुर में संभावित बाढ़ के मद्देनजर प्रशासन चौकस


डीएम के निर्देश पर एसडीओ ने कटाव निरोधक कार्य का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुलतानिया के निर्देशानुसार बाढ़ पूर्व तैयारी के तहत अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर द्वारा शाहपुर प्रखंड के जवाईनिया में चल रहे कटाव निरोधक कार्य तथा दामोदरपुर बांध की मरम्मति कार्य का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थलों का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा बाढ़ से पूर्व सभी एहतियाती उपायों को समय पर पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बाढ़ प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, अंचलाधिकारी शाहपुर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शाहपुर व थानाध्यक्ष बहोरनपुर मौजूद थे।

# समीक्षात्मक बैठक में मुख्य सचिव ने दिए कई निर्देश

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े स्थानीय अधिकारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को हुआ। बैठक में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खनन विभाग, उत्पाद विभाग, परिवहन विभाग, कला संस्कृति विभाग, राजस्व विभाग तथा खेल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और सभी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीडीसी गुंजन सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी, सहायक आयुक्त वाणिज्यकर विभाग, अपर समाहर्ता, सहायक आयुक्त राज्य कर, जिला खनन अधिकारी, सहायक आयुक्त उत्पाद, जिला परिवहन अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी कला संस्कृति, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# विद्युत चोरी मामले में छह पर नामजद प्राथमिकी

**मदनपुर (औरंगाबाद)।/ नबिटा संवाददाता।** विद्युत चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के फलस्वरूप छह लोगों को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया हैं जिसमें 68525 रुपया जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई मदनपुर थाना क्षेत्र के लोधीपुर गांव में की गई जिसमें छह लोगों को पकड़ा गया। इसमें बीरेंद्र यादव, विजय यादव, सत्येन्द्र यादव, विजय यादव, शुभम यादव एवं सुरेन्द्र यादव शामिल हैं। यह कार्रवाई विद्युत सहायक अभियंता शिवरतन लाल एवं कनीय विधुत अभियंता राकेश कुमार राम के नेतृत्व में की गई है। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी के खिलाफ निरंतर छापेमारी अभियान जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ न सिर्फ कार्रवाई की जाएगी, बल्कि जुर्माना भी वसूला जायेगा। इस कार्रवाई में सारणी पुरुष सुबोध कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, दिनेश कुमार यादव आदि शामिल थे। अधिकारियों ने कहा कि सभी विद्युत उपभोक्ता यह निर्धारित कर लें कि उनके यहां विभागीय मीटर के माध्यम से ही विद्युत आपूर्ति हो रही है, ऐसा नहीं होने पर कार्रवाई निश्चित है।

# विद्यालय में टोला सेवक की तबीयत खराब, रास्ते में ही तोड़ा दम

- पूर्व से शिक्षा सेवक का इलाज था जारी
- आर्थिक संकट के कारण नहीं हो पा रहा था बेहतर इलाज
- शोकसभा कर दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय जुडाही में कार्यरत टोला शिक्षा सेवक राम प्रसाद सिंह भोगता की इलाज के दौरान मौत हो गई। निधन पर एक शोक सभा टोला शिक्षा सेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित की गई। दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की। बताया जाता है कि टोला शिक्षा सेवक पिछुलिया निवासी रामप्रसाद सिंह भोक्ता को विद्यालय में अचानक पेट में दर्द उठा। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई। हालांकि पूर्व से उनका इलाज मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान बनारस में चल रहा था। गरीबी और आर्थिक संकट की वजह से बेहतर इलाज नहीं होने से उनकी मौत हो गई। शोक व्यक्त करने वालों में शिक्षा सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्रीराम रजक, प्रमंडल अध्यक्ष राम केवल रजक, मिडिया प्रभारी उदय शिकारी, श्याम देव सिंह भोगता, शिव शंकर सिंह भोक्ता, सुनील सिंह भोक्ता, सत्येंद्र सिंह भोक्ता, यदुनंदन कुमार, करम चंद रिकियासन, नागेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार सिंह भोक्ता, रामध्यान सिंह भोक्ता, बल्केश्वर सिंह भोक्ता, अरविंद कुमार, तेतर कुमार, संतोष कुमार, कृष्ण सिंह भोक्ता, राम सुरेश चौधरी, जितेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मथुरा सिंह भोक्ता, पूर्व उप प्रमुख सत्येंद्र यादव, सुडारी सिंह भोक्ता, गणेश सिंह भोक्ता सहित अन्य शामिल थे। शोक सभा पिछुलिया गांव में आयोजित किया गया।

# ऐतिहासिक होगी नरेन्द्र मोदी की विक्रमगंज रैली : प्रदेश प्रवक्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भाजपा उत्तरी मंडल कार्य समिति की बैठक मंगलवार को मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमन कुशवाहा तथा पूर्व महामंत्री रविशंकर शर्मा ने किया। मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में शामिल भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार सहित सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व




पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विक्रमगंज में रैली ऐतिहासिक होगा। जिसमें गोह विधानसभा से सबसे अधिक भीड़ रहेगी। इसके लिए गोह विधानसभा के कोने-कोने से एनडीए समर्थक रैली के प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। बैठक में गोह विधानसभा प्रभारी सुमित कुमार सिंह बिट्टू ने रोहतास के विक्रमगंज में 30 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर पहुंचने की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा किया। पूर्व जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा, जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना एवं विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की सभा ऐतिहासिक हो इसके लिए हसपुरा से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में बूथ सशक्तिकरण, बूथ विस्तार, बूथ स्तरीय बैठक, सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, आयुष्मान भारत कार्ड योजना की जानकारी लोगों तक पहुंचाने, बूथ जितने सहित कई कार्यक्रम के बारे विस्तार से रखा। सुनील शर्मा, उमेश पासवान, राधिका सोनी, धर्मेन्द्र कुमार लाला, वीरेन्द्र कुमार, सुरेश आर्य, संतोष शर्मा, निर्भय पाठक, कनिष्क कुंदन, जितेन्द्र कुमार सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, सागर कुमार सहित सभी कार्य समिति के सदस्यों ने संगठन मजबूती पर बल देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली को ऐतिहासिक बनाने पर बल दिया।

# प्रभावित लोगों को अन्यत्र बसाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने एक बयान जारी कर बताया की आरा बांध पर बसे गरीबों को उजाड़ने से पहले उन्हें कहीं और बसाने की व्यवस्था की जाये। इस संबंध में भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल आरा अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात की और उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा बांध पर सड़क निर्माण के कार्य का हम स्वागत करते हैं पर उक्त बांध पर



धरहरा से लेकर चौकीपुर तक सैकड़ों भूमिहीन गरीब परिवार बसे है जिन्हें उजाड़ने की मौखिक सूचना अंचल कार्यालय से दी गई थी। इसलिए आज गरीबों द्वारा एसडीओ से मिलकर अपनी बातें रखी गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने उजाड़ने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही है। माले नेता ने प्रभावित लोगों की सूची तैयार करने के लिए सरकारी कर्मियों को भेजने की भी अपील एसडीओ से की जिसे उन्होंने स्वीकार किया। मुलाकात करने वालों में भाकपा माले नेता व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी, पूर्व वार्ड पार्षद अखिलेश बिन्द, चंदा देवी और राजन सिंह थे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाभान्वित हुए किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड में शारदीय खरीफ महाभियान, प्रखंड कर्मशाला सह प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हुआ। उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपिका गखड़ ने किया। सरकार द्वारा किसान हित में चलाए जा रहे सभी योजना पर बीएओ कन्हैया सिंह के द्वारा किसानों को तकनीक की जानकारी दी गई साथ ही किसानों को नई तकनीकी ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवा छिड़काव के बारे में बताया गया। समय से खेत की तैयारी कर बीज को उपचार कर ही बिचड़ा डाले, साथ ही मोटे अनाज जैसे बाजरा, ज्वार बदलते जलवायु के परिवेश में रसायन




मुक्त खेती पर बल दिया गया। प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी द्वारा मशरूम की खेती, फूलों की खेती, ड्रैगन फ्रूट की खेती, पपीता, सब्जी की खेती के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर कृषि वैज्ञानिक सुनील कुमार, एडीएई राजकुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, शुभम पांडेय, संतोष कुमार संटू, जयराम प्रसाद, शैलेश सिंह गुड्डु, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, एटीएम, बीटीएम, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, पंचायतों से सम्मानित किसान व महिला किसान उपस्थित थी।

# सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी




**कोइलवर (भोजपुर)/ नबिटा संवाददाता।** बक्सर- पटना फोरलेन के कुल्हड़ियां हाईस्कूल के समीप मंगलवार की दोपहर बाइक से गिरकर एक युवक जख्मी हो गया। आनन- फानन में सुमित सिंह प्रखंड संयोजक बजरंग दल कोईलवर ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर में इलाज के लिए लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के दोघरा गांव निवासी परम पासवान के पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है।

# शिक्षा क्षेत्र में विकास के लिए नीतीश कुमार कृत संकल्पित : वीरेन्द्र सिंह

## पूर्व सांसद ने रजबरिया खुर्द में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के भवन का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के राजबरिया खुर्द में मंगलवार को नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के भवन का उद्घाटन औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरदुल कुमार पांडे और संचालन रवीन्द्र कुमार पांडे ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए कृत संकल्पित है। राज्य के सभी वर्गों का विकास ही न्याय के साथ विकास के सिद्धांत का मूल मंत्र है। शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक विकास के बिना यह संभव नहीं है। पूर्व सांसद ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व बिहार में शिक्षा की स्थिति चिंताजनक थी। एक तरफ तो प्राथमिक और मध्य



विद्यालयों की कमी थी तो दूसरी तरफ विद्यालय में शिक्षकों का घोर अभाव था। बड़ी संख्या में विद्यालय भवनहीन थे। उन्होंने कहा कि बजट का सबसे बड़ा भाग 18 प्रतिशत शिक्षा में व्यय किया जा रहा है। सरकार के शिक्षा के प्रति बहुआयामी योजनाओं के चलते बालिकाओं में शिक्षा का बढ़ावा मिला साथ ही साइकिल योजना, पोशाक योजना, प्रोत्साहन योजना से शिक्षा में गुणात्मक विकास हुआ है। इस अवसर पर जदयू के जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, जिला उपाध्यक्ष महावीर मेहता, नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, किसान नेता रामप्रवेश सिंह आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में दो महिला समेत तीन घायल

- सभी घायल एक ही परिवार के

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-गोह पथ के कर्मा हाई स्कूल के पास सड़क दुर्घटना में चंदौल गांव निवासी 25 वर्षीया रेणु कुमारी, उनकी सास 45 वर्षीया मुनिया देवी एवं ससुर 50 वर्षीय सुरेन्द्र यादव घायल हो गये। घायलों को पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ संजय यादव ने औरंगाबाद जाने के क्रम में तुरन्त निजी वाहन से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सुरेन्द्र यादव की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया गया। बता दें कि ये लोग रफीगंज से खरीदारी कर अपने गांव चंदौल मोटरसाइकिल से वापस आ रहे थे। इसी बीच कर्मा हाई स्कूल के समीप सामने से आ रहे ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे तीनों गिरकर घायल हो गए।

# अन्यायपूर्ण भूमि अधिग्रहण व भ्रष्टाचार के विरोध में भाकियू ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे हेतु चल रहे भूमि अधिग्रहण में किसानों को कम मुआवजा देने, अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं परिमार्जन प्लस जैसी प्रणाली के माध्यम से हो रही लूट के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने कुटुंबा अंचल कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता एरका निवासी भूतपूर्व कर्मचारी किसान कमला प्रसाद ने की, जबकि मंच संचालन भाकियू के कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने किया। धरने का नेतृत्व जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने करते हुए प्रशासन द्वारा बिना मुआवजा दिए कार्य शुरू करने पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि एक ही अंचल में कुछ गांवों को अधिक दर से मुआवजा मिल रहा है, जबकि भारतमाला के तहत प्रभावित किसानों को मात्र 8000 रुपये प्रति डिस्मिल दिए जा रहे हैं, यह अन्यायपूर्ण व अस्वीकार्य है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि भूमि सुधार मंत्रालय ने सात प्रकार से वर्गीकरण कर पुनर्मूल्यांकन हेतु आदेश दिए हैं लेकिन डीएम की उदासीनता के कारण किसानों को अब तक इसका लाभ नहीं मिला है। पचमो निवासी किसान रवि दुबे ने सवाल उठाया कि अधिग्रहण की अधिसूचना 2022 में हुई, भुगतान 2025 में शुरू हुआ पर दर 2012 के सर्किल रेट से तय की गई जो किसानों के साथ धोखा है। बेल बीघा के गुप्तेश्वर यादव ने कहा कि उनकी व्यवसायिक और आवासीय भूमि को भीठ मानकर बेहद कम मुआवजा दिया जा रहा है, जिससे परिवार के जीवनयापन पर संकट आ गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो आत्मदाह जैसे कदम उठाने को बाध्य होंगे। राजकुमार सिंह ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के हजारों करोड़ के कर्ज माफ कर देती है, भ्रष्ट चैनलों और भगोड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाती है पर किसानों को न्याय देने के नाम पर खामोश है। धरना में मौजूद किसान अरविंद सिंह, अनिल सिंह, भोला पांडे, गुप्तेश्वर यादव, रवि दुबे, विजेंद्र मेहता, अभिजीत सिंह (पैक्स अध्यक्ष), चंदन तिवारी, नरेंद्र राय एवं जगत सिंह ने एक स्वर में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को अवैधानिक और मनमाना करार दिया।

# एक साथ चार घरों में चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के लोहरा पंचायत के लहंगिया गांव में मंगलवार को अज्ञात चोरों द्वारा कई घरों में चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी की घटना गांव के मनोज यादव, रंजन पासवान, सुरेश यादव एवं तौकिर आलम के घटित हुई है। तौकिर आलम ने बताया कि सोमवार रात्रि में पूरे परिवार के साथ खाना खाकर सो गए थे। मंगलवार को सुबह उठे तो जानकारी मिला की घर से सूटकेस एवं अन्य समाग्री गायब है। जब छानबीन की तो 45 हजार रू0 नगद, सोने का झुमका, सोने की बाली, नथनी एवं चांदी का बाला एवं अंगूठी गायब है। वही रंजन पासवान की पत्नी नीतू कुमारी ने बताया कि सोमवार को वट सावित्री पूजा थी इस कारण पूरे जेवरात पहने हुए थे, रात्रि में सारा जेवरात खोलकर पास के छोटा बक्सा में रख दिया था लेकिन सुबह उठी तो सब गायब पाया। मनोज यादव की पत्नी चिंता देवी ने बताई की जेवरात एवं पैसे गायब हैं। वहीं सुरेश यादव ने बताया कि घर का सारा कागजात एवं जरुरत की सामग्री चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा करवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# धार्मिक कार्यक्रमों से सामाजिक समरसता को मिलता है बल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** पिरो प्रखंड अंतर्गत ग्राम बचरी में हो रहे भगवान श्री कृष्ण प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा जलभरी में जगदीशपुर राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भइया शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र में खुशहाली और उन्नति की कामना की। वहीं आयोजकों ने राजद नेता को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से गांव में आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता का माहौल कायम रहता है। उन्होंने महायज्ञ के आयोजन की सराहना की और आयोजकों को बधाई दी।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

- आरोपित के पास से 100 से ज्यादा शराब के पैक बरामद
- शराब तस्कर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज, बाइक और शराब जप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के लौहर-पैगा रोड से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को एलटीएफ ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम दिलीप शर्मा है। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी गणेश शर्मा का पुत्र है। एलटीएफ प्रभारी भोला सिंह को गुप्त सूचना मिली की पैगा रोड से अवैध शराब की खेप लगातार की जा रही है। मंगलवार सुबह छापेमारी के लिए निकल गए। जैसे ही लौहर से थोड़ी दूर आगे पैगा की ओर गए और बगीचे के समीप छुपकर खड़े हो गए। थोड़ी देर में एक बाइक पर सवार आते दिखाई दिया। उसके पीछे एक थैला था। बाइक को रुकवा कर जब तलाशी ली गई उसमें रखे 180 एमएल के 96 पीस टेट्रापैक और 750 एमएल के रॉयल स्टेज पांच बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने शराब तस्कर पर एफआईआर दर्ज कर दिया। बाइक और शराब को थाना में जप्त कर दिया गया।

# छात्राओं की बनाई कलाकृतियों को देख मंत्रमुग्ध हुए अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डॉ नेमीचंद शास्त्री कन्या उच्च विद्यालय आरा के प्रेक्षागृह में जिला स्तरीय सम्मान सह कला प्रदर्शनी मंगलवार को हुआ। उद्घाटन डीपीओ चन्दन प्रभाकर, जिला प्रभारी कस्तूरबा गांधी आरा मिथिलेश कुमार, नागेन्द्र नाथ पाण्डेय, ममता मिश्रा एवं नेमिचन्द शास्त्री कन्या उच्च विद्यालय के प्रभारी एचएम निभा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डीपीओ ने कहा कि इस तरह का रचनात्मक गतिविधि जनित आयोजन से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में एक रचनात्मक बदलाव आएगा। निश्चित रूप से कला शिक्षकों ने कड़ी मेहनत कर बच्चों के बीच



कला के उत्कृष्टता को पिरोया है। वहीं मिथिलेश कुमार ने कहा कि कला संस्कृति जीवन का हिस्सा होता है। छात्राओं ने कला के विभिन्न शैलियों शिल्पों को बड़ी बारीकी से अध्ययन किया और बनाया। मौके पर डीईओ अहसन ने कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए काफी प्रभावित हुए और छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर ललित कला से जुड़े कला का व्यापक स्वरूप देखने को मिला। मौके पर गीत संगीत की प्रस्तुति भी हुई। बेहतर स्थान प्राप्त करनेवाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

C M Y K

# जल संरक्षण और बाढ़ प्रबंधन के लिए 'वाटर एटलस' बना राज्य का महत्वपूर्ण दस्तावेज

## पूर्णिया और कोसी प्रमंडल के जिलों के लिए गजेटियर निर्माण की प्रक्रिया तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में जल संरक्षण, आर्द्रभूमि सुरक्षा और बाढ़ प्रबंधन की दिशा में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा तैयार 'गजेटियर-कम-एटलस ऑफ वाटर बॉडीज' अब एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में सामने आ रहा है। इस एटलस की उपयोगिता और विस्तार को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने जानकारी दी कि पटना और दरभंगा जिलों के गजेटियर का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, सहरसा, सुपौल और मधेपुरा जिलों के गजेटियर तैयार किए जा रहे हैं। इसके लिए इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट, नई दिल्ली से तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गजेटियर किसी जिले की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थिति को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम होता है। इसके लिए राज्य स्तर पर विषय विशेषज्ञों (इतिहास, पर्यावरण, भूगोल, पुरातत्व आदि) की एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है। जिलों में भी ऐसी समितियों के गठन का निर्देश दिया गया है, ताकि स्थानीय जानकारों, शिक्षाविदों और पत्रकारों से सूचनाएं एकत्र कर अधिक प्रमाणिक और समृद्ध दस्तावेज तैयार किए जा सकें। विभाग का लक्ष्य है कि अगले एक वर्ष के भीतर इन सातों जिलों के गजेटियरों का प्रकाशन कर दिया जाए।

**जल स्रोतों के व्यापक संरक्षण में सहायक एटलस**

हाल ही में प्रकाशित 'गजेटियर-कम-एटलस ऑफ वाटर बॉडीज' को राज्य में जल स्रोतों के वैज्ञानिक प्रबंधन का आधार बनाया गया है। यह एटलस राज्य की रामसर साइट्स – कांवर झील (बेगूसराय), नागी झील और नकटी झील (जमुई) – के संरक्षण में मददगार साबित होगा। इसके अलावा यह दस्तावेज ग्रामीण विकास, पर्यटन, जल संसाधन, पर्यावरण सहित अन्य विभागों के लिए भी बेहद उपयोगी है। जल्द ही ब्लॉक स्तर पर भी इस एटलस का मानचित्र तैयार कर जिलों को उपलब्ध कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर इसे विभागीय या जिला विशेष जानकारी के साथ अद्यतन कर संबंधित इकाइयों को दिया जाएगा।

मुख्य सचिव ने इस अवसर पर एटलस की उपयोगिता को और व्यापक बनाने के लिए कई अहम सुझाव दिए, जिन्हें जल्द ही अमल में लाकर दस्तावेज की व्यावहारिकता को और बढ़ाया जाएगा।

बैठक में विभाग के सचिव, विशेष सचिव सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, निदेशक, संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और अपर समाहर्त्ता (राजस्व) मौजूद थे।

# करंट लगने से किसान की मौत, गांव में पसरा मातम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के हरपुर गांव में 48 वर्षीय किसान रविंद्र यादव की मौत करंट लगने से हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वह अपने खेत में नीलगाय से मूंग की फसल की रखवाली करने गए थे। ग्रामीणों के अनुसार, शाम करीब 7 बजे रविंद्र यादव खेत की ओर गए थे, तभी 11000 वोल्ट क्षमता वाली हाई टेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर गिर पड़ा और वह उसकी चपेट में आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही गांव में उनकी मौत की खबर फैली, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था।घटना की सूचना मिलते ही हुलासगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि तार की हालत पहले से ही जर्जर थी, लेकिन समय पर मरम्मत नहीं की गई, जिससे यह हादसा हुआ। अब परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी कर रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में बिजली सुरक्षा की गंभीर स्थिति को उजागर कर दिया है।

# नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में युवक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने नाबालिक लड़की के अपहरण के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पूर्व में एक नाबालिक लड़की के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें बच्ची को पुलिस की टीम द्वारा बरामद भी कर लिया गया था। वहीं इस मामले के आरोपी युवक अब तक फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली की युवक अपने घर मुरला मठ आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मिलर सीखेंगे फोर्टिफाइड चावल तैयार करने की कला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने फोर्टिफाइड चावल के उत्पादन को और बेहतर बनाने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम 27 मई से 7 जुलाई 2025 तक 25 चरणों में आयोजित होगा, जिसमें बिहार के सभी जिलों के चावल मिलर हिस्सा लेंगे। इसका उद्देश्य फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता को उन्नत करना और उत्पादन प्रक्रिया में फॉर ट्रेस कार्यान्वयन एवं गुणवत्ता आश्वासन/नियंत्रण (क्यूए/क्यूसी) के मानकों को सुनिश्चित करना है।

**गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर**

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की सीनियर प्रोग्राम एसोसिएट गीताश्री फूकन के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में मिलरों को तकनीकी और गुणवत्ता संबंधी जानकारी दी जा रही है। यह पहल बिहार में पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने और फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों को पत्र जारी कर मिलरों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने और उसकी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

**विश्व खाद्य कार्यक्रम का सहयोग**

विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहयोग से चल रहे इस प्रशिक्षण का लक्ष्य फॉर ट्रेस प्रणाली के प्रभावी कार्यान्वयन, गुणवत्ता मानकों की जानकारी, तकनीकी सशक्तीकरण और उपभोक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित जागरूकता बढ़ाना है। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों से उनके सुझाव और प्रतिक्रिया भी ली जाएगी।

**क्या है फोर्टिफाइड चावल?**

फोर्टिफाइड चावल वह चावल है, जिसमें कुपोषण से लड़ने के लिए आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मानकों के अनुसार जोड़े जाते हैं। यह चावल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण जैसी योजनाओं के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरित किया जाता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल मिलरों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि बिहार में पोषण युक्त खाद्य आपूर्ति को और प्रभावी बनाने में भी मदद करेगा।

# मूंग-उड़द की खेती पर नीलगायों के आतंक का साया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**फल और दाना लगने से पहले ही मूंग के पौधों को चट कर जा रही नीलगाय**

**जहानाबाद।** जिले में गेंहू के फसल कटने के बाद तीसरे फसल के रूप में बड़े पैमाने पर किसान मूंग और उड़द की खेती पहले किया करते थे। गरमा फसल के रूप में लगभग 75 दिनों में तैयार हो जाने वाला मूंग और उड़द की खेती किसानों के लिए काफी लाभप्रद साबित भी हो रहा था यही कारण था। बताया जाता है कि हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र के गंगापुर, केऊर, बैगनी, सुरजपुर, दावथु, लाट, बैगनी, सुल्तानपुर, बलीपुर, खुदौरी, नरमा समेत दर्जनों गांव में बड़े पैमाने पर मूंग की खेती किसान करते थे लेकिन मूंग की खेती के बढ़ते रकवा के साथ-साथ नीलगायों की संख्या और उसके आतंक में भी दिनोंदिन वृद्धि होती गई। पहले किसान खेतों में पुतला लगाकर और थोड़ी बहुत रखवाली कर मूंग की फसल को नील गायों से बचा लेते थे लेकिन धीरे धीरे नीलगायों के बढ़ते कुनबे न सिर्फ इन्हे ढीठ बना दिया बल्कि अब यह दिन में ही खेतों में झुंड के झुंड आ धमकते हैं। किसान संजीव कुमार, मनोज कुमार, सरयू शर्मा बताते हैं कि पहले जहां फसलों में दाना लगने के बाद इनका प्रकोप और आतंक शुरू होता था अब ये खड़े पौधे को ही नष्ट कर देते हैं। महंगी होती सिंचाई व्यवस्था और महंगी बीजों का पैसा सब किसानों का व्यर्थ जा रहा है। लिहाजा किसान अब नीलगाय के आतंक के कारण मूंग की खेती करने से गुरेज कर रहे हैं। किसानों के आय का साधन रहे मूंग की खेती अब उनके लिए जी का जंजाल बन गया है जिससे वे अब इससे परहेज करने लग गए हैं। जिले में मूंग की खेती का रकबा घटकर अब एक चौथाई से भी कम रह गया है। फसल बीमा से अनजान किसान को नीलगायों के आतंक से बचने के लिए कोई रास्ता नहीं दिख रहा है लिहाजा मूंग की खेती से किसान अपना पीछा छुड़ाने में ही अपनी भलाई समझने लगे हैं। फल्गु नदी के किनारे हुलासगंज, मखदुमपुर और घोसी प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव में नीलगाय का प्रकोप से किसान त्रस्त हैं।

# मालवाहन परिवहन में क्रांति की शुरुआत, दाहोद में बना 9000 हॉर्सपावर का स्वदेशी इंजन

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया दाहोद लोको निर्माण केंद्र का उद्घाटन, मेक इन इंडिया को मिला नया बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/दाहोद।** भारतीय रेलवे ने माल परिवहन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक छलांग लगाते हुए 26 मई 2025 को गुजरात के दाहोद स्थित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप में 9000 हॉर्सपावर क्षमता वाले स्वदेशी इलेक्ट्रिक इंजन के निर्माण की शुरुआत की। इस लोको निर्माण केंद्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। यह परियोजना मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के सिद्धांतों को नई ऊंचाई देगी। यह इंजन भारतीय रेल का अब तक का सबसे शक्तिशाली एकल इकाई इलेक्ट्रिक इंजन है, जो 4,500 से 5,000 टन तक के भारी माल को तीव्र चढ़ाई पर भी आसानी से ढोने में सक्षम है। इससे मालवाहन क्षमता में वृद्धि, समय की बचत और लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होगा। इस इंजन में आईजीबीटी आधारित प्रणोदन तकनीक, पुनर्योज्य ब्रेकिंग, कवच सुरक्षा प्रणाली, एसी ड्राइवर केबिन, कम शोर, कैमरा निगरानी और इलेक्ट्रॉनिक लॉक वाले शौचालय जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। दाहोद वर्कशॉप की यह फैक्ट्री ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग टैग के साथ हरित ऊर्जा से संचालित होती है। यहाँ ब्रॉड गेज और निर्यात योग्य स्टैंडर्ड गेज, दोनों प्रकार के इंजन बनाए जाएंगे। 89 प्रतिशत पुर्जों का निर्माण भारत में हो रहा है, जिससे यह परियोजना पूरी तरह से स्वदेशी बन जाती है। रेलवे की यह पहल सिर्फ तकनीकी विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय रोजगार और कौशल विकास को भी बढ़ावा दे रही है। 85 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय युवाओं को मिली हैं और वर्चुअल डिजिटल मॉडल के जरिये ड्राइवरों और तकनीशियनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के 2022 में घोषित विजन को अब मूर्त रूप मिला है। यह इंजन भारतीय रेल को अधिक प्रतिस्पर्धी, टिकाऊ और वैश्विक स्तर पर तैयार बनाएगा। दाहोद अब न केवल तकनीक का केंद्र बना है, बल्कि भारत के भविष्य के मालवाहन परिवहन की नई पहचान भी बन चुका है।

# एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान, आमजनों को किया जागरूक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन बनाने की दिशा में 29 बिहार बटालियन एनसीसी के अंतर्गत एस.एम.डी. कॉलेज, पुनपुन में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक जागरूकता आधारित स्वच्छता अभियान चलाया गया। कॉलेज परिसर में आयोजित इस अभियान का नेतृत्व एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने किया। इस अभियान में कुल 50 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया और स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों को बताया कि स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। एनसीसी कैडेट्स ने साफ-सफाई करते हुए लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें और समाज को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में सहयोग करें।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन, मिथिलेश किशोर, अंडर ऑफिसर अभिषेक कुमार, अंडर ऑफिसर हर्ष राज समेत कई शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दवा दुकानों के संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी

## नियमों का करें पालन करें दवा विक्रेता, अन्यथा होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित सभी दवा दुकानों, थोक विक्रेताओं सहित निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम्स संचालकों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हें चेतावानी जारी कर बताया गया है कि औषधि नियंत्रण से जुड़े नियमों की अवहेलना करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्हें निर्देश देते हुए बताया गया है कि बिना लाईसेंस संचालित सभी दवा दुकानों को शीघ्र लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इस संबंध में बताया गया है कि संबंधित विक्रेता ओ.एन.डी.एल.एस पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। दूसरी ओर दवा विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिया गया कि एम.आर.पी. पर ही दवा विक्रय किया जाए। इसके लिए सभी खुदरा व थोक विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि दवाओं की बिक्री निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही करें। इस दौरान कड़ी चेतावनी जारी कर निर्देश दिया गया है कि खुदरा दवा दुकानों में फार्मासिस्ट की उपस्थिति आवश्यक है।नियमों के अनुसार, कोई भी खुदरा दवा दुकान बिना प्रमाणित फार्मासिस्ट की उपस्थिति के नहीं चल सकती। वहीं गोदामों का पंजीकरण अनिवार्य होगा तथा थोक दवा विक्रेताओं द्वारा संचालित किसी भी अतिरिक्त गोदाम या स्टोर के लिए पृथक से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना पंजीकरण गोदाम को अवैध मानते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। निजी अस्पतालों/नर्सिंग होम्स के लिए दवा विक्रय हेतु लाइसेंस लेना भी अनिवार्य होगा। जो भी निजी अस्पताल या नर्सिंग होम अपने परिसर में दवाओं की बिक्री करते हैं, उन्हें पृथक रूप से दवा विक्रय हेतु लाइसेंस प्राप्त करना होगा। साथ ही नशीली दवाओं पर निगरानी नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर रोकथाम हेतु सभी दवा दुकानों में सी.सी.टी.वी कैमरा लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। दवा विक्रेताओं को चेतावनी दिया गया है कि नशीली पदार्थों की बिक्री प्रतिबंधित किसी भी परिस्थिति में कोई भी विक्रेता नशीली दवाएं, सिरप, स्प्रिट आदि का अवैध रूप से विक्रय नहीं करें।

**जानकारी व सुझाव हेतु संपर्क**

दवा विक्रेताओं को बताया गया कि लाइसेंस से संबंधित किसी भी जानकारी, सहायता या सुझाव हेतु सहायक औषधि नियंत्रक, जहानाबाद से संपर्क किया जा सकता है।

# 'मसौढ़ी की सेवा एक यादगार अनुभव' : अमित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** नगर परिषद के सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में सोमवार को एक गरिमामय समारोह के दौरान निवर्तमान एसडीएम अमित कुमार पटेल का भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया साथ ही नवपदस्थापित एसडीएम अभिषेक कुमार का स्वागत पूरे सम्मान के साथ किया गया। इस मौके पर नगर क्षेत्र के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि मंच पर संबोधन के दौरान अमित पटेल भावुक हो उठे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मसौढ़ी में कार्यकाल मेरे प्रशासनिक जीवन का एक अविस्मरणीय अध्याय रहा। जब सहयोगी अधिकारी संवेदनशील, कर्मठ और सकारात्मक सोच वाले हों, तो प्रशासनिक कार्य सहज और सफल हो जाता है। श्री पटेल ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सहयोग और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। नवपदस्थापित एसडीएम अभिषेक कुमार ने भी मंच से अपने भाव साझा करते हुए कहा कि आप सबका सहयोग अपेक्षित है। प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित मेरी प्राथमिकता होगी। मवहीं कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार ने निवर्तमान एसडीएम के कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि ह्लउनका नेतृत्व प्रेरणादायक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेहद प्रभावशाली रहा।ङ्क समारोह में धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी, अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी, पुनपुन बीडीओ मानेन्द्र कुमार सिंह, अंचलाधिकारी ममता कुमारी, एडीएसओ निर्भय कुमार, एमओ वीरेन्द्र भारती, धनरूआ थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार, पिपरा थानाध्यक्ष डी.के. पाल, सीडीपीओ अर्चना कुमारी, सोनाली कुमारी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# संपत्ति विवाद में दो भाइयों के बीच खूनी संघर्ष, चार घायल, 18 नामजद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में मंगलवार को संपत्ति विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो सगे भाइयों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे दोनों पक्षों के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहले पक्ष से विनय प्रसाद ने 11 लोगों पर, जबकि दूसरे पक्ष से विनोद प्रसाद ने 7 लोगों पर केस दर्ज कराया है। विवाद की जड़ पारिवारिक संपत्ति का बंटवारा बताया जा रहा है, जिसे लेकर काफी दिनों से तनाव बना हुआ था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगों में विनय प्रसाद, उनकी पत्नी सजिया देवी, तथा विनोद प्रसाद और उनकी पत्नी शोभा देवी शामिल हैं। कादिरगंज के प्रभारी थानाध्यक्ष विद्यानंद ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी को लेकर मंगलवार को मारपीट हुई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित किया है। आगे की जांच की जा रही है।

# मसौढ़ी समेत विभिन्न थानों में लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पटना जिला प्रशासन ने लाइसेंसी हथियारों के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार को मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, पुनपुन, कादिरगंज और भगवानगंज थानों में मजिस्ट्रेट की निगरानी में यह कार्य किया गया। मसौढ़ी थाने में छह हथियारों का सत्यापन हुआ, जबकि क्षेत्र में कुल 81 लाइसेंसधारी हैं, जिन्हें सूचना दे दी गई है। पुनपुन थाना क्षेत्र में 10 हथियारों का सत्यापन किया गया, जहां कुल 34 लाइसेंसी धारक पंजीकृत हैं। वहीं, कादिरगंज थाना में 9 हथियार सत्यापित किए गए, जबकि कुल 22 लाइसेंसधारी हैं। भगवानगंज थाना क्षेत्र में भी सत्यापन का कार्य जारी रहा। सभी थानों में अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर प्रत्येक स्थल पर दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो।

पृष्ठ 1 का शेष

## टनल निर्माण कार्य पूर्ण...

होने से पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पार्किंग और अन्य सुविााओं की समुचित व्यवस्था करें। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पटना संग्रहालय एवं उसके विस्तारीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित सभागार, संग्रह भंडार, गंगा दीर्घा सहित पटना संग्रहालय के विभिन्न भागों के उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भाग बन गया है, वह अच्छा बना है और जो बचा हुआ है उसको भी बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण करें। यह पुराना संग्रहालय है। उन्होंने कहा कि यहां पर कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक प्रदर्श रखे गए हैं, उनका रखरखाव और बेहतर ढंग से हो इसलिए भवन का विस्तारीकरण किया जा रहा है।

## पीएम मोदी का पटना...

30 मई को सुबह 10 बजे शाहाबाद क्षेत्र के विक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसे ऐतिहासिक कार्यक्रम बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आम लोग हाथ में तिरंगा लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आयोजन किसी राजनीतिक बैनर के तहत नहीं बल्कि आम लोगों की ओर से होगा। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी इस दौरे में बिहार को 50 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात देंगे। इस बीच पटना में पीएम मोदी के रोड शो को लेकर भी तैयारी पूरी कर ली गई है। पीएम मोदी पटना एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक लगभग 45 मिनट का भव्य रोड शो करेंगे। यह रोड शो डुमरा चौकी, नेहरू पथ, आयकर गोलंबर होते हुए कौरचंद पटेल पथ स्थित भाजपा कार्यालय तक जाएगा। शहर में रोड शो को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पीएम मोदी के रोड शो के लिए पटना में 200 मजिस्ट्रेट और 3,000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। रोड शो के रास्ते में आने वाली ऊंची इमारतों पर स्नाइपर्स की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में किसी तरह की बाधा न आए। जिला प्रशासन और पटना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष बैठक की है। एनएसजी की टीम भी पटना पहुंचकर कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करेगी और अंतिम सुरक्षा खाका तैयार करेगी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हवाई अड्डा, कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड और आस-पास के इलाकों में क्यूआरटी, स्नाइपर्स, काउंटर-असॉल्ट टीमें, खुफिया एजेंसियां और एटीएस को तैनात किया गया है। वहीं, भारत-नेपाल सीमा पर भी गहन जांच का आदेश दिया गया है। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि रोड शो के मार्ग में बैरिकेडिंग और सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन एवं विधान पार्षद डा. संजय मयूख के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## नीतीश सरकार ने रेलवे ...

में लिखा है और तीसरी तथा चौथी अतिरिक्त रेल लाइन निर्माण की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि उत्तर बिहार के सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और दरभंगा जिलों को राजधानी पटना से जोड़ने के लिए एक उपनगरीय परिवहन नेटवर्क विकसित किया जा सकता है। इसके लिए सीवान-छपरा-हाजीपुर- मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-दरभंगा खंड पर अतिरिक्त रेल लाइनों का निर्माण आवश्यक है। सीवान-छपरा-हाजीपुर-बरौनी-कटिहार खंड में यात्रियों की संख्या अत्यधिक है लिहाजा इस खंड में तीसरी और चौथी रेल लाइन का विकास बेहद जरूरी है। मुख्य सचिव ने फतुहा और बिदुपुर के बीच रेल पुल निर्माण की भी मांग करते हुए कहा है कि फतुहा एवं बिदुपुर के बीच एक रेल पुल का निर्माण फतुहा स्टेशन के डाउन साइड में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पटना-पटना साहिब-फतुहा-बिदुपुर-हाजीपुर-सोनपुर-पाटलिपुत्र-पटना मार्ग पर पटना क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क विकसित किया जा सकता है। यह फतुहा में मेगा कोचिंग टर्मिनल और आधुनिक गुड्स शेड के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है और पटना के आसपास सैटेलाइट टाउन के विकास में भी सहायक होगा। इससे पटना के आसपास 5 सैटेलाइट टाउन सह मल्टी-मॉडल हब स्थापित करने का लक्ष्य पूरा होगा। इसके साथ ही अमृतलाल मीणा ने लिखा है कि डीडीयू-बक्सर-आरा-पटना-किउल खंड पर यात्रियों की संख्या अधिक है लिहाजा यात्री सुविधाओं को विस्तार देते हुए तीसरी और चौथी रेलवे लाइनों को शीघ्र मंजूरी की आवश्यकता है। उन्होंने पत्र के माध्यम से रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को बताया है कि डीपीआर बनाने की प्रक्रिया जारी है और राज्य सरकार की ओर से गुलजारबाग-पटना सिटी जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी भूमि अधिग्रहण के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें सार्वजनिक सुविधाओं को स्थानांतरित करना और सड़कों का विकास आदि शामिल है। मुख्य सचिव ने आरा और छपरा के बीच रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी जोर दिया है। उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में जेपी सेतु, राजेंद्र सेतु, मुंगेर घाट पुल रेल पुल के रूप में कार्यरत हैं। कहलगांव के पास एक नए रेल पुल के निर्माण की योजना है। इसके अतिरिक्त आरा और छपरा के बीच एक नया रेल पुल बनने से शाहाबाद और सारण के बीच संपर्क बढ़ेगा, जिससे उत्तर एवं दक्षिण बिहार के बीच यातायात सुगम हो सकेगा। मुख्य सचिव ने इन परियोजनाओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है और कहा है कि राज्य सरकार सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में जरूरी और हरसंभव सहायता सुनिश्चित करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक अनियंत्रित पेड़ से टकराई, तीन घायल

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के चालीस आरडी नहर के सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें बाइक पर तीन युवक सीएचसी मशरक से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिए गए। घायलों में चांद कुदरिया गांव निवासी मोहम्मद कादिर मियां का 18 वर्षीय पुत्र इम्तियाज आलम और कर्ण कुदरिया गांव निवासी स्व मंसूर आलम का 18 वर्षीय पुत्र मोहम्मद आरिफ व हरेंद्र राम का 21 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार शामिल हैं। इमरजेंसी 112 की टीम ने बताया कि इमरजेंसी फोन पर वे वहां पहुंचे और तीनों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायलों ने बताया कि डुमरसन से घर जा रहें थे कि बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

### काउंटर केस में 15 नामजद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के बारवा परसौनी में बकरी से फसल बर्बाद करने के विवाद में काउंटर केस दर्ज की गई है। जिसमें कुल 15 लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि अब्दुल्लाह गद्दी के आवेदन पर दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि दुसरे पक्ष के अशोक गद्दी के आवेदन पर पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अवैध कब्जा व बिक्री पर रोक लगाए प्रशासन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल परिसर में मंगलवार को मंदिर के जमीन हो मंदिर के नाम को लेकर सत्यदेव जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना दिया गया है। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकित कुमार तिवारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौपा है। दिए ज्ञापन में बताया है कि भु माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से मंदिर की जमीन को कब्जा किया जा रहा है और उनकी बिक्री की जा रही है। इसपर प्रशासन अबिलम्ब करवाई करते हुए रोक लगाए और अतिक्रमित मंदिर की जमीन को खाली कराए। अंकित ने मंदिर की अतिक्रमित जमीनों का जिक्र करते हुए उक्त भूमि की पैमाइश कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। अंकित ने बताया है कि मंदिर की जमीन को अतिक्रमित कर भूमाफियाओं द्वारा बेचा गया है। उन्होंने मंदिर की जमीन का सीमांकन कराते हुए अवैध रूप से कब्जा करने व बिक्री किये जमीन का सीमांकन कराने की मांग किया है। धरना के दौरान चंदन मिश्रा, पवन पांडेय,संदीप कुमार, दीपू कुमार आदि मौजूद रहे। बता दे कि अंकित द्वारा इससे पहले भी मंदिर की भूमि मंदिर के नाम हो इसके लिए आवाज उठाया है।

### 13 पंचायतों में आज लगेगा विकास शिविर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के 13 पंचायतों के दलित एवं महादलित बस्ती में बुधवार को लगने वाली विशेष विकास शिविर अब गुरुवार को लगेगा। बीडीओ सुरज कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को केहुनिया रोआरी, नौतनवा, हरदीटेढ़ा, मलदहिया पोखरिया, धूमनगर, भभटा, शेरहवा, बिनवलिया, शिकारपुर, रखही चंपापुर, भासुरारी, गोखुला एवं सुगौली पंचायत में विकास शिविर लगाया जाना था। लेकिन 26 से लेकर 28 तक सभी पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर कैम्प लगाया गया है। इसके चलते विकास शिविर को एक दिन बाद लगाने का निर्देश दिया गया है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार, जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने शराब का निर्माण एवं बिक्री को लेकर अलग अलग जगहों पर छापेमारी की है। पुलिस के इस करवाई में एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। वही अलग अलग जगहों से 14 लीटर चुलाई शराब भी बरामद किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान खिरिया मठीया गांव निवासी बादल माझी के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि सैदपुर व खिरिया मठीया में शराब बनाने व बिक्री करने की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में छापेमारी की गई है। इस करवाई में खिरिया मठीया से बादल को चार लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसे जेल भेज दिया गया है। वही सैदपुर से 10 लीटर चुलाई शराब बरामद हुआ है। हालांकि सैदपुर में कारोबारी पुलिस के पकड़ में नही आ सका है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कारोबारी की पहचान कर ली गई है।

### आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक

**बेतियां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय लालू नगर स्थित आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में की गई । जिसमें विधानसभा संगठन कमेटी को विस्तार करने का निर्णय समिति से लिया गया तथा प्रत्येक विधानसभा में बैठक द्वारा विधानसभा कमेटी को विस्तार करने की बात कही गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश चुनाव प्रभारी अजेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव 2025 लड़ने की घोषणा संयुक्त रूप से कर दी गई है । आगामी बिहार विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। वही भ्रष्टाचार मुक्त बिहार बनाने में बिहार वासियों को आगे आने की अपील की गई । बैठक में जिला संगठन मंत्री राजू वर्मा, सचिव अर्जुन सिंहा , प्रदेश युवा उपाध्यक्ष अजीत शाही, किसान अध्यक्ष शंभू यादव, संयुक्त सचिव पप्पू कुशवाहा ,सीताराम शर्मा , नंदकिशोर शर्मा, मीडिया प्रभारी संजय कुमार राव, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पाठक, अर्जुन बेदर्दी उर्फ मुस्लिम अंसारी,भूपेंद्र मिश्रा, मोहम्मद कलीमुल्लाह , मोहम्मद इरशाद, परशुराम यादव, लालेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित कई अन्य उपस्थित रहे।



### कलश यात्रा के साथ प्रतिष्ठात्मक श्री राधाकृष्ण महायज्ञ का शुभारंभ आज से



**एकमा/रसूलपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा प्रखंड के अतरसन टोले मेदु छपरा गांव स्थित नव निर्मित मंदिर परिसर में 28 मई से 5 जून 2025 तक नौ दिवसीय प्रतिष्ठात्मक श्री राधाकृष्ण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन समस्त क्षेत्रीय जनता के सामूहिक सहयोग से कराया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जनमानस में धार्मिक जागरण, आध्यात्मिक उत्थान व सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य वाराणसी से पधारे आचार्य रंजन जी महाराज होंगे। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या 8 बजे से केन बाबा जी द्वारा प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें धर्म, भक्ति व जीवन मूल्यों से जुड़े विषयों पर श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत 28 मई को जलयात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं कर्मकुटी स्थापना के साथ होगी। 29 मई को वेदी पूजन (आवाहन) तथा जलाधिवास की धार्मिक विधियां संपन्न होंगी। 30 मई को वेदी पूजन के साथ अन्नाधिवास व आरणी मंत्रण की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने आयुष्मान प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सारण के सभी पंचायतों में 26 से 30 मई तक चलेगा विशेष अभियान**



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी नागरिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़ने के उद्देश्य से 26 से 30 मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को समाहरणालय परिसर से आयुष्मान प्रचार रथ को जिलाधिकारी समीर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य के हर नागरिक को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना है। विशेष अभियान के दौरान सभी पंचायतों में शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान भारत के प्रभारी जिला समन्वयक अभिनय कुमार ने बताया कि प्रत्येक पंचायत स्तर पर समर्पित हेल्प डेस्क/काउंटर की स्थापना की जा रही है। शिविरों के आयोजन के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया गया है, जिसमें मानव संसाधन और आवश्यक संसाधनों की सूची बनाई गई है। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति का कार्ड उनकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना बनाया जाएगा। लाभार्थियों को सालाना 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। आयुष्मान ऐप और पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए भी जागरूकता फैलाई जा रही है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए पंचायत भवन, ब्लॉक ऑफिस, सीएससी केंद्र, अनुमंडल कार्यालय, जिला अस्पताल, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में डेडिकेटेड काउंटर स्थापित किए गए हैं।

**12 लाख से अधिक लाभार्थियों का बन चुका है कार्डः**

जिले में कुल 27 लाख 61 हजार 472 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है। अब तक 12 लाख 32 हजार 472 लाभार्थियों का कार्ड बन चुका है। वहीं 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 7406 वरिष्ठ नागरिकों को योजना से जोड़ा जा चुका है। अभियान में और अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खरीफ महोत्सव शिविर का किया गया आयोजन



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कृषि भवन परिसर खरीफ महोत्सव शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें खरीफ फसल की खेती पर विशेष रुप से चर्चा की गई। किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन का गुर सिखाया गया।शिविर का शुभारंभ प्रखंड कृषि पदाधिकारी अबुलैस अनवर किसान विद्या चरण शुक्ल, सुमन पाण्डेय मैनेजर यादव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर कृषि पदाधिकारी ने किसानों को अपने खेतों में रासायनिक खादों को कम मात्रा उपयोग करने की सलाह दी एवं जैविक खादों को अधिक से अधिक मात्रा में उपयोग करने की सलाह दी।मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शैलेश कुमार राय,लेखपाल अमित कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक अमलेश कुमार श्रीवास्तव, डाटा एंट्री ऑपरेटर अजय कुमार साह,कृषि समन्वयक श्वेता कुमारी एवं पूनम कुमारी सहित किसानों में नवीन कुमार सिंह,मुन्ना सिंह,भूलन राम,नागेन्द्र साह,एवं सुनिल कुमार सिंह उपस्थित थे।

### शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत, शिक्षा जगत में शोक की लहर

**मशरक/पानापुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पानापुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षक नईमुद्दीन अंसारी की सोमवार की दोपहर एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वे सिवान जिले के वसंतपुर थाना क्षेत्र के बलथरा गांव निवासी थे और उनकी उम्र लगभग 52 वर्ष बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल से छुट्टी के बाद वे बाइक से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में मुसेपुर नहर मार्ग के पास एक चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## लूट व गोलीकांड के पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी के परिजनों से मिले सांसद सिग्रीवाल

**अपराधियों व उनके संरक्षकों पर कार्रवाई की मांग**



**छपरा/एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विगत दिवस दोपहर में अज्ञात अपराधियों के द्वारा लूटपाट व गोली कांड के शिकार नगर पंचायत एकमा बाजार के मीठा बाजार महावीर स्थान के समीप संचालित राजलक्ष्मी ज्वैलर्स के संचालक स्वर्ण व्यवसायी पंकज वर्मा के परिजनों से मंगलवार की दोपहर में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल मिले। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए घटना की कड़ी निंदा की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। सांसद श्री सिग्रीवाल ने कहा कि एकमा बाजार में बढ़ते अपराध चिंताजनक हैं। उन्होंने डीआईजी सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। सांसद ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल अपराधियों को ही नहीं, बल्कि यदि उनके कोई संरक्षक हैं तो उन्हें भी चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान सांसद सिग्रीवाल पीड़ित परिवार से मिल कर वरीय पुलिस अधिकारियों से फोन कर वार्ता की। जिसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व दोषियों को सख्त सजा दिलवाई जाएगी। उन्होंने व्यवसाईयों की सुरक्षा के लिए आर्म्स लाइसेंस दिलवाने में मदद करने, बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगवाने व सोने-चांदी की दुकानों वाले इलाके सहित एकमा के अन्य मुख्य कारोबार वाले बाजारों में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती कराने की मांग भी पुलिस अधिकारियों से की है। इस अवसर पर लूट व गोली के शिकार पंकज वर्मा के पिता रवींद्र वर्मा, व्यवसायी अनिल वर्मा, श्रवण प्रसाद, मुकेश प्रसाद सोनी, भोला सोनी, कामेश्वर प्रसाद वर्मा, सुनील रस्तोगी, रवि महतो के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, हेमनारायण सिंह, गौरव सिंह किशन, अमरजीत सिंह, चितरंजन सिंह, अविनाश चंद्र उपध्याय, संजय तिवारी आदि अन्य लोग मौजूद थे।

## सीवान नगर परिषद में करोड़ों का घोटाला उजागर

### पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी राजकिशोर लाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई, मुख्य जांच आयुक्त को सौंपी गई जांच

कृष्ण मुरारी पांडेय





- वर्ष 2017-18 में नगर परिषद सीवान में सड़क चौड़ीकरण और भूमि क्रय में अनियमितता का है मामला
- घोटाले मामले में पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी राजकिशोर लाल पर अनुशासनिक कार्यवाही के लिए नियुक्त किए गए मुख्य जांच आयुक्त

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर परिषद सीवान में करोड़ों रुपये के खर्च में वित्तीय अनियमितता के आरोपों ने एक बार फिर नगर निकायों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2017-18 में स्वीकृत सड़क चौड़ीकरण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत करीब 5 करोड़ रुपये से अधिक की गड़बड़ी सामने आई है। इस गंभीर मामले में तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी राजकिशोर लाल पर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**सड़क चौड़ीकरण और भूमि खरीद में भारी घोटाले के आरोप**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजकिशोर लाल के कार्यकाल के दौरान सीवान-छपरा रोड पर अस्पताल मोड़ से तरवारा मोड़ तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाने हेतु 49.91 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई थी। साथ ही, कूड़ा निस्तारण/ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के लिए भूमि खरीद में चार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई। इन दोनों कार्यों में गंभीर वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आए हैं।

**राज्य मंत्री की शिकायत बनी जांच की नींव**

पूर्व राज्य मंत्री विक्रम कुंवर सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जिला पदाधिकारी, सीवान को एक विस्तृत परिवाद पत्र सौंपा था। यह शिकायत बाद में नगर विकास एवं आवास विभाग के संज्ञान में लाई गई। विभाग ने 4 अगस्त 2022 को साक्ष्य सहित आरोप पत्र सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा।

**राजकिशोर लाल का जवाब नहीं मिला संतोषजनक, विभाग ने किया 'अस्वीकार्य'**

राजकिशोर लाल से विभाग द्वारा जवाब मांगा गया, लेकिन उनके द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। विभाग ने इसे "अस्वीकार्य" मानते हुए 15 अप्रैल 2025 को उनसे लिखित बचाव बयान की मांग की, जो नियत समय पर सौंपा गया।

**अनुशासनिक प्राधिकार की सख्ती, जांच की प्रक्रिया शुरू**

समीक्षा के बाद अनुशासनिक प्राधिकार ने यह स्पष्ट रूप से माना कि यह मामला साधारण प्रशासनिक त्रुटि का नहीं, बल्कि गंभीर वित्तीय अनियमितता का है। अतः बिहार सरकारी सेवक नियमावली 2005 के नियम-17(2) के तहत राजकिशोर लाल के खिलाफ विस्तृत अनुशासनिक जांच शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु मुख्य जांच आयुक्त, बिहार, पटना को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**भ्रष्टाचार पर सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति**

मालूम हो कि बिहार सरकार का अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कहना है कि भ्रष्टाचार और वित्तीय गड़बड़ी के मामलों में अब किसी को भी रियायत नहीं दी जाएगी। राजकिशोर लाल के खिलाफ की गई कार्रवाई इसी नीति के अंतर्गत मानी जा रही है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि मुख्य जांच आयुक्त की रिपोर्ट में क्या तथ्य उजागर होते हैं और आगे क्या सख्त कदम उठाए जाते हैं।

**क्या कहते हैं जानकार?**

स्थानीय प्रशासनिक मामलों के जानकारों का कहना है कि यह कार्रवाई एक नजीर बन सकती है, जो अन्य निकाय अधिकारियों को भी सतर्क करने का काम करेगी। यदि दोष सिद्ध होता है, तो यह कार्रवाई राज्य सेवा से बर्खास्तगी तक पहुंच सकती है।

**जनता में आक्रोश, पारदर्शिता की मांग**

घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। नागरिक संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं ने मामले की तेजी से जांच करने और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका कहना है कि जनता के पैसों का दुरुपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल, सबकी निगाहें इस उच्चस्तरीय जांच पर टिकी हैं, जो न केवल राजकिशोर लाल के भविष्य का निर्धारण करेगी, बल्कि सीवान नगर परिषद की साख और कार्यशैली पर भी असर डालेगी।

## स्वच्छ, हरित और सुंदर बेतिया पर रहेगा जोर : लक्ष्मण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम के नए नगर आयुक्त के पद पर आईएएस अधिकारी लक्ष्मण तिवारी ने मंगलवार को योगदान कर लिया। उन्होंने पूर्व के नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह से प्रभार ग्रहण किया। नए नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी 2021 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे छपरा में एसडीएम के पद पर तैनात थे। बेतिया में उनकी नगर आयुक्त के पद पर पोस्टिंग है। युवा आईएएस अधिकारी श्री तिवारी बेतिया नगर निगम क्षेत्र की तस्वीर बदलना चाहते हैं। वे स्वच्छ, हरित और सुंदर बेतिया बनाने पर जोर देते हुए कहते हैं कि साफ सफाई से लेकर जन सरोकार से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकताएं होंगी। पूरा नगर निगम क्षेत्र जल जमाव मुक्त हो, इसके लिए बरसात पूर्व जल निकासी पर जोर रहेगा। तमाम निगम क्षेत्र की नालों की सफाई समय से पूरी कर ली जाएगी। निगम की तमाम जनकल्याणकारी और विकास योजनाएं समय से धरातल पर लागू हो और सभी योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता हो, इस पर उनकी विशेष नजर रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वह शहर को स्वच्छ, हरित और सुंदर बनाने में नगर प्रशासन को सहयोग दें, खुद जहां रहते हैं, उसको स्वच्छ रखें और घरों के आसपास कचरा हो, तो नगर निगम के नियंत्रण कक्ष में शिकायत दर्ज करायें।

### हत्या मामले में पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक रणधीर सिंह

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जलालपुर प्रखंड के भटकेसरी गांव में आठ वर्षीया बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या की दिल दहला देने वाली घटना के बाद सोमवार को पूर्व विधायक व जदयू नेता रणधीर सिंह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर दुःख साझा किया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि यह घटना अत्यंत ही जघन्य और मानवता को शर्मसार करने वाली है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सभी आरोपियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा देने की मांग की। रणधीर सिंह ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में वे और उनकी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।



## सांसद सिग्रीवाल ने मशरक में बीस सूत्री कार्यालय का किया उद्घाटन



**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में बीस सूत्री के कार्यालय का फीता काट महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, जदयू युवा के उपाध्यक्ष रितुराज सिंह ने उद्घाटन किया। मौके पर बीस सूत्री के अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता और उपाध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह समेत सभी सदस्य उपस्थित रहे। वही बीडीओ पंकज कुमार और सीओ सुमंत कुमार ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू,लोजपा संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह,डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, सरपंच संघ अध्यक्ष अजय कुमार सिंह,प्रशांत कुमार सिंह, वार्ड पार्षद चंद्रप्रकाश, दिनेश कुमार, राकेश महंथ समेत कई अन्य मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अब हर घर तक पहुंच चुकी हैं। सड़क, बिजली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि विकास की किरण हर तबके तक पहुंची है। अब ऐसा कोई घर नहीं बचा, जहां सरकार की किसी योजना का लाभ न मिला हो। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

# नेहरू के विजन ने रखी आधुनिक भारत की नींव

**61वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि नेताओं ने गिनाई नेहरू की उपलब्धियां**






**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने पंडित नेहरू के योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**देश को आगे ले जाने का था विजन**

पूर्व जिलाध्यक्ष शिवधारी दुबे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित नेहरू के पास देश को आगे ले जाने का स्पष्ट विजन था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्होंने लंबा समय जेल में बिताया और वहीं से अपनी बेटी इंदिरा गांधी को जो पत्र लिखे, वे आज भी प्रेरणास्रोत हैं। इन पत्रों में मानव सभ्यता, विज्ञान और समाज जैसे विषयों पर उनके विचार दर्ज हैं।

**आधुनिक भारत की रखी मजबूत नींव**

पूर्व अध्यक्ष डॉ. विधु शेखर पाण्डेय ने कहा कि नेहरू ने स्वतंत्र भारत की बुनियाद को वैज्ञानिक सोच और सामाजिक समानता पर आधारित किया, जो देश को हर चुनौती से लड़ने के लिए तैयार करती है। कांग्रेस नेता मेराज अहमद ने कहा कि नेहरू के नेतृत्व में भारत ने गुट निरपेक्ष आंदोलन की अगुआई की। आज जब अमेरिका जैसे देश भारत के आंतरिक मामलों में दखल देते हैं, तब नेहरू की दूरदर्शिता की याद आती है।

**नेहरू के विचारों से चिढ़ती है वर्तमान सत्ताः हाफिज जुबैर**

नेता हाफिज जुबैर ने कहा कि वर्तमान सत्ता को नेहरू की सोच से चिढ़ इसलिए है क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक संसाधनों के राष्ट्रीयकरण का पक्ष लिया था, जबकि आज की सरकार इन्हें चंद हाथों में सौंप देना चाहती है।

**कार्यक्रम में कई नेता रहे मौजूद**

इस मौके पर कांग्रेस नेता बृज किशोर सिंह, पूनम सिंह, कमलेश सिंह बच्चू, इन्दु देवी, भाग्य भारती, अलाउद्दीन अहमद, शाश्वत शेखर, इमाम सफर, कलावती देवी, अहमद नवाज, मेहरूनिस्सा, राजा राम और पुष्पा कुमारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### घटिया चावल आपूर्ति पर विभाग सख्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिलरों और पैक्स अध्यक्षों के द्वारा घटिया चावल बिहार राज खाद्य निगम को आपूर्ति करने की शिकायत पर विभाग ने 1740 क्विंटल चावल चेतावनी देकर वापस कर दिया है। जिससे घटिया चावल आपूर्ति करने वाले मिलों में हड़कंप मच गया है। पिछले साल घटिया चावल की आपूर्ति एजीएम की मिलीभगत से करा दी गई थी। जिसमें विभाग की काफी किरकिरी हुई थी। बिहार राज खाद्य निगम के जिला प्रबंधक सुमित कुमार ने बताया कि घटिया चावल की आपूर्ति करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने सभी 16 मिलरों को कड़ी चेतावनी दी है कि समिति के द्वारा धान उपलब्ध कराने के 24 घंटे के अंदर सीएमआर चावल की आपूर्ति हो जानी चाहिए।

## एफपीओ के माध्यम से किसानों के उत्पाद को मिलेगा बाजार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार के 10 केएफपीओ परियोजना के अन्तर्गत जिले में स्थापित 14 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के द्वारा किसानों द्वारा उत्पादित सामानों का बाजार मिलेगा। चनपटिया प्रखंड के कुडवा मठिया पंचायत में किसानों के समूह के द्वारा मरचा चीउडा इकाई का गठन किया जाएगा। ताकि जियो टैग के बाद वैश्विक मार्केट में बढ़ती मांग को देखते हुए बड़े पैमाने पर मरचा धान का उत्पादन किया जा सके। कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी प्रखंडों में किसान उत्पादक संगठन का गठन किया गया है। जहां किसानों के समूह के द्वारा वहां के उत्पादित सामानों का पैकेजिंग और मार्केटिंग किया जाएगा।ताकि किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल सकें। बैठक में ज्यादा से ज्यादा किसानों को संगठन से जोड़ने का निर्देश दिया गया। ताकि उनके उत्पादों का ब्रांडिंग की जा सके। प्रबंध निदेशक अजय कुमार भारती ने बताया कि किसान उत्पादक संगठन पैक्सो की तरह कार्य करेगी। जहां किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक, उन्नत प्रजाति की बीज, उनके उत्पादों का समर्थन मूल्य आदि दिलाने का कार्य करेगी।

# दो बाइक की टक्कर में अधेड़ की मौत, दो जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार ईट भट्ठा के मुंशी की मौत हो गई। जबकि दो युवक जख्मी हो गया। घटना देव थाना क्षेत्र के देव-मदनपुर सड़क पर पैक्स गोदाम के समीप नहर की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बरई बिगहा निवासी 50 वर्षीय प्रहलाद प्रसाद चौरसिया उर्फ भोला चौरसिया के रूप में की गई हैं। वहीं जख्मी युवक की पहचान देव थाना क्षेत्र के बाबू बिगहा निवासी 22 वर्षीय दिनेश कुमार एवं मदनपुर थाना क्षेत्र के बंगला पर निवासी राजेश निराला के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक ईट भट्टे पर मुंशी का कार्य करते थे। प्रतिदिन की तरह वह अपने काम के बाद सोमवार की शाम बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में उस जगह विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से टकरा गए जिसमें प्रहलाद प्रसाद चौरसिया की मौत हो गई जबकि दो अन्य बाइक सवार जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मियों को इलाज के




लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, तो गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक के तीन बच्चे हैं। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि दो बाइक की टक्कर में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि दो जख्मी हैं, जिनका इलाज चल रहा है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं इस संदर्भ में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## विभिन्न अपराधों में 19 गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 19 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## क्षत-विक्षत अवस्था में मिला अज्ञात युवक का शव

**बारुन (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत सोननगर रेलवे ओवरब्रिज के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। शव की हालत इतनी खराब है कि उसकी पहचान कर पाना भी मुश्किल हो रहा है। घटनास्थल पर रेलवे ट्रैक के आसपास शव के टुकड़े बिखरे पड़े मिले, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत ट्रेन से कटने की वजह से हुई होगी। थानाध्यक्ष रामइकबाल यादव ने बताया कि शव रेलवे पोल संख्या 550/18इ और 550/20 के बीच पाया गया है। शव के हाथ और पैर शरीर से अलग हो चुके हैं और चेहरा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त है, जिससे उसकी पहचान तत्काल नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और शिनाख्त की कोशिशें की जा रही हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रेन से गिरने या कटने का प्रतीत होता है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने शव को थाना परिसर में सुरक्षित रखा है और आमजन से अनुरोध किया है कि यदि कोई अपने परिजन के लापता होने की सूचना दे तो आकर शव की शिनाख्त करें।

# प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा रचेगी इतिहास : राजू गुप्ता

## पीएम की सभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे भाजपा नेता

- **वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, 30 मई की जनसभा इतिहास रचेगी साथ ही यह दिन बिक्रमगंज की धरती के लिए एक स्वर्णित अवसर के रूप में दर्ज होगा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डालमियानगर (रोहतास)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मई को बिक्रमगंज में प्रस्तावित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। वे अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शाहाबाद क्षेत्र के अनेक गांवों में लगातार जनसंपर्क कर लोगों से सभा में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। राजू गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री की सभा में आम जनता की भारी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 500 छोटी गाड़ियां और 100 बसों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने दावा किया कि हजारों की संख्या में लोग इस ऐतिहासिक अवसर पर शामिल होंगे और प्रधानमंत्री की बातों को सुनने के लिए बेचैन हैं। जनसंपर्क अभियान में उनके साथ विनय गुप्ता, मुन्ना पांडेय, शशिकांत गुप्ता, रामू साह, सोनू अग्रवाल, विक्की केसरी, राहुल रजक, लवकुश रजक समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं और केंद्र सरकार



की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। राजू गुप्ता ने कहा कि यह सभा केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि विकास, आत्मनिर्भरता और विश्वास का उत्सव है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा बिक्रमगंज से 48 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जाना शाहाबाद और समस्त बिहार के लिए गौरव का क्षण है। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को लोगों का भरपूर समर्थन और उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। राजू गुप्ता ने विश्वास जताया कि 30 मई की जनसभा इतिहास रचेगी और यह दिन बिक्रमगंज की धरती के लिए एक स्वर्णिम अवसर के रूप में दर्ज होगा।


## पूर्व मध्य रेल

### खुली ई-निविदा सूचना

**ई–निविदा सूचना सं.–सोनपुर2025–26(45–47)**

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा' आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 16.06.2025 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है। **45. कार्य का नाम:** हाजीपुर–गोल्डिनगंज सेक्शन में प्रत्येक तरफ आरयूबी संख्या 76, 78डी, 3, 30, 31, 34, 35 और 37 पर 16 गैर मानक ऊंचाई गेज का प्रावधान **2. अनुमानित लागत (रू में):** 73,03,450.87 **3. बयाने की राशि (रू में):** 1,46,100.00 **46. कार्य का नाम:** (1) सोनपुर–छपरा कचहरी सेक्शन: सोनपुर छपरा कचहरी सेक्शन के बीच मौजूदा लेवल क्रॉसिंग संख्या 7, 9, 10, 10ए, 10बी, 10ई, 10जी, 10एच, 10के, 18 (केवल 5 एलएचएस) के स्थान पर बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा आरयूबी/सीमित ऊंचाई वाले सबवे का प्रावधान। (2) सोनपुर–छपरा कचहरी सेक्शन के बीच प्रस्तावित 3एलएचएस (10जी, 10एच और 9सी) पर पहुंच मार्ग रिटेनिंग वॉल और ड्रेनिंग व्यवस्था आदि के लिए शेष कार्य। (3) सोनपुर–छपरा कचहरी सेक्शन के बीच प्रस्तावित 4एलएचएस (10बी, 10सी, 10ई और 18सी) पर पहुंच मार्ग रिटेनिंग वॉल और ड्रेनिंग व्यवस्था आदि के लिए शेष कार्य। **2. अनुमानित लागत (रु में):** 23,57,46,181.35 **3. बयाने की राशि (रु में):** 13,28,700.00 **47. कार्य का नाम:** हाजीपुर एवं शाहपुर पटोरी में आरपीएफ बैरक तथा दिघवारा एवं शाहपुर पटोरी में सेवा भवनों का सुधार। **2. अनुमानित लागत (रु में):** 3,28,74,309.2 **3. बयाने की राशि (रु में):** 3,14,400.00 उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मंडल रेल प्रबंधक(इंजी0)
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से

पीआर/0314/एसईई/टी/25–26


# स्टार्टअप जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में सोमवार को महाविद्यालय स्टार्टअप सेल के तत्वावधान में आत्मनिर्भरता और नवाचार पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को आइडिया विकसित करने, स्टार्टअप की प्रक्रिया और व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के स्टार्टअप को-ऑर्डिनेटर बहादुर कुमार सिंह के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे सबसे पहले कॉलेज के स्टार्टअप व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ें और अपने विचार लिखकर प्रस्तुत करें, ताकि विशेषज्ञों के साथ उन पर गहन विमर्श कर उन्हें आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज अरथूआ के स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्टार्टअप की प्रक्रिया, योजना, फंडिंग और सरकारी सहयोग की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को विचारों को व्यावसायिक रूप देने की दिशा में मार्गदर्शन दिया। उद्योग विभाग से विकास कुमार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं की भागीदारी और संभावनाओं पर चर्चा की, वहीं सीतयोग संस्थान के स्टार्टअप को-ऑर्डिनेटर डॉ. शंभू कुमार ने अपने छात्रों के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर अनुभव साझा किया और स्टार्टअप की सफलता के लिए आवश्यक मूलभूत बातों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कई विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच और नवाचार की दिशा में रुचि दिखाई। इस पहल को शिक्षकों और अतिथियों ने सराहा और उम्मीद जताई कि इससे छात्रों में स्वरोजगार के प्रति चेतना जागेगी तथा वे आने वाले समय में रोजगार देने वाले बन सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना, उद्यमिता का महत्व समझाना और स्थानीय स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करना था, जिसमें आयोजक पूर्णतः सफल रहे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने के तीन आरोपितों को जेल




- **बीते 21 फरवरी को ट्रेन पर पथराव की हुई थी घटना**

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज रेलवे पुलिस ने बनारस रांची वंदे भारत एक्सप्रेस में हुई पत्थरबाजी की घटना को लेकर गया जिला के चंदौती थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी गणेश यादव के 18 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार, विकास दास के 18 वर्ष के पुत्र मुन्ना कुमार एवं अरविंद कुमार के 18 वर्षीय पुत्र नितिन राज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में रफीगंज रेलवे इंस्पेक्टर राम सुमेर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 21 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय- गया रेलखंड के काष्ठा एवं पश्चिम केबिन के मध्य पोल संख्या 475/26 के समीप 20888 डाउन बनारस- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस में हुई पत्थरबाजी की घटना में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एवं जांच पड़ताल उपरांत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस छापेमारी दल में इंदल कुमार मंडल, राधेश्याम यादव, प्रमोद कुमार, नरेंद्र कुमार, जोगेंद्र कुमार सहित अन्य रेल सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

